रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 31 मई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-278 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### अनवर, त्रिपाठी, अरविंद और ढिल्लन फिर भेजे गए 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल



**रायपुर।** शराब घोटाले के आरोपी अनवर ढेबर, एपी त्रिपाठी, अरविंद सिंह और त्रिलोक सिंह ढिल्लन को विशेष कोर्ट में पेश किया गया। जहां सुनवाई के बाद चारों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। अब इस मामले में यूपी पुलिस की एंट्री हो गई है। नकली होलोग्राम बनाने को लेकर नोएडा में इन सभी पर एफआईआर दर्ज है जिसको लेकर लखनऊ एसटीएफ की टीम गुरुवार को रायपुर पहुंची और इन्हें अपने साथ लेकर जाएगी।

### एसीबी ने रिश्वतखोर जूनियर पासपोर्ट असिस्टेंट ऑफिसर को रंगे हाथों रिश्वत लेते पकड़ा



**सरगुजा।** अंबिकापुर के पासपोर्ट ऑफिस में भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई की है। एसीबी की टीम ने एक जूनियर पासपोर्ट असिस्टेंट ऑफिसर को 8 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी ऑफिसर का नाम संकट मोचन राय है। आरोपी को एसीबी ने पूछताछ करने के लिए अपने कस्टडी में ले लिया है। इस संबंध में पीड़ित इसरार अंसारी निवासी दोलंगी ब्लाक रामचंद्रपुर जिला बलरामपुर ने बताया कि पासपोर्ट वेरिफिकेशन के लिए वे एक महीने से अंबिकापुर के प्रधान डाकघर स्थिति पासपोर्ट ऑफिस में आ रहा था। लेकिन पासपोर्ट ऑफिस के जूनियर पासपोर्ट असिस्टेंट ऑफिसर संकट मोचन राय उन्होंने कुछ ना कुछ त्रुटि बता कर एक महीने से पासपोर्ट ऑफिस का चक्कर कटवा रहा था।

### केजरीवाल की जमानत याचिका पर विशेष अदालत ने ईडी से किया जवाब तलब



**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले में आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत और मेडिकल आधार पर सात दिन की अंतरिम जमानत याचिकाओं पर यहां की एक विशेष अदालत ने केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ईडी को गुरुवार को जबाव तलब किया। राउज एवेन्यू स्थित ईडी और केंद्रीय जांच ब्यूरो मामलों से संबंधित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद ईडी को अपना पक्ष रखने की अनुमति दी और कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई एक जून को अपराह्न दो बजे करेगी।

# जम्मू में बस खाई में गिरी 21 तीर्थयात्रियों की मौत, 52 घायल

वार्ता < जम्मू-कश्मीर
www.dailypioneer.com



जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में शिव खोरी दर्शन के लिए तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही एक बस गुरुवार को शहर के बाहरी इलाके अखनूर में कालीधार के पास गहरी खाई में गिर गयी, जिससे 21 लोगों की मौत हो गयी और 52 अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि उत्तर प्रदेश पंजीकरण संख्या वाली एक बस जम्मू से शिव खोरी तीर्थस्थल की ओर जा रही थी। यह जम्मू-पुंछ राष्ट्रीय राजमार्ग पर चौकी चौरा-कालीधार के पास अखनूर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। उन्होंने बताया कि चालक मोड़ पर वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और बस खाई में लुढ़क गयी। सूचना मिलते ही पुलिस, स्थानीय लोग और स्वास्थ्य विभाग की टीम तुरंत हरकत में आयी और मौके पर पहुंचकर बचाव अभियान शुरू कर दिया। सूत्रों ने बताया कि शुरुआती जानकारी के अनुसार, 21 लोगों की मौत हो गयी है और 52 लोग घायल हुए हैं। घायलों को अखनूर, चौकी चौरा और जम्मू जीएमसी अस्पतालों में भेजा जा गया है। इस बीच, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने इस हादसे में लोगों की मौत पर दुख जताया है। उन्होंने शोक संदेश में कहा, अखनूर में हुई बस दुर्घटना हृदय विदारक है। मैं लोगों की मौत पर शोक व्यक्त करता हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वे शोक संतप्त परिवारों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। उन्होंने कहा कि प्रशासन शोक संतप्त परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है और घायलों को चिकित्सा सुविधाएं भी प्रदान कर रहा है।

# सोसर के लिए इस साल एक रुपया भी नहीं हुआ जारी, तड़प रहे बेज़ुबान वन्यप्राणी

## वाइल्ड लाइफ का पूरा सिस्टम चौपट, वन्यजीवों को पानी तक उपलब्ध नहीं करा पा रहा विभाग

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



फोटो : सत्यप्रकाश पाण्डेय

**क्या होता है सोसर :** सोसर द्वारा वन्यप्राणियों को उद्यानों एवं टाइगर रिजर्व के साथ वन क्षेत्रों में पानी उपलब्ध कराया जाता है। छतीसगढ़ में यह बहुत ही आवाश्यक माना जाता है। इसके लिए प्रत्येक अभ्यारण, राष्ट्रीय उद्यानों और टाइगर रिजर्व में ट्रैक्टर एवं टैंकर होना चाहिए। ताकि अस्थाई सोसरों में पानी डाला जा सके। प्रत्येक 5 से 8 किलोमीटर की दूरी पर जहां स्थायी जलछिद्र नहीं हैं वहां पर लगभग 3 से 4 मीटर का गोलाकर पक्का सोसर बनाने चाहिए। जिसकी उंचाई लगभग 1.5 से 2 फिट हो। एक बार सोसर बना देने से यह कई साल तक चलता है। टैंकरो के माध्यम से प्रत्येक 2 दिन में इसे भरा जाना चाहिए। गर्मी के दिनों में सोसर का पानी वन्यजीवों के लिए वरदान साबित होता है। लेकिन दुरभाग्य है कि इस साल भीषण गर्मी के बावजूद विभाग द्वारा सोसर के लिए कोई बजट नहीं जारी किया गया है।

राज्य के कई हिस्सों से पानी की कमी डिहाइड्रेसन की वजह से बेजुवान वन्यप्राणियों की मौत की खबर इन दिनों मीडिया की सुर्खियां बनी हुई हैं। समाचार पत्रों में जलाशय, तालाबों के सूखने की खबरें भी अटी पड़ी हुई हैं। पारा 46-48 डिग्री पहुंच चुका है, इससे भी हम और आप बेखबर नहीं। लेकिन राज्य का वाइल्ड लाइफ सिस्टम इन तामाम खबरों से बेखबर है। वन्य जीवों की चारों ओर अकाल मौत हो रही है, लेकिन विभाग उदासीन दिख रहा है। जानवर जंगलों से निकलकर पानी और खाने की तालास में गावों की ओर भागने को मजबूर हैं। जिन वन्यजीवों के लिए राज्य में इतना बड़ा वाइल्ड लाइफ विंग बना हुआ है, इसके लिए पीसीसीएफ से लेकर हर स्तर पर अधिकारी तैनात हैं। वन्यजीवों के लिए लाखों करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। उन्हीं जानवरों को पानी के लिए (सोसर हेतु) इस साल एक रुपये का बजट एलाट नहीं किया गया, इस पर तो सवाल उठेगा ही। मनुष्य तो पानी मांग कर पी सकता है, जानवर किससे मांगेगे? आखिर इनकी रक्षा कौन करेगा? हद तो तब हो गई, जब यह जानकारी सामने आई कि इस साल भीषण गर्मी के बावजूद विभाग द्वारा सोसर के लिए कोई भी बजट जारी नहीं किया गया है।

### बेमेतरा बारूद फैक्ट्री हादसे पर पुलिस ने दर्ज किया एफआईआर

**बेमेतरा।** बेमेतरा बारूद फैक्ट्री में ब्लास्ट मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है। कंपनी के पदाधिकारी अवधेश जैन और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। कंडरका चौकी में शासन की ओर से उप निरीक्षक मयंक मिश्रा की शिकायत पर सामग्री के रख-रखाव में चूक और सुरक्षा मानकों में कमी को लेकर अपराध पंजीबद्ध किया गया है। मामले में धारा 286, 304, 337 भादंसं के अलावा विस्फोटक अधिनियम 1884 के 9बी, 9सी के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### भीषण गर्मी में रखे अपना ख्याल : सीएम साय



**रायपुर।** प्रदेश में भीषण गर्मी और गर्म हवाओं के थपेड़ों को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने लोगों से सावधानी बरतने और इससे बचने का आग्रह किया है। उन्होंने लोगों से खुद का और परिजनों का ख्याल रखने की बात कही है। साय ने कहा विगत कुछ दिनों से प्रदेश में तापमान में भारी वृद्धि हुई है। झुलसाने वाली गर्म हवाओं के थपेड़े चल रहे हैं। जिसके चलते गर्मी और लू से बचाव के लिए आवश्यक सावधानी बरतें। आप सभी से मेरा आग्रह है कि सुरक्षित रहें, सतर्क रहें, अपना और अपने बच्चों का ख्याल रखें।

### नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रही विष्णुदेव सरकार : विजय शर्मा



**रायपुर।** उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास के लिए प्रदेश की विष्णुदेव सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। पिछले 5 वर्षों में कांग्रेस शासन में सड़कों का निर्माण रुका पड़ा था। हमारी सरकार बनी तो मात्र 4 माह के अल्प समय में हमने नक्सल प्रभावित क्षेत्र के 11 सड़कों का निर्माण पूर्ण कर लिया है। उल्लेखनीय है कि उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा गृह मंत्री और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री भी हैं, और पहली बार इन विभागों की समन्वित रणनीतिक कार्यशैली नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़कों के निर्माण कार्य को तेज गति से आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रही है।

### मोदी ने कहा चुनावों में भाजपा की जीत की हैट्रिक लगेगी, कांग्रेस-आप भ्रष्ट हैं

वार्ता < होशियारपुर/पंजाब
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोक सभा चुनाव में सत्तारुढ गबंधन की पुनः जीत का विश्वास जताते हुए भारतीय जनता पार्टी संविधान और भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर तीखा प्रहार किया। मोदी ने कहा कि जिन लोगों ने आपातकाल में संविधान का गला घोटा था और जिन लोगों ने 1984 में सिख विरोधी दंगे कराए थे, वे संविधान की रक्षा की रट लगा रहे हैं। प्रधानमंत्री यहां भाजपा द्वारा आयोजित चुनाव रैली 'फतह' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दावा किया लोक सभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन की जीत की हैट्रिक (लगातार तीसरी जीत) लगाने जा रही है। मोदी ने कहा, देश में आकांक्षाएं नई हैं, देश में उम्मीदें नई हैं, देश में आत्मविश्वास नया है। दशकों बाद ऐसा समय आया है, पूर्ण बहुमत वाली केंद्र सरकार हैट्रिक लगाने जा रही है। इसकी सबसे बड़ी वजह है 'विकसित भारत' का सपना उन्होंने कहा कि हर भारतीय 'विकसित भारत' के सपने के साथ एकरूप हो गया है और इसलिए हर देशवासी उनकी सरकार को आशीर्वाद दे रहा है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को भ्रष्टाचार की जननी और आम आदमी पार्टी को भ्रष्टाचार की उपज बताया।

### मनमोहन सिंह ने पंजाब के लोगों को पत्र लिखकर किया भाजपा को वोट न देने की अपील

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने आखिरी चरण के मतदान से पहले पंजाब के मतदाताओं के नाम पत्र लिखा और कहा कि मोदी सरकार ने पंजाब, पंजाबियत और वहां के लोगों का अपमान किया है। डॉ. सिंह ने कहा कि प्रदेश की खुशहाली के लिए जरूरी है कि भाजपा को वोट नहीं दिया जाये। जाने-माने अर्थशास्त्री डॉ. सिंह ने पत्र में कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने अर्थव्यवस्था को बहुत नुकसान पहुंचाया है और अपने हक़ की लड़ाई लड़ रहे किसानों के साथ अन्याय किया है। केंद्र सरकार तक अपनी बात पहुंचाने के लिए आंदोलन करते हुए ये किसान दिल्ली की तरफ बढ़े तो उन्हें सीमा पर रोक दिया जिसके कारण 750 से ज्यादा किसान शहीद हो गए जिनमें करीब 500 किसान पंजाब के थे। इसे पंजाबी, पंजाबीयत तथा पंजाब के लोगों का अपमान बताते हुए उन्होंने कहा कि इन स्थितियों को देखते हुए भाजपा को सत्ता के लिए वोट नहीं करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर चुनाव के दौरान नफरत भरे भाषण देने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, 'वह पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने प्रधानमंत्री पद की गरिमा कम की है। उन्होंने मुझे भी कुछ मुद्दों पर गलत बयानी करने के लिए जिम्मेदार ठहराया। मैंने अपने जीवन में कभी भी एक समुदाय को दूसरे समुदाय से अलग नहीं किया।




## एक जून को होगा मतदान

# लोक सभा के सातवें एवं अंतिम चरण का चुनाव प्रचार थमा

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com




भीषण गर्मी और राजनीतिक दलों के एक-दूसरे के खिलाफ तीखे बयानों से भरा अठारहवीं लोक सभा चुनाव के लिये करीब दो महीने तक चला चुनाव प्रचार का सिलसिला गुरुवार शाम छह बजे थम गया। इन चुनावों में सातवें एवं अंतिम चरण में आठ राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेश चंड़ीगढ़ सहित 57 संसदीय सीटों के लिये मतदान शनिवार को होगा। इसके साथ ही उसी दिन ओडिशा विधानसभा के चौथे और अंतिम चरण में 42 सीटों के लिये मतदान कराया जाएगा। नियमों के तहत इन सीटों पर सार्वजनिक प्रचार अभियान मतदान समाप्त होने के 48 घंटे पहले थम गया। प्रचार अभियान में भाजपा के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन ने कांग्रेस और अन्य दलों के इंडिया समूह पर परिवारवाद, तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार को लेकर आक्रमण किया। विपक्ष ने भाजपा नीत सरकार पर चुनावी बॉंड में भ्रष्टाचार, धार्मिक विभाजन की राजनीति और विपक्षी नेताओं के खिलाफ जांच एजेंसियों के इस्तेमाल के साथ-साथ संविधान को बदलने का मंसूबा रखने के आरोप लगाये। सातवें चरण के आम चुनाव के लिये सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और विपक्षी इंडिया समूह के स्टार प्रचारकों के अलावा उनके घटक दल के नेताओं ने अपने उम्मीदवारों के लिये सार्वजनिक सभाओं और रोड-शो आदि के माध्यम से जम कर प्रचार किया। निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव के लिये चुनाव आयोग की व्यवस्था के अनुसार सार्वजनिक प्रचार अभियान मतदान की अवधि समाप्त होने के 48 घंटे पहले बंद कर दिया जाता है। इसके बाद प्रत्याशी और उनके समर्थक निजी स्तर पर संपर्क कर मतदाताओं का समर्थन जुटा सकते हैं। अंतिम चरण में चुनाव प्रचार थमने से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पंजाब के होशियापुर में चुनावी सभा को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि आजकल देश के लोग इंडिया समूह वालों से संविधान-संविधान की रट सुन रहे हैं। ये वे लोग हैं जिन्होंने आपातकाल (इमरजेंसी) में संविधान का गला घोंटा था। जब 84 के दंगों में सिखों के गले में टायर बांधकर जलाया जा रहा था, तो इन्हें संविधान की नहीं सूझी। इस बीच, प्रधानमंत्री चुनाव प्रचार थमने के बाद कन्याकुमारी पहुंचे और वह कन्याकुमारी के प्रसिद्ध भगवती देवी अम्मन मंदिर (कन्याकुमारी मंदिर) में दर्शन-पूजन किया और उसके बाद विवेकानंद रॉक मेमोरियल में 48 घंटे (एक जून तक) तक ध्यान लगायेंगे। उनके प्रवास के लिये सुरक्षा के भारी इंतजाम किये गये हैं।

# छत्तीसगढ़ विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने सामाजिक समावेशन कार्य समूह की बैठक सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन 2047 डॉक्यूमेंट तैयार करने राज्य नीति आयोग द्वारा विषयवार वर्किंग ग्रुप गठित किये गये हैं। नवा रायपुर स्थित नीति भवन में सामाजिक समावेशन विषय पर गठित कार्य समूह की प्रथम बैठक राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष अजय सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सामाजिक समावेशन पर संबंधित विभागों के अधिकारियों ने विस्तार से चर्चा की। बैठक में सामाजिक समावेशन के लिए प्रमुख लक्ष्य, चुनौतियां और विभागीय विजन के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया गया। राज्य नीति आयोग के सदस्य डॉ. के. सुब्रमण्यम ने राज्य नीति आयोग द्वारा अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन 2047 विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने हेतु गठित कार्य समूह के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने अधिकारियों से निर्धारित समय-सीमा में कार्यवाही सुनिश्चित करने कहा। बैठक में मुख्यमंत्री के सलाहकार डॉ. धीरेन्द्र तिवारी भी शामिल हुए। प्रमुख सचिव आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक सोनमणि बोरा ने विभागीय प्रस्तुतीकरण देते हुए विभाग के अल्पकालिक, मध्यकालिक, दीर्घकालिक योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अल्पसंख्यकों तथा छात्र-छात्राओं के लिए आवश्यक शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार, डिजिटल शिक्षा, आश्रम शालाओं एवं छात्रावासों में छात्रों की सुविधा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बोरा ने एफआरए के शत-प्रतिशत हितग्राहियों को वनाधिकार मान्यता पत्र प्रदान करने के संबंध में भी जानकारी दी। श्रम विभाग की सचिव अलरमेल मंगई डी. ने भी विजन डॉक्यूमेंट 2047 तैयार करने के लिए विभागीय योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। इसी तरह से समाज कल्याण विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने अपना प्रस्तुतिकरण दिया। बैठक में आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम एवं श्रमिक कल्याण सहित छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम, श्रम कल्याण मंडल, ट्रायफेड रायपुर, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अधिकारी एवं अन्य सदस्य शामिल हुए। बैठक में नीति आयोग की परामर्शदात्री संस्था के एक्सपर्ट प्रतिनिधि, सदस्य सचिव नीति आयोग अनूप श्रीवास्तव, संयुक्त संचालक नीति आयोग नीतू गौरडिया, संयुक्त संचालक वत्सला मिश्रा सहित कार्यसमूह के अन्य सदस्य शामिल हुए। सदस्यों ने सामाजिक समावेशन विषय पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

### अमृतकाल : छत्तीसगढ़ विजन-2047 डॉक्यूमेंट तैयार करने वर्किंग ग्रुप के अधिकारियों की बैठक

'अमृतकाल : छत्तीसगढ़ विजन- 2047' डॉक्यूमेंट तैयार करने 'कृषि एवं वानिकी' विषय पर गठित वर्किंग समिति की बैठक राज्य नीति आयोग अटल नगर नवा रायपुर के सभा कक्ष में आयोजित की गई। कृषि एवं वानिकी से संबंधित लक्ष्य, चुनौतियां एवं सामर्थ्य विषय पर विस्तार से चर्चा की गई तथा वर्किंग समिति के सदस्यों द्वारा सुझाव दिए गए। छत्तीसगढ़ को भारत में सुपर फूड का केंद्र बनाने, छत्तीसगढ़ को प्रसंस्कृत सुपरफूड का पावर हाउस बनाने, वानिकी उत्पादों के साथ मजबूत ब्रांड का निर्माण करने, खाद्य प्रसंस्करण तकनीकों का कार्यान्वयन, कौशल उन्नयन और बुनियादी ढांचे में निवेश, फसलों का पैदावार बढ़ाने, मूल्य वर्धित उत्पादों के उत्पादन के लिए बागवानी पर ध्यान केंद्रित करने, कृषि सेवा केन्द्र को बढ़ाने, किसानों के लिए पर्याप्त ऋण सुविधा उपलब्ध कराने, मृदा जांच तथा छत्तीसगढ़ को जड़ी-बूटी और वनोपज के केंद्र के रूप में विकसित करने, वनोपज व्यापार केंद्र बनाने, भंडारण प्रसंस्करण और परिवहन के लिए बुनियादी ढांचा बनाने, किसानों को सक्षम बनाने राज्य सरकार द्वारा की जा रही पहल, लघु वनोपजों की मजबूती, जल और सिंचाई की पर्याप्त उपलब्धता सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष अजय सिंह, सदस्य सचिव अनूप श्रीवास्तव एवं सदस्य के. सुब्रमण्यम ने विभागों द्वारा बनाए गए लघु, मध्यम एवं दीर्घकालीन विजन एवं रणनीतियों के निर्धारण हेतु अपना सुझाव दिए। अजय सिंह ने कृषि भूमि के बेहतर उपयोग एवं बहु फसल प्रथाओं को बढ़ाने की क्षमता, प्रति कृषि परिवार की औसत मासिक आय में बढ़ोत्तरी, किसानों के लिए बेहतर ऋण की सुविधा, उन्नत तकनीकी की आवश्यकता उत्पादकता एवं क्षमता बढ़ाने के लिए सटीक खेती जैसे विषयों को डाक्यूमेंट में शामिल करने की बात की। सदस्य सचिव अनुप श्रीवास्तव और सदस्य के. सुब्रमण्यम ने कृषि अनुसंधान एवं विकास में बड़ा निवेश करने, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर जोर देने, जैविक खेती, फसल चक्र, खाद्य वितरण प्रणाली और कोल्ड स्टोरेज को मजबूत करने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर अपना सुझाव दिए।

# अनुविभागीय अधिकारी स्वयं गांव का दौरा कर बनाएं कार्ययोजना : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ गौरव सिंह जिले में बाढ़ से बचाव के लिए तैयारियों की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि कुछ दिनों के भीतर मानसून आने की संभावना है। जिले की सभी तहसीलों और नगर निगम में बाढ़ के संभावित स्थानों को चिन्हित करें। सभी एसडीएम अपने राजस्व अमलों के साथ स्वयं तहसीलों का दौरा करें और ग्रामीणों से चर्चा कर आपदा राहत की कार्ययोजना बनाएं। गांव-नदीतट और में गोताखोरों की तैनाती रखें। साथ ही गांवों में कुछ युवाओं के समूहो को प्रशिक्षित करें जिससे वे बाढ़ जैसी आपदा का सामना करनें में सहयोग कर सकें। डॉ सिंह ने कहा कि बाढ़ से प्रभावितों के अभी से सुरक्षित स्थान ऐसे स्थल को चिन्हांकित करले और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि बाढ़ से सबसे अधिक मवेशी प्रभावित होते हैं। उनके लिए भी सुरक्षित स्थान रखें। साथ ही पशुओं को होने वाले संक्रामक बीमारी से बचाव के लिए दवाईयों का इंतजाम कर लें। खाद्य विभाग उचित मूल्य की दुकानों में राशन की उपलब्धता सुनिश्चित करें और यह भी जायजा लें कि बाजार में चना, चावल, आटा, गुड, दाल, नमक आदि खाद्य पदार्थ पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो। ताकि आवश्यकता एवं समयानुसार उपलब्धता में विलंब ना हो। संभावित बाढ़ राहत सामग्रियों के पैकेट तैयार करने हेतु टीमों का गठन भी कर लिया जाए। कलेक्टर डॉ सिंह ने कहा कि पीएचई जिले में टंकी के सफाई के लिए विशेष अभियान चलाएं और टंकी के सफाई के बाद उस पर सफाई की तिथि वर्णित करें। बाढ़ प्रभावित गांवों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था हेतु परिवहन आदि से संबंधित व्यवस्थ पूर्व से ही सुनिश्चित कर ली जाए। पेयजल की गुणवत्ता शुद्धता को सुनिश्चित करने हेतु पर्याप्त संख्या में क्लोरिन टेबलेट की व्यवस्था कर ली जाए। एवं बाढ़ प्रभावित पंचायतों में इन टेबलेट्स के उपयोग का प्रशिक्षण पीएचई के माध्यम से समय पर सुनिश्चित कर लिया जाए। चिकित्या विभाग अभी से बारिश के समय फैलने वाली महामारी जैसे डायरिया, मलेरिया, पीलिया आदि के लिए दवाईयों तथा टेस्ट किट इत्यादि की व्यवस्था पूर्व में कर लें। ताकि उस समय किसी प्रकार परेशानी का सामना ना करना पड़े। कलेक्टर डॉ सिंह ने कहा कि बाढ़ से पूर्व जिले की मुख्य सड़कों विशेषकर जिला मुख्यालय से ब्लॉक, तहसीलों, गांवों को जोडने वाली सड़कों की मरम्मत करा ली जाए। पुल-पुलिया की भी मरम्मत करके उन्हें यातायात के लिए सुगम बना लिया जाए। नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि निगम के निचली बस्तियों और कुछ विशेष स्थानों मे जो बाढ़ के स्थिति निर्मित होने की संभावना रहती है। इन जगहों पर साफ-सफाई की व्यवस्था कर ली जाए। ताकि पानी का जमाव ना हो। साथ ही स्वास्थ्य विभाग अपनी टीम को अलर्ट करें। उन्होंने बताया कि शहर के सभी प्रमुख नालों की सफाई तेजी से की जा रही है, ताकि डैनेज सिस्टम दुरूस्त रहें और बारिश के दौरान पानी का जमाव ना हो। नगर निगम को सारे जोन और स्वास्थ्य विभाग की टीम संभावित बीमारियों के रोकथाम के लिए कार्य करेंगे। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप, सभी एडीएम एवं एसडीएम सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# शराब दुकान से 36 लाख चुराने वाले 4 कर्मचारी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



थाना खमतराई क्षेत्रांतर्गत रावाभांठा ट्रांसपोर्ट नगर स्थित विदेशी शराब दुकान से 36,76,120 रूपये नगदी रकम की चोरी करने वाले 4 कर्मचारियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अमित शर्मा की रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस ने कृष्ण कुमार बंजारे, साहेबलाल बंजारे, मनमोहन आडिल और रोशन कन्नौजे को गिरफ्तार किया। ये चारों आरोपी शराब दुकान में विभिन्न पदों पर कार्यरत थे और उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से चोरी की घटना को अंजाम दिया। 28 मई को शराब दुकान में एक व्यक्ति द्वारा मारपीट की घटना का फायदा उठाकर, चारों कर्मचारियों ने मिलकर दुकान की बिक्री रकम 36,76,120 रूपये को चोरी कर लिया। इस घटना में मुख्य विक्रेता रोशन कन्नौजे ने तिजोरी की चाबी जानबूझकर दुकान में ही छोड़ दी और गार्ड मनमोहन आडिल ने फोन पर सूचना दी कि दुकान में लूट हो गई है। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले, नगर पुलिस अधीक्षक मणीशंकर चन्द्रा और थाना प्रभारी एस.एन. सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई की। पुलिस टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण कर, सी.सी.टी.व्ही. फुटेज का अवलोकन किया और संदिग्धों से पूछताछ की। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार किया।

## नवतपे की भीषण गर्मी से चक्कर खाकर गिरने से सिपाही की हुई मौत



**रायपुर।** राजधानी में तेज गर्मी ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। यह गर्मी एक सिपाही के लिए जानलेवा साबित हुई। तेज़ धुप में ड्यूटी करते यातायात आरक्षक भागीरथी कवर की मौत हो गई। जानकारी अनुसार गुरुवार को ड्यूटी करने जा रहे यातायात पुलिस के आरक्षक भागीरथी कंवर को भीषण गर्मी की वजह से हार्ट अटैक आया और उन्होंने दम तोड़ दिया। वे भनपूरी यातायात थाना में ट्रैफिक के तौर पर पदस्थ था। मृतक सिपाही गरियाबंद के निवासी हैं।

# शराब भट्टी के 15 चखना दुकानों से वसूला गया 8 हजार



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर निगम का उडन् दस्ता हीरापुर शराब भट्टी में सफाई का आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचा। इस दौरान 15 चखना दुकानों से घरेलू गैस सिलेंडर तत्काल जप्त करके उन्हें नियमानुसार प्रक्रिया के अंतर्गत जिला कलेक्टर परिसर स्थित जिला खाद्य शाखा भिजवाने की कार्यवाही की गयी। इसके साथ दुकान संचालकों को कड़ी कार्यवाही की चेतावनी देते हुए 8000 रूपये जुर्माना वसूला गया।

# पीकू और गंगरेल की कहानी : आइए जल-जगार मनाएं, गंगरेल बचाएं

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी



www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन द्वारा जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सार्थक पहल की गई है नवाचार के माध्यम से पीकू और गंगरेल की कहानी को आकर्षक रूप से दर्शाया गया है आइए जल-जगार मनाएं, गंगरेल बचाएं के तहत लोगों से अपील की जा रही है कि पानी को व्यर्थ खर्च न करें पानी को सहेज कर रखें जल है तो कल है, किसान भाईयों को गर्मी के सीजन में धान का फसल न लेकर दलहन और तिलहन की फसल लेने और मिट्टी उर्वरता शक्ति को बना कर रखने का आग्रह किया गया है।

**पीकू - आप कौन है आप दुःखी क्यों है?**

**गंगरेल -** मैं......मैं गंगरेल हूं, लाखों लोगों की प्यास बुझाने वाला, लाखों खेतों में हरियाली लाने वाला, अब मैं पल-पल सूख रहा हूं अपने अस्तित्व के लिए जूझ रहा हूं।

**पीकू - ये तो बहुत बड़ी समस्या है?**

**गंगरेल-** मुझे अपनी नहीं धमतरी वालों की चिंता है, मेरे बाद न जाने उनका क्या होगा, खेतों को पानी कहां से मिलेगा, लोगों की प्यास कैसे बुझेगी।

**पीकू- ऐसा क्यों हो रहा है?**

**गंगरेल-** लोगों की नादानी मुझ पर पड़ रही भारी, लोग ट्यूबवेल चलाकर छोड़ देते है जितना उपयोग करते है उससे ज्यादा बहा देते है हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है।

**पीकू-** आप चिंता न करें हम जल जगार मनाएंगे, गांव वालों को बताएंगे, मिलकर पानी बचाएंगे।

*आइए जल जगार मनाएं, गंगरेल बचाएं...*




### शराब, कोयला, राशन, गोबर, डीएमएफ के बाद अब कांग्रेस का मछली पालन घोटाला सामने आया

# बिहार में लालू के चारा घोटाले को कांग्रेस सरकार ने पीछे छोड़ा, मछली पालन में भी घोटाला कर डाला : केदार कश्यप

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के वन मंत्री केदार कश्यप ने प्रदेश में कांग्रेस की पिछली भूपेश सरकार के मछली पालन के नाम पर एक नए घोटाले के ताजातरीन खुलासे के बाद कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और कहा है कि आदिवासियों को स्वरोजगार से जोड़ने वाले नक्सल बजट से मत्स्य विभाग में बड़ा खेल पिछली भूपेश सरकार ने करके मछली पालन के केज बनाने में घोटाला तो किया ही, उस योजना की सब्सिडी किसान की जगह फर्म को दे दी। कश्यप ने कहा कि प्रदेश में गोबर के नाम पर शर्मनाक घोटाला करने वाली पिछली कांग्रेस सरकार ने मछली पालन के केज तक में भी घोटाला करके अपने भ्रष्ट राजनीतिक चरित्र का एक और काला अध्याय अपने शासनकाल में रचा है। प्रदेश के वन मंत्री कश्यप ने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र के लिए आए बजट को मछली पालन के केज बनाने की सब्सिडी में खर्च कर दिया गया। यही नहीं, सब्सिडी किसानों के खाते के बजाय सीधे फर्म को भेजने का कारनामा करने वाला अधिकारी मछली पालन कर रहा है। कश्यप ने कहा कि भ्रष्टाचारियों ने यह कारनामा उस फंड में कर दिया है, जो नक्सल प्रभावित क्षेत्र में विकास और रोजगार के लिए भेजा गया था। कांग्रेस शासनकाल में किसानों के उत्थान के नाम पर आई रकम से अफसर और कर्मचारियों ने अपना उत्थान कर लिया। राजनांदगांव में पिंजड़े में मछली पालन (केज कल्चर) के नाम पर करीब 5 करोड़ का घोटाला सामने आने को बेहद गंभीर बताते हुए कश्यप ने कहा कि सरकार के रिकॉर्ड में दर्ज हितग्राहियों को पता ही नहीं है कि उनके नाम से मछली पालन किया जा रहा है। मछली पालन भी ऐसा कि न तो मछली का पता और न ही तालाब में लगे केज का। केज कल्वर के नाम से अनुदान की रकम में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है। प्रदेश के वन मंत्री कश्यप ने कहा कि अजा-जजा समाज के लोगों का हक कांग्रेस ने मारा और इसका जीता-जागता उदाहरण यह मामला है। ऐसे कई मामले हैं जो चीख-चीखकर यह बता रहे हैं कि कांग्रेस सरकार की नुमाइंदगी में चहुँओर किस तरह लूट मची थी। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस कि भ्रष्टाचारी सरकार ने कोयला घोटाला, शराब घोटाला, गोबर घोटाला, डीएफ घोटाला, राशन घोटाला और ऐसे कई घोटाले करने के बाद मछली पालन के नाम पर भी घोटाला किया, कांग्रेस पार्टी ने यह ठान लिया था कि छत्तीसगढ़ के लोगों की पाई पाई को लूट लेंगे भाजपा की सरकार में सभी लुटेरों का बराबर हिसाब होगा।

# गिनती के रह गए प्याऊ घर गायब समाजसेवी, मौन है शहर सरकार

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com





पांच या छह लेकिन प्याऊ घर की जरुरत इससे कहीं ज्यादा की है। यह तब, जब शहर में समाजसेवी संगठन और समाजसेवियों की संख्या अच्छी-खासी है। और हाँ, नगर सरकार भी तो है लेकिन उसने मौन साध रखा है द्य ऐसे में पानी का कारोबार दो गुना पार करने करीब पहुँच चुका है। पारा हर पल नया रूप लेकर आ रहा है। तेज धूप और लगती प्यास। राह चलते समय प्याऊ ही बड़ा सहारा बनते हैं लेकिन शहर में अब इनका दिखाई देना हर साल कम हो रहा है। अनुपात में पानी का कारोबार नया रिकॉर्ड बना रहा है। यही वजह है कि शहर और करीब के ग्रामीण क्षेत्रों में पानी पैकिंग इकाईयां बढ़ रही है।

**पांच या छह :** नियमित आवाजाही का केंद्र है रेलवे स्टेशन। इसलिए यहाँ पर खुला प्याऊ घर 24 घंटे खुला रहता है। सदर बाजार में जैन मंदिर के करीब और मंडी के पास भी ऐसे ही प्याऊ घर संचालन में हैं लेकिन जब-तब हो रही बिजली गुल ने प्याऊ घरों की प्यास बढ़ाई हुई है। शेष क्षेत्रों में जो हैं, तो वह भी कमोबेश ऐसी ही दिक्कत से रूबरू हो रहे हैं।

### किस काम के

समाजसेवी और समाजसेवी संगठन शहर में भी हैं लेकिन गैर जरुरी है यह काम। संकल्प और शपथ, समाज सेवा और पौध रोपण के साथ जल संरक्षण के लिए लेते हुए खूब नजर आते हैं लेकिन प्यास बुझाने जैसे जरुरी काम में इनकी भागीदारी सिरे से गायब है। नगर सरकार भी मौन रह कर इसमें समान रूप से सहयोग दे रही है जबकि जिम्मेदारी इसकी ही सबसे ज्यादा बनती है।

### मौका इनके हाथ

नगर सरकार और समाजसेवी संगठनों के मौन के बाद भीषण गर्मी में पानी का कारोबार दो गुना हो चला है। कारोबारी सूत्रों के अनुसार यह पहला साल हैं, जब 25 से 35 हजार की संख्या में पानी पाउच रोज बिक रहे हैं, तो पानी बोतल की बिक्री 8 से 12 हजार की संख्या में बताई जा रही है। भरोसा है इसमें और भी ज्यादा बढ़ोतरी की।

# किरंदुल समर कैम्प में किया गया फिल्म का प्रदर्शन



पायनियर संवाददाता ➤ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, कुमार विश्वरंजन के मार्गदर्शन में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा हैं। समर कैंप 2024 के तहत जिले के कक्षा पहली से लेकर 12वीं तक के छात्र छात्राओं को आर्टस, पेंटिंग, ड्राइंग, ड्रामा, डांस, गीत संगीत के माध्यम से विभिन्न विधा जैसे वृक्षारोपण, सामाजिक त्योहार, पानी बचाओ, स्थानीय त्यौहार, जैविक खाद्य निर्माण, सामाजिक असमानता, प्राथमिक उपचार, स्थानीय खानपान, सिंगल यूज प्लास्टिक, फिल्मों का प्रदर्शन, बालिका शिक्षा एवं बाल अधिकार तथा पालक सम्मेलन संबंधी विविध गतिविधियां की जाएंगी। जिसे बच्चे भली-भांति सीख पाएंगे। समर कैम्प के चतुर्थ दिवस गुरुवार को किरन्दुल शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय विद्यानगर में बम बम बोले, चिल्लर पार्टी, द ब्लू अम्ब्रेला, तारे जमीं पर फिल्म का प्रदर्शन किया गया। साथ ही बच्चों द्वारा परिचय का प्रदर्शन किया गया। मौके पर संकुल समन्वयक एच एल बेलसरे, विद्यालय की प्राचार्य उमा ठाकुर, संकुल प्राचार्य एन एस नेताम, के के मंडल, आभा सिंह चौहान, पुष्पा सिंह, टी ए खान, मंगरीता टोप्पो, थलेश ठाकुर, लता साहू शैक्षणिक स्टाफ एवं पालकगण उपस्थित थे।

# अंधविश्वास के कारण बलि की घटनाएं : डॉ दिनेश मिश्र

■ ग्रामीण अंधविश्वास में न पड़े

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ दिनेश मिश्र ने कहा पिछले दिनों बलरामपुर जिले के एक व्यक्ति कमलेश नगेशिया ने अपने 4 वर्ष के बच्चे की बलि दे दी। उसके कुछ दिनों पहले नवरात्रि में भी कोरिया जिले में एक धनेश्वर नामक बालक की बलि का मामला सामने आया था जिसके रिश्तेदारों ने ही ,पिछले सप्ताह ही सरगुजा के शंकरगढ़ एक व्यक्ति ने एक झाड़ फूंक करने वाले बैगा की यह मानकर हत्या कर दी, कि वह झाड़-फूंक से उसको ठीक नहीं कर पा रहा है। अंधविश्वास के कारण यह तीनों हत्या की घटनाएं अत्यंत दुखद है ग्रामीणों को अंधविश्वास भरोसा नहीं करना चाहिए एवं कानून को हाथ में नहीं देना चाहिए। डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा अंधविश्वास में पड़ कर व्यक्ति मानसिक रुप में असंतुलित हो जाता है, और वह मिथकों पर पूरी तरह भरोसा करने लगता है, कही सुनी किस्से कहानियां, भ्रामक खबरें अफवाहें उसे और भी भ्रमित कर देती हैं और वह अपराध कर बैठता है। डॉक्टर दिनेश मिश्र ने कहा लोगों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करने की आवश्यकता है जिससे लोग सुनी सुनाई घटनाओं अफवाहें और भ्रामक खबरों पर भरोसा ना करें और अंधविश्वास में ना पड़े। डॉ दिनेश मिश्र ने कहा कुछ मामलों में व्यक्ति किसी इष्ट देवी, देवता का सपना आने और सपने में बलि मांगने की बात भी कहते हैं और कहते हैं कि उन्होंने उनके आदेश पर किसी की बलि/कुर्बानी दे दी है। जबकि लोगों को यह सोचने की आवश्यकता है कि किसी की जान लेकर कर कोई भी व्यक्ति सफ्ल नहीं हो सकता और उसे अपराध करने के करण अंततः जेल जाना पड़ता है। डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा अंधविश्वास के करण जो व्यक्ति मानसिक उद्वेग में चला जाता है तब वह कई बार स्वयं के अंदर किसी अदृश्य शक्ति में प्रवेश होने की बात भी करता है तथा वह किसी के सपने में आने या किसी के आदेश देने या कानों में आवाज सुनाई पढ़ने ऐसी बातें भी करता है, जबकि यह एक प्रकार का मानसिक विचलन का ही कारण है, यह एक प्रकार का मासिक संतुलन का प्रतीक है और बहुत सारे लोग बहुत संवेदनशील होते हैं और वह भावावेश में आकर कानून हाथ में लेते हैं, इनमें से कुछ लोग सार्वजनिक रुप से भी असंतुलित व्यवहार भी प्रकट करते हैं जैसे झूमना, बड़बड़ाना मारना पीटना आदि। ऐसे में किसी चिकित्सक को किसी को दिखाया जाए उसका उपचार हो, उसकी सभी तरह से काउंसलिंग की जाए तो व्यक्ति ठीक हो जाता है, और समाज के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकता है।

# रिंग रोड से कटोरा तालाब, जीई रोड से गोल चौक होकर रिंग रोड तक मार्ग के दुकानों के सामने लगे अनाधिकृत बोर्ड गैस कटर से काटकर जब्त किए गए

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com





शहर के व्यवसायिक मार्गों में स्थित दुकानों के सामने अनाधिकृत रूप से लगे विज्ञापन बोर्ड के कारण वाहनों की पार्किंग में असुविधा होने के साथ-साथ ट्रैफिक जाम की समस्या होती रही है। दुकान के बाहर फुटपाथ में लोहे के विज्ञापन बोर्ड स्थापित कर फुटपाथ के हिस्से को घेर कर रेस्टोरेंट संचालको द्वारा अपनी दुकान सीमा के बाहर ग्राहको के बैठने के लिए टेबल कुर्सी रखी जाती है। दुकानदारों द्वारा फुटपाथ पर किये जा रहे कब्जें को रोकने तथा दुकानों के सामने पार्किंग व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर रायपुर, डॉ गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार शहर के दो व्यवसायिक मार्ग, रिंग रोड से कटोरा तालाब नेताजी होटल तक एवं जी.ई. रोड से गोल चौक होते हुए रिंग रोड तक मार्ग के दोनो ओर स्थित दुकानो के सामने लगे अनाधिकृत बोर्ड को गैस कटर की मदद से काट कर जब्त किये जाने की कार्यवाही की गई। उपरोक्त दोनों मार्गों में स्थित दुकानों के बाहर फुटपाथ पर अत्यधिक संख्या में लोहे के फ्रेम से बने अनाधिकृत बोर्ड दुकान संचालकों द्वारा लगाये गये थें। पार्किंग हेतु दुकानों के सामने पर्याप्त स्थल नहीं होने के कारण ग्राहकों द्वारा अपनी गाडियां सड़क पर खड़ी की जा रही थी। जिससे इन मार्गों में प्रतिदिन ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। शहर के यातायात को बाधित कर रहे ऐसे दुकानदारों के विरूद्ध जोन क्र 04, 05, 10 एवं नगर निवेश मुख्यालय के उड़नदस्ता द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही की गई। इस दौरान जी.ई. रोड से गोल चैक होते हुए रिंग रोड जाने वाले मार्ग से लगभग 50 एवं रिंग रोड से कटोरा तालाब नेताजी होटल तक जाने वाले मार्ग सें लगभग 65 अनाधिकृत विज्ञापन बोर्ड को जब्त कर संबंधित जोन कार्यालयों में रख गया। यातायात को बाधित कर रहे दुकानो के सामने लगे अनाधिकृत बोर्ड के विरूध प्रातः 6 बजे से ही कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई। जोन क्र. 04, 05, 10 एवं नगर निवेश मुख्यालय के संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने शहर के समस्त व्यवसायिक मार्गों में पार्किंग एवं यातायात व्यवस्था को बाधित कर रहें दुकानों के सामने अनाधिकृत रूप से लगे विज्ञापन बोर्ड एवं दुकान के बाहर सामान रखने वाले दुकानदारों के खिलाफ निरंतर कार्यवाही के निर्देश समस्त जोन कार्यालयों को दिये है।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर रेल्वे स्टेशन और अन्तर्राज्यीय बस टर्मिनल में नशा मुक्ति आध्यात्मिक प्रदर्शनी

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा अन्तर्राज्यीय बस टर्मिनल भाठागांव और रेल्वे स्टेशन रायपुर के मुख्य प्रवेश द्वार क्रमांक-दो में 31 मई को एक दिन के लिए नशा मुक्ति आध्यात्मिक प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी को सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे के मध्य देखा जा सकता है। प्रवेश निःशुल्क रखा गया है। रेल्वे स्टेशन में आयोजित नशा मुक्ति आध्यात्मिक प्रदर्शनी का उद्घाटन विधायक राजेश मूणत, अपर कलेक्टर निधि साहू, डिवीजनल कामर्शियल मैनेजर राकेश सिंह, स्टेशन डायरेक्टर एन.के.साहू और रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी करेंगी। इसी तरह अन्तर्राज्यीय बस टर्मिनल में आयोजित प्रदर्शनी का शुभारम्भ विधायक मोतीलाल साहू और नगर निगम के उपायुक्त विनोद पाण्डे करेंगे। उक्त प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को व्यसन मुक्ति का सन्देश देने के लिए रंगीन चित्रों तथा पोस्टर्स के माध्यम से तम्बाकू के अलावा गुड़ाखू, बीड़ी, सिगरेट और शराब आदि नशीली चीजों से स्वास्थ्य को होने वाले दुष्परिणामों के बारे में सचेत किया जाएगा। इसके साथ ही राजयोग साधना के द्वारा हमेशा के लिए दुर्व्यसनों से मुक्त होने के उपायों को बहुत ही सरल शब्दों में रोचक ढंग से दर्शाया जाएगा। यह प्रदर्शनी सभी नागरिकों के लिए दर्शनीय है। प्रदर्शनी स्थल पर तम्बाकू, बीड़ी, सिगरेट आदि छोडने् के लिए लोगों को प्रेरित करते हुए एक दान पेटी भी रखी गई है, जहॉ पर व्यसनों से छुटकारा प्राप्त करने के इच्छुक लोग परमपिता परमात्मा को साक्षी रखकर बुराइयों का दान कर सकेंगे।

# समर्थन मूल्य में उपार्जित धान का उठाव जल्द करें : कलेक्टर विजय दयाराम के.

■ कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्र प्रभारियों एवं राईस मिलर्स की बैठक में दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर विजय दयाराम के.ने कहा कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के तहत खरीदे गए सम्पूर्ण धान का उठाव जल्द करें। डीओ कटने के बाद निर्धारित समय-सीमा में धान उठाव का निराकरण कर अनिवार्य रूप से शून्य शार्टेज की कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। वहीं कस्टम मिलिंग के अंतर्गत राईस मिलर्स द्वारा निर्धारित चावल को जमा करने में तत्परता दिखाई जाए। कलेक्टर विजय ने कलेक्टोरेट के प्रेरणा सभाकक्ष में धान खरीदी केन्द्र प्रभारियों तथा राईस मिलर्स की बैठक में उक्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान के उठाव स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन सहकारी समितियों के धान खरीदी केन्द्रों में धान उठाव हेतु शेष है, उक्त धान का अतिशीघ्र उठाव कर लिया जाए। उन्होंने इस दिशा में सम्बन्धित समिति प्रबन्धकों तथा राईस मिलर्स को समन्वय कर उठाव कार्य पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कस्टम मिलिंग हेतु अनुबंधित राईस मिलर्स को जिले में चावल जमा करने के साथ ही सुकमा, दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले में भी चावल जमा किये जाने कहा। वहीं विगत वर्ष के कस्टम मिलिंग के अंतर्गत बैंक गारंटी की राशि का समायोजन जिला विपणन अधिकारी के अधिकृत खाते में आगामी 06 जून से पहले अनिवार्य रूप से करने के निर्देश सम्बन्धित राईस मिलर्स छत्तीसगढ़ एग्रो जगदलपुर एवं गोमती राईस मिल जगदलपुर को दिए। बैठक में अवगत कराया गया कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के तहत 749 मीट्रिक टन धान का उठाव शेष है। बैठक में खाद्य अधिकारी घनश्याम राठौर, डीएमओ राजेन्द्र ध्रुव, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अतिरिक्त प्रबन्धक एस.रजा तथा आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों के प्रबंधक, धान खरीदी केन्द्रों के प्रभारी और राईस मिलर्स मौजूद थे।

# प्रदेश में हिटवेव का अलर्ट आज

**रायपुर।** नौतपा का छठे दिन प्रदेश में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी पड़ रही है। राजधानी रायपुर में तापमान 46 डिग्री तक पहुंच गया। वहीं सबसे गर्म जगह रायगढ़ 46.7 और बलरामपुर में 45.6 डिग्री तापमान रहा। 31 मई तक तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। 31 मई से 2 जून के बीच बारिश की होने की संभावना है। मौसम विभाग ने लू (हिटवेव) को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग संभाग में लू चलेगी। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश के सरगुजा, जशपुर, जांजगीर, सक्ती, रायगढ़, सारंगढ़-बिलाईगढ़, रायपुर, बलोदाबाजार-भांटापारा और महासमुंद जिलों में एक दो पॉकेट में उष्ण रात्रि की स्थिति होने की संभावना है।

## बच्चों की निखर रही प्रतिभा

# बच्चे सीख रहे फर्स्ट एड बॉक्स, पेपर क्राफ्ट, स्क्रैप बुक बनाना





पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

स्कूल समर कैंप प्राथमिक विद्यालय जोन्दरा पदर में बच्चे विभिन्न गतिविधियों में उत्साह पूर्वक भाग ले रहे है प्रधान पाठक मधु तिवारी के मार्गदर्शन में बच्चों को फर्स्ट एड बॉक्स बनाना सिखाया गया उसकी उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला। बच्चों ने स्क्रैपबुक बनाना भी सीखा एवं विभिन्न फूल पत्तियों का उपयोग कर स्क्रैपबुक का निर्माण किया। बच्चों को ज्यामिति आकृतियां के बारे में समझाया गया वह गणित में उसकी उपयोग के बारे में समझाया नाप तौल के विभिन्न पैमाने दिखाकर उनके उपयोग के बारे में समझाया। आर्ट एंड क्राफ्ट के अंतर्गत बच्चों ने पेपर फ्लावर बनाना सीख कर सुंदर आकृतियां बनाई साथ ही स्कूल की दीवारों में भित्ति चित्र बना बच्चे अपने स्कूल को आकर्षक बनाने में जुटे हुए है शिक्षिका स्मिता नेताम सभी गतिविधियों में सहयोग प्रदान कर रही है।

# ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान के 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में ग्रामीण महिलाओं ने सीखा घरेलू उपयोगी उत्पाद बनाना

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान जगदलपुर द्वारा 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हाटपदमूर में किया गया, जिसका मूल्यांकन 29 मई को किया गया। इस शिविर में 32 ग्रामीण महिलाओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और मोमबत्ती बनाना, फिनायल, वाशिंग पाउडर, हार्पिक आदि घरेलू एवं रोजगारमूलक उत्पादों को बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आरसेटी के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से आरसेटी के स्टेट कन्ट्रोलर अरुण सोनी और निदेशक हेमंत सलाम का विशेष योगदान रहा। प्रशिक्षण के मूल्यांकन के लिए रायपुर एवं दुर्ग से आए मूल्यांकनकर्ता पीके राघव और आलोक श्रीवास्तव ने कौशल और सीखने की प्रक्रिया का मूल्यांकन किया। शिविर में सरोज साहू ने महिलाओं को बड़ी मेहनत से प्रशिक्षण दिया। आरएसईटीआई जगदलपुर के फैकल्टी मेंबर एन. मधुसूदन, रमा राय और कार्यालय स्टाफ दयाराम मौर्य एवं राहुल बघेल ने भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। ये संस्थान विभिन्न प्रकार के कौशल विकास कार्यक्रमों का आयोजन करता है जिससे प्रतिभागियों को नए-नए रोजगार के अवसर प्राप्त हो सके। आरएसईटीआई का प्रयास है कि ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को तकनीकी और व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वावलंबी बनाया जाए।

# मतगणना हॉल में शांति व्यवस्था बनाए रखने और नियमों का पालन करने की अपील

## कलेक्टर ने ली राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों की बैठक, मतगणना स्थल पर प्रवेश हेतु पास अनिवार्य

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 अतंर्गत 04 जून को होने वाले मतगणना को लेकर आयोजित बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान ने चुनाव लड़ रहे सभी अभ्यर्थियों एवं उनके अधिकृत राजनीतिक दल के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना स्थल पर किये गये व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुये बताया कि नवीन मंडी परिसर में मतगणना स्थल पर प्रवेश के लिए अधिकृत प्रवेश पत्र की व्यवस्था की गई है। मतगणना परिसर पर बिना पास के प्रवेश नही दी जायेगी। मतगणना कक्ष पर मोबाइल सभी के लिए वर्जित है। मतगणना स्थल पर सम्पूर्ण गतिविधियों की वीडियो रिकार्डिंग की जायेगी। प्रत्याशी, मतगणना एजेंट, मतगणना कर्मी सहित किसी भी अधिकारी या कर्मचारी या मीडिया प्रतिनिधि मतगणना स्थल में मोबाइल फोन सहित कोई भी इलेक्ट्रानिक गैजेट, स्मार्ट वॉच, पेन ड्राइव, पेन, तम्बाकू, पान, सिगरेट नहीं ले जा सकेंगे। आयोग द्वारा प्रदत्त प्राधिकारपत्रधारी मीडिया प्रतिनिधियों के लिए मतगणना केन्द्र में एक मीडिया सेंटर भी होगा। जबकि विधानसभावार बनाए गए मतगणना कक्ष में प्रवेश हेतु निर्वाचन अभिकर्ताओं को पास के आधार पर प्रवेश दी जाएगी। कलेक्टर के एल चौहान ने बताया कि गणना कक्ष में अभिकर्ताओं के लिए बैठक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है जिसमें प्राथमिकता अनुसार मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दलों के अभ्यर्थियों के अभिकर्ता,मान्यता प्राप्त राज्य दलों के अभ्यर्थियों के अभिकर्ता, अन्य राज्यों के मान्यता प्राप्त राज्य दलों के अभ्यर्थियों के अभिकर्ता जिन्हें आरक्षित प्रतीक के उपयोग की अनुमति प्राप्त हो। पंजीकृत अमान्यता प्राप्त दलों के अभ्यर्थियों के अभिकर्ता, निर्दलीय अभ्यर्थियों के अभिकर्ता बैठेंगे। गणना हाल में अभिकर्ता आबंटित टेबल पर बैठेंगे। गणना परिसर में आरओ/प्रेक्षक के अतिरिक्त मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति किसी को नहीं होगी। अभिकर्ताओं



को हाल में घूमने की अनुमति नहीं होगी। प्रतिभागी अभ्यर्थी के स्थान पर केवल एक व्यक्ति-अभ्यर्थी/अभिकर्ता ही टेबल पर उपस्थित होना चाहिए। यदि एआरओ को किसी व्यक्ति पर संदेह हो तो अधिकृत पत्र होने के बावजूद आरओ उसकी तलाशी ले सकता है। पुलिस कर्मी गणना हाल के द्वार पर तैनात रहेंगे। एआरओ की अनुमति के बिना कोई भी व्यक्ति हाल में प्रवेश अथवा निकास नहीं कर सकता। कलेक्टर ने प्रातः स्ट्रांग रूम खोलने के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मतगणना दिवस को प्रातः 8 बजे से गणना प्रारंभ की जायेगी। पोस्टल बैलेट एवं ईटीपीबीएस की गणना जांजगीर एवं रायपुर में होगी। प्रातः 08:00 बजे से प्रारंभ होने वाले कंट्रोल यूनिट के वोटो की गणना के लिये विधानसभा बलौदाबाजार एवं भाटापारा के लिए 14-14 टेबल एवं कसडोल के लिए 21 टेबल लगायी जायेगी। इसके लिये अभ्यर्थी प्रत्येक टेबल पर अपना एक निर्वाचन अभिकर्ता नियुक्त कर सकता है। रेण्डम आधार पर हर विधानसभा के किसी पांच मतदान केंद्र के वीवीपैट मशीन की पर्चियों की गणना अनिवार्य रूप से की जायेगी। बैठक में आग्रह किया गया कि मतगणना स्थल पर प्रत्याशी, एजेंट सभी नियमों का पालन करे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक राउण्ड की गिनती समाप्त होने के पश्चात ही दूसरे राउण्ड की गिनती प्रारंभ की जायेगी। इस दौरान किसी प्रकार की आपत्ति होने पर अन्य राउंड शुरू होने से पूर्व दर्ज कराई जा सकेगी। चौहान ने बताया की गणना प्रारंभ होने से एक घंटा पूर्व काउंटिंग एजेंट को निर्धारित स्थान पर बैठने के निर्देश दिए। उन्होंने राजनीतिक दल के पदाधिकारियों को बताया कि प्रत्येक राउंड में प्राप्त मतों का टेबुलेशन करने के साथ ही की जानकारी एआरओ के माध्यम से अनाउंस करने के साथ ही एक कॉपी उपलब्ध कराई जाएगी। प्रत्येक राउंड में प्रेक्षक द्वारा दो मशीनों का रेण्डमली जांच किया जाएगा। उन्होंने मतगणना कक्ष में किसी भी मशीन के खराब होने या बटन काम नहीं करने की दशा में मशीन को सुरक्षित रिटर्निंग अधिकारी के पास रखने तथा इन मशीनों के मतों की गणना निकटतम प्रत्याशियों के बीच कम मतों का अंतर होने के आधार पर निर्णय लेते हुए वीवीपैट के पर्चियों की गणना की जानकारी दी। बैठक में बताया गया कि मतगणना परिसर के बाहर चारों ओर 100 मीटर परिधि के क्षेत्र को पैदल यात्री क्षेत्र के रूप में निर्धारित कर गणना परिसर के प्रवेश द्वारों को विधिवत अवरूद्ध किया जायेगा साथ ही इस क्षेत्र में किसी भी वाहन को पार करने की अनुमति नही होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना की प्रक्रिया निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत पारदर्शी तरीके से होने की जानकारी देते हुए सभी से आग्रह किया कि मतगणना परिसर एवं मतगणना कक्ष में सभी शांति व्यवस्था बनाए रखेंगे ताकि मतगणना का कार्य समय पर सुचारू रूप से संपन्न हो सके। बैठक में लोकसभा के प्रत्याशियों द्वारा अधिकृत राजनीतिक दल के पदाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे, एसडीएम बलौदाबाजार अमित गुप्ता, भाटापारा नितीन तिवारी सहित भाजपा से विजय केशरवानी, नरेश केसरवानी, कांग्रेस से लखेश साहू, आम आदमी पार्टी से भूनेश्वर सिंह, जोगी कांग्रेस से सुशील बंजारे, बसपा से डी डी बरतामसी सहित अन्य पार्टियों के प्रतिनिधिगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# टेबुलेशन कार्य के लिए अधिकारी-कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

पायनियर संवाददाता ‹ महासमुंद
www.dailypioneer.com

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय क्षेत्र क्रमांक 09 महासमुंद के मतगणना कार्य 4 जून 2024 को प्रातः 6:00 बजे से कृषि उपज मंडी परिसर पिटियाझर महासमुंद में किया जाएगा। रिटर्निंग ऑफिसर प्रभात मलिक ने विधानसभा और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की टेबल में टेबुलेशन एवं अन्य कार्य किए जाने के लिए मधु साहू उपसंचालक जिला योजना एवं सांख्यिकी के मार्गदर्शन में कार्य संपादित करने के लिए विधानसभा वार अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 39-सरायपाली के लिए सहायक अधिकारी के रूप में जुगल किशोर पटेल तहसील सरायपाली, सहायक टेबुलेशन अधिकारी संजय कुमार साहू सहायक सांख्यिकी अधिकारी, सहायक के रूप में लोकेश कुमार वर्मा डाटा एंट्री ऑपरेटर, दिनेश कुमार लहरे डाटा एंट्री ऑपरेटर व फोटोकॉपी एवं अन्य कार्य के लिए चंद्र कुमार जसपाल भृत्य की ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 40-बसना के लिए सहायक अधिकारी के रूप में नितिन ठाकुर तहसीलदार पिथौरा, सहायक टेबुलेशन अधिकारी निखिल भारद्वाज सहायक सांख्यिकी अधिकारी, सहायक हरिकेश चौधरी डाटा एंट्री ऑपरेटर, मनीष दीवान डाटा एंट्री ऑपरेटर व फोटोकॉपी तथा अन्य कार्य के लिए नागेश ध्रुव अभिलेख की ड्यूटी लगाई गई है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 40-खल्लारी के लिए सहायक अधिकारी के रूप में लीलाधर कंवर तहसीलदार बागबाहरा, सहायक टेबुलेशन अधिकारी कैलाश साहू सहायक सांख्यिकी अधिकारी, सहायक रणवीर सोनी डाटा एंट्री ऑपरेटर, टेकराम रात्रे डाटा एंट्री ऑपरेटर व फोटोकॉपी एवं अन्य कार्य के लिए कमलेश कुमार भृत्य तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 42-महासमुंद के लिए सहायक अधिकारी के रूप में श्रीधर पण्डा प्रभारी तहसीलदार महासमुंद, सहायक टेबुलेशन अधिकारी लिली मोरी एक्का सहायक सांख्यिकी अधिकारी, सहायक के रूप में ओम प्रकाश चौधरी डाटा एंट्री ऑपरेटर, राजू कुमार बांसवार डाटा एंट्री ऑपरेटर व फोटोकॉपी एवं अन्य कार्य के लिए संजय कुमार आड़े की ड्यूटी लगाई गई है। उक्त सभी अधिकारी कर्मचारियों को निर्धारित तिथि पर नियत समय एवं मतगणना स्थल पर अनिवार्यतः उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

# कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक




पायनियर संवाददाता ‹ महासमुंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर प्रभात मलिक ने समय-सीमा की बैठक लेकर जिला अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मलिक ने लंबित समय-सीमा पत्रकों की समीक्षा करते हुए कहा कि वास्तविक निराकरण के पश्चात ही इसे विलोपन किया जाए। उन्होंने ऑनलाईन मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से समय-सीमा पत्रकों की समीक्षा की। इसके लिए सॉफ्टवेयर तैयार किए गए है। कलेक्टर ने सॉफ्टवेयर से संबंधित बारीकियों से संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया। बैठक में विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र को लेकर अनुविभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि कोई भी छात्र या पालक बिना किसी ठोस कारण के जाति प्रमाण पत्र के लिए न भटके। उन्होंने आगामी खरीफ सीजन में किसानों को खाद और बीज की उपलब्धता के लिए पर्याप्त इंतजाम करने के निर्देश दिए है। खाद और बीज सोसायटियों में समय पर पहुंच जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की कालाबाजारी या अधिक कीमत पर विक्रय बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने केसीसी कार्ड की भी जानकारी ली। कलेक्टर मलिक ने अंतर्विभागीय समन्वय के संबंध में भी जानकारी ली। बैठक में अपर कलेक्टर निर्भय साहू, रवि साहू एवं अन्य जिला अधिकारी मौजूद थे।

# नालियों का पानी सड़क पर बह रहा सफाई कर्मचारियों को लगाई फटकार

पायनियर संवाददाता ‹ महासमुंद
www.dailypioneer.com

शहर में सफाई व्यवस्था की मॉनीटरिंग के लिए नगर पालिका का अमला निकला। इस दौरान कौशिक कॉलोनी में नालियों की सफाई नहीं होने की वजह से सड़क पर गंदा पानी भरा हुआ मिला। सीएमओ टॉमसन रात्रे ने मौके पर ही कर्मचारियों की फटकार लगाई बाद नालियों की सफाई कराई। इधर सीएमओ ने स्वच्छता टीम के साथ कालेज रोड का भी निरीक्षण किया। शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नगर पालिका की टीम हर रोज सफाई व्यवस्था का निरीक्षण



करती है। इसी के तहत सीएमओ टॉमसन रात्रे सहित नगर पालिका का अमला सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के लिए मंगलवार की सुबह निकले। इस दौरान कौशिक कॉलोनी में जलभराव की स्थिती थी, इसके पीछे की वजह यह थी कि भवन निर्माण सामाग्री नाली में गिरने से नाली जाम हो गई थी। सफाई व्यवस्था को लेकर सीएमओ ने सफाई निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि वह सतत मॉनीटरिंग कर रोज रिपोर्ट दे। प्रदूषण रोकने के लिए नगर पालिका ने शहर के होटलों में कोयला एवं लकड़ी के चूल्हे जलाने पर प्रतिबंध लगा है। बावजूद होटलों में खुलेआम ऐसे चूल्हे का प्रयोग किया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने टीम के साथ तुमगांव रोड में स्थित होटलों में जलाए जा रहे कोयला एवं लकड़ी के चूल्हे को ध्वस्त किया और दुकानदारों को भविष्य में ऐसे चूल्हे का प्रयोग करने पर जुर्माना के साथ-सथ कानूनी का कार्रवाई की चेतावनी दी। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कहा कि शहर में प्रदूषण रोकने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। इसके तहत शहरी क्षेत्र के होटलों एवं फुटपाथी चाय एवं नाश्ते की दुकानों में कोयला एवं लकड़ी के चूल्हे के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है ताकि शहर के लोग प्रदूषण का शिकार कम हो सके। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे, स्वच्छता प्रभारी दिलीप चन्द्राकर, स्वच्छ भारत मिशन के प्रभारी नौशाद बक्श, सफाई विभाग के जीतू सोनी, विकास यादव, आदि मौजूद रहे।

# जनता की समस्याओं को लेकर डॉ. चोपड़ा ने एसडीएम से की मुलाकात

पायनियर संवाददाता ‹ महासमुंद
www.dailypioneer.com

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने भारतीय जनता पार्टी के नेता देवीचंद राठी, मोहन साहू, पवन साहू, जितेंद्र साहू, महेंद्र सिक्का, सुरेंद्र महाराज, गुड्डा सिन्हा, हाफिज कुरैशी आदि के साथ अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार कार्यालय में उपस्थित होकर लोगों की समस्याओं के संबंध में चर्चा कर अधिकारियों के माध्यम से समस्याओं के निपटारे का प्रयास किया। आसपास के क्षेत्र के दर्जनों लोगों ने डॉ. चोपड़ा से मिलकर अपनी समस्याओं की जानकारी दी एवं हल करने का निवेदन किया। इन समस्याओं को रजिस्टर में लिखकर



एस.डी.एम. कार्यालय में विस्तार पूर्वक चर्चा तहसीलदार की उपस्थिति में की गई। खैरा ग्राम के बंदोबस्त त्रुटि को लेकर लभरा के किसान महेश चंद्राकर उपस्थित हुए। लगभग 20-25 वर्ष पुरानी इस समस्या को 15-20 दिनों में निराकरण का आश्वासन मिला। उसी प्रकार अनेक सीमांकन एवं अन्य समस्याओं पर भी चर्चा हुई, जिस पर चुनाव की व्यस्तताओं के कारण देर होने की बात कह कर शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया गया। चर्चा के दौरान पिछले वर्ष झलप-पटेवा एवं महासमुंद जिले के अन्य क्षेत्रों में हुई ओलावृष्टि क्षति की राशि वितरण की मांग डॉ. चोपड़ा द्वारा की गई जिस पर अनुविभागीय अधिकारी ने बताया कि आप लोगों के आंदोलन के पश्चात राशि की मांग शासन को भेजी गई थी उसे शासन ने स्वीकृत कर भेज दिया है, जिसका वितरण आचार संहिता के पश्चात 6 जून को कर दिया जाएगा। एस.डी.एम. कार्यालय में सौहार्दपूर्ण वातावरण में चर्चा के पश्चात अगले बुधवार को पुनः समस्या के निराकरण की चर्चा कर वार्ता समाप्त की गई। इस कार्यक्रम की जानकारी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव को दी गई। इस जन सेवा की अनुमति उनसे प्राप्त की गई।

# वाहन किराया पाने 6 जून तक जमा करें लॉग बुक सहित अन्य जरूरी दस्तावेज

**बलौदाबाजार।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान निर्वाचन कार्य संपादन हेतु विभिन्न प्रकार के बस एवं चार पहियां वाहन अधिग्रहण किया गया था। जिसका किराया भुगतान करने हेतु बिल (देयक) तैयार किया जाना है। जिसके लिये अधिकृत वाहनों का लॉगबुक एवं वाहन मालिक का बैंक खाता की जानकारी के साथ आर सी और आधारकार्ड एवं पैनकार्ड की छायाप्रति उप जिला निर्वाचन कार्यालय बलौदाबाजार भाटापारा में जमा किया जाना है। जिसकी अंतिम तिथी 06 जून 2024 है।

# अधिकारी-कर्मचारियों ने आतंकवाद विरोधी शपथ ली




पायनियर संवाददाता ‹ महासमुंद
www.dailypioneer.com

अपर कलेक्टर रवि साहू ने कलेक्ट्रेट परिसर में आतंकवाद विरोधी दिवस पर आतंकवाद विरोधी शपथ दिलाई। इस मौके पर संयुक्त कलेक्टर एस. के. टंडन, जनपद सीईओ मिषा कोसले सहित अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों ने शपथ ली। इसके अलावा जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में राज्य शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार अधिकारियों-कर्मचारियों ने आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए आतंकवाद विरोधी शपथ ली। बता दें कि भारत सरकार, गृह मंत्रालय के द्वारा दिए गए निर्देशानुसार आतंकवाद विरोधी शपथ सभी शासकीय कार्यालयों, भारत सरकार के उपक्रम एवं अन्य संस्थाओं द्वारा विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया गया। आतंकवाद विरोधी दिवस मनाने का उद्देश्य आम लोगों के कष्टों को सामने लाकर और दर्शाकर की आतंकवाद किस तरह राष्ट्रीय हित के विरूद्ध है। युवाओं को आतंक और हिंसा के रास्ते से दूर करना है।

# पारा चढ़ने के साथ बढ़ा हीट-स्ट्रोक का खतरा, सीएमएचओ ने लोगों को किया सचेत

## लू के प्रकोप को देखते हुए सीएमएचओ ने जारी किया एडवाइजरी

पायनियर संवाददाता ‹ महासमुंद
www.dailypioneer.com

ग्रीष्म ऋतु में तेज धूप और गर्म हवाओं का असर दिखने लगा है। पारा चढ़ने के साथ लू (हीट एंड स्ट्रोक) का भी खतरा बढ़ रहा है। इसे देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी. कुदेशिया ने लोगों से शरीर में पानी की कमी न होने देने की अपील की है। ज्यादा गर्मी के कारण शरीर में पानी की कमी या डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। इसका सेहत पर बुरा असर पड़ता है। आमतौर पर लोग इस समस्या को गंभीरता से नहीं लेते। स्वास्थ्य विभाग ने लू से बचाव और इसके प्रबंधन हेतु व्यापक जन-जागरूकता के लिए विस्तृत जानकारी प्रसारित की है।

### लू के लक्षण

सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्क र और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न आना, अधिक प्यास लगना, पेशाब कम आना, भूख न लगना और बेहोशी लू लगने के लक्षण हैं।

### लू से बचाव के उपाय

लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज, मुख्यतः नमक की कमी होना है। इससे बचाव के लिए सावधानी रखना आवश्यक है। बहुत अनिवार्य न हो तो गर्मी में घर से बाहर न जाएं। धूप में निकलने से पहले सिर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें। लू से बचने के लिए पानी अधिक मात्रा में पिएं खाली पेट न रहे। अधिक समय तक धूप में न रहें। गर्मियों में मुलायम सूती के कपड़े पहनना चाहिए ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहें। अधिक पसीना आने पर ओ.आर.एस. का घोल पिएं। चक्क र या मितली आने पर छायादार स्थान पर आराम करें। शीतल पेयजल, जूस, लस्सी, मठा इत्यादि का सेवन करें।

### लू लगने पर यह करें

लू लगने पर प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से निःशुल्क परामर्श ले सकते हैं। उल्टी, सिरदर्द या तेज बुखार होने पर नजदीकी अस्पताल या स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर जरूरी सलाह लें। बुखार पीड़ित व्यक्ति के सिर पर ठंडे पानी की पट्टी लगाएं। अधिक पानी व पेय पदार्थ जैसे कच्चे आम का पना, जलजीरा इत्यादि पिलाएं। पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लिटाएं। शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करते रहें। पीड़ित व्यक्ति को शीघ्र ही किसी नजदीकी डॉक्टर या अस्पताल में इलाज के लिए लेकर जाएं। मितानिन या ए.एन.एम. से ओ.आर.एस. के पैकेट के लिए संपर्क करें।

# दोहरे हत्याकांड में दो पिता के हत्या के दो आरोपी पुत्र एवं उनके दो साथी गिरफ्तार

## संपत्ति के लालच में आकर पुत्र ने अपने दोस्तों को पैसे देकर करवाया पिता की हत्या

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

27 मई 2024 को आवेदक भगीरथी पटेल एवं दीनानाथ देवांगन द्वारा पृथक पृथक थाना उपस्थित आकर लिखित आवेदन पेश किया कि आवेदक भागीरथी पटेल के पिता स्व फिरंता पटेल पिता स्व ईतवारी राम पटेल उम्र 82 वर्ष साकिन सिवनीकला थाना कुरूद जिला धमतरी को उसका बडा भाई पुनमचंद पटेल अपने साथी सुदामा देवांगन, मिथलेश देवांगन एवं हरीश कुमार साहू के साथ मिलकर पडयंत्र रचकर एकराय होकर जमीन, ऋण पुस्तिका एवं पैसो की लालच में 06/03/24 के दरमियानी रात को अपने पिता फिरंता पटेल का मुह, नाक, गला दबाकर हत्या कर साक्ष्य छिपाने पर पिता को सामान्य मृत्यु होना समझकर समाजिक रीति रिवाज से शव का कफन दफन किया गया। इसी प्रकार आवेदक दीनानाथ देवांगन के पारिवारिक भाई पंचराम देवांगन पिता भुवन राम देवांगन उम्र 60 वर्ष साकिन बकली थाना कुरूद जिला धमतरी को उसका पुत्र सुदामा देवांगन कर्ज में डूबने से अपने पैतृक जमीन को बिकी करना चाहता था जिस पर



मृतक पंचराम देवांगन को अपत्ति होने पर आरोपी सुदामा देवांगन अपने साथी पूनमचंद पटेल, हरीश कुमार साहू के साथ मिलकर 14/05/2024 को पंडयत्र रचकर एकराय होकर प्रातः 10 बजे अपनी मां एवं पत्नी को खेत भेजने के बाद पिता पंचराम को अकेला पाकर टावेल से मुंह नाक गला दबाकर हत्या कर दिया एवं साक्ष्य छिपाने की उदेदश्य से मृतक पंचराम का सामान्य मृत्यु होना बताकर शव को सामाजिक रीति रिवाज से दाह संस्कार किया। 25/05/2024 को ग्राम बकली में ग्राम प्रमुख एवं ग्रामीणों के समक्ष उक्त चारो आरोपीगण ग्राम सिवनीकला एवं ग्राम बकली में अपराध करना स्वीकार करने पर आवेदन प्राप्त होने पर पृथक पृथक मर्ग कायमी कर मृतक फिरंता पटेल के शव को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष उत्खनन करवा कर पीएम हेतु भेजा गया एवं मृतक पंचराम देवांगन के शव के शेष राख जप्त कर पृथक पृथक अपराध कमांक 256/24 धारा 302, 201, 120बी, 34 एवं 257/24 धारा 302, 201, 120बी, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। कुरुद पुलिस द्वारा आस पास के लोगों से पूछताछ एवं मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर संदेहीगण पुनमचंद पटेल, सुदामा देवांगन, मिथलेश देवांगन एवं हरीश कुमार साहू को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपना अपना जुर्म स्वीकर करते हुए उक्त दोनों हत्या को पडयंत्र रचकर एकराय होकर करना बताये। ग्राम सिवनीकला की हत्या में 06/03/2024 के दरम्यानी रात को आरोपी सुदामा अपने प्लेटिना मोटर सायकल कमांक सीजी 05 एएच 8527 से मिथलेश एवं हरीश को ग्राम बकली से सिवनीकला आकर आरोपी पूनमचंद पटेल से मिलकर मृतक फिरंता पटेल के हाथ पैर को पडकर गमछा से मुह नाक गला दबाकर हत्या करना स्वीकार कर आरोपी पुनमचंद पटेल द्वारा पिता की हत्या में साथी सुदामा देवांगन को 70,000 रूपये, मिथलेश देवांगन को 70, 000 रूपये एवं हरीश कुमार साहू को 70,000 रूपये देना स्वीकार किया है एवं ग्राम बकली में 14/05/2024 को आरोपी पूनमचंद पटेल अपने प्लेटिना मोटर सायकल कमांक सीजी 05 एक्यू 5508 में आकर आरोपी सुदामा देवांगन, हरीश साहू के साथ मिलकर मृतक पंच राम देवांगन के हाथ पैर को पकडकर गमछा से मुह नाक गला दबाकर हत्या करना स्वीकार किये है। आरोपी अपराध कमांक 256/24 धारा 302, 201, 120बी, 34 भादवि, पूनमचंद पटेल पिता स्वण् फिरंता पटेल उम्र 42 साकिन सिवनीकला थाना कुरूद जिला धमतरी, सुदामा देवांगन पिता स्व पंचराम देवांगन उम्र 29 वर्ष साकिन बकली थाना कुरुद जिला धमतरी, हरीश कुमार साहू पिता तेजराम साहू उम्र 18 वर्ष 08 माह साकिन बकली थाना कुरूद जिला धमतरी, मिथलेश देवांगन पिता ओमकार नाथ देवांगन उम्र 21 वर्ष साकिन बकली थाना कुरूद जिला धमतरी, वहीं अपराध कमांक 257/24 धारा 302, 201, 120बी, 34 भादवि, सुदामा देवांगन पिता स्वण् पंचराम देवांगन उम्र 29 वर्ष साकिन बकली थाना कुरूद जिला धमतरी, पूनमचंद पटेल पिता स्व. फिरंता पटेल उम्र 42 साकिन सिवनीकला थाना कुरूद जिला धमतरी, हरीश कुमार साहू पिता तेजराम साहू उम्र 18 वर्ष 08 माह साकिन बकली थाना कुरूद जिला धमतरी, जप्त रूपए अपराध कमांक 256/24 धारा 302, 201, 120बी,34 भादवि पूनमचंद पटेल के कब्जे से हत्या मे प्रयुक्त 1 नग कपडे गमछा, ऋण पुस्तिका 1 आरोपी 2 आरोपी सुदामा देवांगन के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त प्लेटिना मो.साय. कमांक सीजी 05 एएच 8527 एवं घटना में प्रयुक्त 01 नग सैमसंग गैलेक्सी मोबाईल, आरोपी हरीश कुमार साहू के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 नग वीवो मोबाईल, आरोपी मिथलेश देवांगन के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 नग मोबाईल, वहीं जप्त रूपए अपराध कमांक 257/24 धारा 302, 201,120बी, 34 भादवि- आरोपी सुदामा देवांगन के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त 01 नग कपडे का टावेल, आरोपी पूनमचंद पटेल के कब्जे से हत्या प्रयुक्त 01 नग प्लेटिना मो.साय. कमांक सीजी 05 एक्यू 5508, उपरोक्त कार्यवाही में थाना कुरूद से प्रभारी निरीक्षक अरूण साहू, सउनि सुरेश नंद,सउनि पुष्पानंद ध्रुव, प्रआर राजेश चन्द्राकर, आरक्षक मनोज कुमार सिन्हा, पुनमचंद सोनवानी महेश साहू, बोधन निषाद,मानक लाल साहू,महिला आरक्षक शिवा यादवए संतोषी साहू की सराहनीय भूमिका रही।

# शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने से पहले कार्य योजना बनाकर सभी आवश्यक तैयारियां सुनिशिचत करें : कलेक्टर चौधरी

## शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जिले में शिक्षा के स्तर और बेहतर बनाने की दिशा में प्रयास करने तथा नवाचार को अपनाने दिए निर्देश

- आरटीई के तहत चयनित विद्यार्थियों का करें भौतिक सत्यापन, कलेक्टर ने ली शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आज कृष्णा पब्लिक स्कूल के सभागार में शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यो की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। प्राचार्यो की बैठक लेकर शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने से पहले कार्य योजना बनाकर सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आगामी 16 जून से शत-प्रतिशत स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव मनाने तथा पाठ्य-पुस्तक, गणवेश एवं साइकिल वितरण कराने को कहा। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जिले में शिक्षा के स्तर और बेहतर बनाने की दिशा में प्रयास करने तथा नवाचार को अपनाने के निर्देश दिए। बच्चों के विकास और भविष्य के लिए पढ़ाई का होना बहुत जरूरी माना गया है और उन्हें शिक्षा स्कूलों से प्राप्त होती है। स्कूल कई प्रमुख तरीकों से बच्चों के संज्ञानात्मक और शैक्षणिक विकास में योगदान देते हैं। बच्चों का विकास करना और उनकी क्षमता को बढ़ाने के लिए प्रत्येक शिक्षक और प्राचार्य की जिम्मेदारी है। बच्चे के उज्जवल भविष्य के लिए यह बेहद जरूरी है कि पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ वह अन्य गतिविधियों में भी सक्रिय रहे। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि परीक्षा में बेहतर परिणाम के लिए बालक-बालिकाओं के साथ-साथ शिक्षकों को मेहनत करने की आवश्यकता है। शिक्षा के स्तर में सुधार और परीक्षा परिणाम बेहतर हो इसके लिए बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों को भी मेहनत करनी होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा का अधिकार (आरटीई) पोर्टल का सत्यापन आप लोगों के द्वारा किया जाता है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को आरटीई का लाभ मिल सके, यह सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए स्कूल के अध्यापकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों को उनके पाठ्यपुस्तकों से पढ़ाई कराएं, बच्चों को कुंजी से पढ़ाते हुए कोई अध्यापक पाए जाने पर उस पर कार्यवाही की जाएगी। साथ ही शिक्षकों को बच्चों को विषयवार नोटस बनाने प्रेरित करने को कहा। जो सफलता व ज्ञान पाठ्यपुस्तक से मिल सकती है वह ज्ञान कुंजी से नही मिल सकती। स्कूलों के प्राचार्य से परिणामों में कमियों का संज्ञान लिया और परीक्षा परिणाम पूर्व वर्ष के परिणामों से बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान देने को कहा। इसके लिए बच्चों का वर्गीकरण किया जाए, ताकि पता चल सके कौन सा बच्चा पढ़ाई में उत्तम है, मध्यम है और कौन सा बच्चा कमजोर है, उस आधार पर उसकों गाईड लाईन देना है। उन्होंने कहा संवाद सबसे अच्छा माध्यम है एक शिक्षक का संवाद जितना अच्छा रहेगा बच्चे और शिक्षक की दूरिया उतनी ही कम होगी। बच्चे खुलकर विषयवार अपनी समस्या बता सकेंगे। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को सभी शासकीय एवं निजी स्कूलों में आधार कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाने को कहा, ताकि स्कूल में भर्ती के समय आधार कार्ड से संबंधित समस्या न आए। कलेक्टर ने आरटीई के तहत दिए गए प्रवेश में से लगभग 10 प्रतिशत बच्चों के ड्रॉप आउट होने पर चिंता प्रकट की तथा विद्यालयवार इसकी समीक्षा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में स्कूलों से ड्रॉप आउट बच्चों से शाला त्यागने की वजह को जानकर उनकी समस्याओं का समाधान करवाने पहल करने को कहा।

# कैच द रेन एवं फाईट द बाइट पर सेमिनार आयोजित

पायनियर संवाददाता < भिलाईनगर
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में कैच द रेन एवं फाईट द बाइट पर सेमिनार आयोजित किया गया। जिसका प्रमुख उददेश्य था बरसात के पानी को संरक्षित करना एवं मच्छर के लार्वा पनपने से पहले उसका उन्मूलन कर देना। भिलाई क्षेत्र के सभी रेसिडेंस एसोसिएसन के पदाधिकारियो को बुलाया गया था उन्हे नगर निगम के भवन अधिकारी हिमांशु देशमुख द्वारा शासन की योजना कैच द रेन के बारे में बताया गया कि किसी प्रकार से हम अपने कालोनी में सोक पिट, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, वाटर रिचार्ज बना करके, वर्षा के जल को सरंक्षित कर सकते है साथ ही बोरिंग को रिर्चाज करके जमीन के भू स्तर को बढाया जा सकता है। इसके बारे मे उन्हे जानकारी दी गई की किस प्रकार से सोक पिट बनाया जा सकता है एवं किस प्रकार से हम थोड़ा सा प्रयास करके कालोनी के अंदर जल स्तर को बढ़ा सकते है। फाइट द बाइट के अंतर्गत जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. चंद्रभान सिंह बंजारे द्वारा बताया गया कि किस प्रकार से हम अपने हाउसिंग सोसायटी को मच्छर से मुक्त कर सकते है हमे ध्यान देना होगा कि हमारे सोसायटी के कुलर, गमला, पानी टंकी, स्वीमिंग पूल, फलावर पॉट, फ्रीज के नीचे एवं अन्य स्थान पर जहा पर पानी भरने की संभावना है वहॉ पर मच्छर के लार्वा पनप सकते है। ऐसे जगहो पर थोड़ी सी सावधानी करके वहां जला आईल, मलेरिया आईल, टेमिफास डाल करके मच्छर के अण्डो को मार सकते है। एक मच्छर 150 से अधिक अण्डे देता है, अगर हम उसे नहीं मारेगे तो बढ़ते क्रम में बढ़ते ही जायेगा। सोसायटी के पदाधिकारियो ने अपना पक्ष रखा उसमे से यह निर्धारित हुआ की नगर निगम भिलाई एवं मलेरिया उन्मूलन स्वास्थ्य विभाग की टीम संयुकत रूप से एक तिथि निर्धारित करके हाउसिंग सोसयटी के लोगो के बीच जायेगी, निवासरत नागरिको को समझायेगी, इसमे सोसायटी के लोग भी सहयोग करेगें। यह सब कार्य 15 जून बरसात आने से पहले करने का सब लोगो ने निश्चय किया है। सेमिनार के दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, डॉ. तुसार वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा, भवन अनुज्ञा के इंजिनियर सभी जोन के स्वास्थ्य अधिकारी, शहरी अजीविका मिशन के स्टाफ के साथ हाउसिंग सोसायटी के वंदे मातरम सोसायटी, श्रीराम हाईटस, शिखर अपाटमेंट, कृष्णा ग्रैण्ड सिटी, आकृति हाईटस, अविनाश डेवलर्प्स आदि के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी लोगो ने जागरूकता लाने का शपथ लिया।

# नालियो में कचरा फेकते पाये गये व्यापारियों से निगम ने वसूला 6300 का अर्थदण्ड

पायनियर संवाददाता < भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में बरसात के समय निचली बस्तीयो या कहीं पर भी जलभराव न हो उसके लिए सफाई अभियान युद्व स्तर पर जारी है। परन्तु बहुत से व्यापारीयो द्वारा अपने आदत से मजबूर अपने दुकानो से निकलने वाले कचरो को नाली में फेंक देते है। ऐसे दुकानदारो पर आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के आदेशानुसार निगम की कार्यवाही जारी है। निगम की कार्यवाही पॉचो जोन कार्यालय क्षेत्र में जारी है। इसी तारतम्य में जोन क्रमांक 02 के स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा अपने दल के साथ निरीक्षण के दौरान मौके पर कचरा फेंकते हुए पाया शास्त्री नगर के नीतू किराना स्टोर के व्यापारी द्वारा नाली में कचरा फेंका जा रहा था उससे 500 अर्थदण्ड वसूला गया इसी प्रकार 18 व्यापारियो से नाली में कचरा फेकने का अर्थदण्ड एवं 03 निवासियो द्वारा रोड पर मलवा रखकर सड़क बाधित करने वालो से कुल 6300 अर्थदण्ड वसूली की गई। सनद रहे की जो भी व्यक्ति या व्यापारी अपने घरो या दुकानो से निकलने वाले कचरे को नालियो में डालेगे तो उनसे बढ़ते हुए क्रम में अर्थदण्ड लिया जायेगा। कार्यवाही नगर निगम भिलाई के सभी पॉचो जोन क्षेत्र में चल रहा है एक तरफनिगम प्रतिदिन सफाई कार्य कर रही है दुसरी तरफ नागरिक नालियो में कचरा डाल रहे है। उनसे अर्थदण्ड वसूली की कार्यवाही जारी रहेगी। नगर निगम भिलाई के स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा ने सभी व्यापारियो से अपील की हैं कि अपने दुकानो एवं घरो से निकलने वाले कचरो को सफाई कर्मचारी को ही देवें। यदि व्यापारी अपने आदत को नहीं सुधारेगे तो नियमानुसार उनके गुमशता एवं अनुज्ञप्ति लाईसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की जावेगी। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी व्यापारियो के स्वयं की होगी।

# राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में सुनिश्चित करें : कलेक्टर चौधरी

## कलेक्टर ने की राजस्व प्रकरणों की समीक्षा

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर पिछली राजस्व बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए जमीन से जुड़े सभी अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, राजस्व वसूली, नक्शा बटांकन, डायवर्सन की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभागीय प्रकरणों के निराकरण में लेटलतीफी करने वाले अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए लंबित प्रकरणों को त्वरित रूप से निराकृत कर दायित्वों का निर्वहन सर्वोच्च प्राथमिकता से करने को कहा। सामाजिक संस्थाओं से संबंधित जमीन के मामलों को भी शीघ्रता से समय सीमा के भीतर पूर्ण करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व से संबंधित कोई भी प्रकरण लंबित नही होने चाहिए। उन्होंने राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों तथा तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों से उनके न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरणों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों एवं मुआवजा भुगतान, भारतमाला परियोजना, राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रकरणों का भी त्वरित निराकरण करने निर्देश दिए, जिससे प्रभावित लोगों को मुआवजा प्रदान करने में किसी भी प्रकार का विलंब न हो।

# अंतर्राष्ट्रीय धुम्रपान निषेध दिवस 31 मई 2024 को विभिन्न नशामुक्ति कार्यक्रमों का आयोजन

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय धुम्रपान निषेध दिवस 31 मई 2024 को जन सामान्य में धुम्रपान और तम्बाकू सेवन करने की प्रवृत्ति पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विभिन्न नशामुक्ति कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य धुमपान से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति समाज में जन चेतना विकसित करना है। उप संचालक समाज कल्याण से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में अंतर्राष्ट्रीय धुम्रपान निषेध दिवस पर नशामुक्ति के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे और लोगों को जागरूक किया जाएगा। नशामुक्ति कार्यक्रमों का आयोजन शहर से लेकर ग्राम स्तर तक किया जाएगा। कार्यक्रमों में तम्बाकू सेवन के दुष्प्रभाव पर चर्चा एवं उसके दुष्प्रभाव की जानकारी जनसमुदाय को दी जाएगी। साथ ही सोशल मीडिया में नशापान के दुष्प्रभावों का प्रचार, नशामुक्ति के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नशामुक्ति हेतु रैली प्रदर्शन तथा साहित्य का वितरण, नशामुक्ति प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा। साथ ही आकाशवाणी एवं दूरदर्शन में विषयांतर्गत प्रेरक नाटक, गीत, परिचर्चा आदि का प्रसारण और योगाचार्यो के मार्गदर्शन में योगाभ्यास का प्रदर्शन तथा इससे होने वाले लाभ पर व्याख्यान दिया जाएगा। इस संबंध में जिले के समस्त विभागों, नगरीय निकायों, जनपद पंचायतों, अनुदान प्राप्त स्वैच्छिक संस्थाओं एवं भारत माता वाहिनी समिति से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन के जरिए लोगों को जागरूक करने का आग्रह किया गया है।

# मतगणना स्थल क्षेत्र एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में 4 जून को मदिरा दुकानों के लिए शुष्क अवधि/शुष्क दिवस घोषित

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 (1) के तहत् प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये दुर्ग जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना तिथि 04 जून 2024 दिन मंगलवार को मतगणना स्थल क्षेत्र शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय जुनवानी भिलाई एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में मदिरा दुकानों के लिए ष्शुष्क अवधि/शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी चौधरी के आदेशानुसार उक्त अवधि में मतगणना स्थल क्षेत्र एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित समस्त देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानें, रेस्टॉरेन्ट बार, होटल-बार, क्लब आदि जैसे- एफएल.-1 (घघ), एफएल.-1 (घघ-कम्पोजिट), सी.एस.-2 (घघ), सी.एस.-2(घघा-कम्पोजिट), सी.एस.-2 (ग-अहाता), सी.एस.-2 (ग-कम्पोजिट अहाता), एल.एल.-1 (ख-अहाता), एफएल 3, 4 (क) सम्पूर्ण दिवस बंद रहेंगे।

# 9691 कृषकों को पीएम फसल बीमा क्षतिपूर्ति राशि का होगा भुगतान

**दुर्ग।** जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत मौसम खरीफ वर्ष 2023 में 81101 किसानों द्वारा 100396 हेक्टेयर रकबे में अधिसूचित फसलों का बीमा कराया गया है। जिसमें से कुल 9691 कृषकों को क्षतिपूर्ति राशि 38892256 रूपए का भुगतान किया जाना है। उप संचालक कृषि एल.एम. भगत ने बताया कि अभी तक 9512 कृषकों को क्षर्तिपूर्ति राशि 37077396 रूपए का भुगतान किया गया है। शेष 179 कृषक को क्षतिपूर्ति राशि 1814860 रूपए का भुगतान राष्ट्रीय फसल बीमा पर अपलोड थ्रेसहोल्ड उपज एवं औसत उपज के हैरारकी में विसंगति प्रदर्शित होने के कारण लंबित है। रबी 2023-24 में 29314 किसानों द्वारा रकबा 42035 हेक्टेयर में अधिसूचित फसलों का बीमा कराया गया है। वर्तमान में दावा क्षतिपूर्ति की गणना की कार्यवाही प्रि याधीन है।

# भीषण गर्मी को देखते हुए पानी सप्लाई में निरंतरता बनी रहे : आयुक्त




पायनियर संवाददाता < भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

भिलाई नगर निगम के सभागार में समीक्षा बैठक के दौरान सभी जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उपअभियंता की उपस्थिति में आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने निर्देश दिये कि निगम भिलाई क्षेत्र में कही भी पानी की सप्लाई बाधित न हो। हर नागरिक को पीने का पानी मिले यह सुनिश्चित किया जाये। इस संबंध में नियमित पेयजल सप्लाई के साथ-साथ निगम क्षेत्र के सभी पावर पम्प, हैण्ड पम्प का संधारण गुणवत्तापूर्वक किया जाये, निगम के संधारण करने वाले दस्ता से यह सुनिश्चित किया जाये की उनके द्वारा पम्पो का संधारण किया जा रहा है वह गुणवत्तापूर्वक हो उसी पावर पम्प में दुबारा शिकायत न मिले उसका समय सीमा निर्धारित किया जावे। निगम के द्वारा सप्लाई पाईप लाईन में कहीं भी लिकेज होने की स्थिति में उसका तत्काल संधारण किया जावे। हैण्ड पम्प में कही भी जलभराव न हो यह भी ध्यान रखा जाये।

आवश्यकता हो तो टेंकर से भी सप्लाई नियमित रूप से किया जाये। निगम के इंजिनियर एवं सुपरवाईजर इस बात का ध्यान रखे की जिन बस्तीयो में टेंकर से पानी सप्लाई हो रहा है वहां निर्धारित स्थल एवं समय पर पानी सप्लाई हो। यह शिकायते मिल रही है कि टेंकर सप्लाई करने वाले ड्राईवरो द्वारा चिन्हित स्थल से पहले ही गाड़ी खड़ा कर देते है जिससे नागरिको को परेशानी हो रही है। उसको तुरन्त रोका जाये और ऐसे ड्रायवरो पर कार्यवाही हो, इसके लिए स्थानीय नागरिको से जानकारी प्राप्त किया जाये की पानी समय पर मिल रहा है की नहीं। सभी इंजिनियर एवं सुपरवाईजर इसका निरीक्षण करते रहे। किसी भी नागरिक को पानी की समस्या होने पर निगम के जोन कार्यालय को सूचित करें ।

# कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले के ब्लैक स्पॉट्स में जल्द सुधार पूरा करने दिए निर्देश

- ग्रामीण इलाकों में जागरूकता हेतु चलाए जाएं विशेष अभियानरू कलेक्टर
- खुर्सीपार और सिरसागेट पर यातायात दबाव कम करने बनेंगे फ्लाई ओवर, भेजा गया प्रस्ताव

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग व अन्य सड़कों पर हुई दुर्घटनाओं की रोड, थाना तथा सड़कवार रिर्पोट्स की गहन समीक्षा की तथा चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट्स पर सुधारात्मक कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले की सड़कों में यातायात सुरक्षा को और पुख्ता करने के लिए विभिन्न सुझावों पर विमर्श कर कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए। इसमें विशेष रूप से सड़कों से अवैध कब्जे हटाना, प्रकाश व्यवस्था, संकेतक, रोड मार्किंग व गति नियंत्रक बोर्ड लगाना आदि शामिल है। कलेक्टर ने जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में यातायात जागरूकता बढ़ाने तथा नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर चौधरी ने जनवरी 2024 से अप्रैल 2024 तक सड़क दुर्घटनाओं की रोड, समय एवं वाहन वार समीक्षा की। डी.एस.पी. यातायात सतीश ठाकुर ने बताया कि जनवरी माह की अपेक्षा लगातार दुर्घटनाओं में कमी हुई है। सड़कों पर सुधार कार्य निरंतर जारी है। इसके अलावा जिले के ग्रामीण थानों में सड़क दुर्घटनाएं अधिक हो रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ज्यादातर दुर्घटनाएं शाम 6 बजे से 9 बजे के बीच होती है एवं 3 बजे से 6 बजे तक दुर्घटनाओं की अधिक संभावना होती है। रिपोट्र्स के अनुसार दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण जागरूकता की कमी और शराब का सेवन एवं लापरवाही कर वाहन चलाना है। उन्होंने यह भी बताया कि सड़कों पर ब्लैक स्पॉट्स को कम करने कोशिश लगातार जारी है। इस कड़ी में रसमड़ा चौक से राजवाड़ा ढाबा तक में चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट्स के सुधार हेतु संकेतक बोर्ड, गति नियंत्रक बोर्ड, कैट्स आई, रोड मार्किंग, रम्बलर एवं प्रकाश की समुचित व्यवस्था की गई है। साथ ही रसमड़ा बस्ती की ओर जाने वाली सड़क पर रम्बलर और संकेतक बोर्ड लगाने का कार्य जारी है।

## आयुक्त ने पानी का प्रेशर जांचा, नही मिली समस्या, अधिकारियों को पानी सप्लाई के समय अपने प्रभारित वार्ड में निरीक्षण करने दिए निर्देश

# नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी रोजाना नागरिकों से पानी की उपलब्धता को लेकर फीडबैक लेंगे : आयुक्त

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर निगम के सीमा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 11 और 12 में आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा सुबह कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम सहित अधिकारी/कर्मचारियो के साथ निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण के मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शहर क्षेत्र में चल रहे कार्यो को शीघ्र पूर्ण करें साथ ही सड़क में कार्यो के पश्चात मलबे को हटाने के लिए भी कहा गया।उन्होंने विभागीय अधिकारियो को वार्ड में पानी की समस्या के निराकरण पाइपलाइन कार्य को गम्भीरता से लेते हुए शीघ्र पूर्ण करने की बात कही।तत्पश्चात आयुक्त लोकेश चन्द्राकर गुरुधासीदास वार्ड पहुँचे जहाँ वार्ड क्रमांक 44 एवं अन्य सभी क्षेत्रों में लगभग पानी सप्लाई सामान्य होना पाया गया। आयुक्त ने कहा कि जिन क्षेत्रों में पानी की समस्या मशीनों के खराबी या तकनीकी खराबी के कारण होती है उसे तुरंत संधारण के निर्देश दिए। आयुक्त ने पानी का प्रेशर जांचा, नहीं मिली समस्या। पानी सप्लाई के समय अधिकारी अपने प्रभारित वार्ड में निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी से शहर बेहाल है साफ हिदायत देते हुए कहा कि नगर निगम क्षेत्र में कही भी पानी की सप्लाई बाधित न हो। हर नागरिक को पीने का पानी मिले यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने ये भी कहा कि लीकेज पाइपलाइन की रिपोर्ट तैयार कर उसे समय रहते ठीक करवाने की बात कही। अधिकारी-कर्मचारी रोजाना आम नागरिक से पानी की उपलब्धता को लेकर फीडबैक लेंगे। निरीक्षण के दौरान उपअभियंता मोहित मरकाम,जल कार्य निरीक्षक नारायण सिंह ठाकुर के अलावा अमला मौजूद रहें। इस संबंध में नियमित पेयजल सप्लाई के साथ-साथ निगम क्षेत्र के सभी पाइप लाइन, पावर पम्प एवं हैण्ड पम्प का संधारण गुणवत्तापूर्वक किया जाये। नगर निगम के द्वारा सप्लाई पाईप लाईन में कहीं भी लिकेज होने की स्थिति में उसका तत्काल संधारण किया जावे। हैण्ड पम्प में कही भी जलभराव न हो यह भी ध्यान रखा जाये। आवश्यकता हो तो टेंकर से भी सप्लाई नियमित रूप से किया जाये। नगर निगम के इंजिनियर एवं सुपरवाईजर इस बात का ध्यान रखे कि जिन बस्तियो में टेंकर से पानी सप्लाई हो रहा है वहां निर्धारित स्थल एवं समय पर पानी सप्लाई हो।

# सिकल सेल ईलाज पुस्तिका का विमोचन

## सिकल सेल हेल्पलाईन नंबर जारी



पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

संगवारी व पहल प्रयास से परिणाम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय दुर्ग में सिकल सेल मरीजों के उचित उपचार एवं देखभाल के लिए एक ईलाज पुस्तिका का विमोचन डॉ. हेमंत कुमार साहू, सिविल सर्जन डॉ. अखिलेश यादव, डॉ. नेहा बाफना, डॉ. योगेश्वर कालकोन्डे (न्यूरोलॉजिस्ट), डॉ. बैद्यनाथ, डॉ. ओमप्रकाश वर्मा (अस्पताल सलाहकार) कु. गीता एक्का, प्रवीण कुमार, कु. धर्मीन, लक्ष्मीचंद की उपस्थिति में किया गया। जिला चिकित्सालय दुर्ग में सिकल सेल का निःशुल्क जांच उपचार एवं परामर्श दिया जा रहा हैं, सिकल सेल मरीजों के ईलाज के लिए एक ईलाज पुस्तिका उपलब्ध हैं, जिसे कक्ष कंमाक 17 मेन ओ.पी.डी. से प्राप्त किया जा सकता हैं। अधिक जानकारी के लिए सिकल सेल हेल्पलाईन नंबर 9302404491 पर संपर्क किया जा सकता हैं।

## संपादकीय

# दिल्ली में अग्निकांड प्रशासन जिम्मेदार


**दिल्ली के अग्निकांडों** में 10 लोगों की मौत चुनाव प्रचार में व्यस्त मुख्यमंत्री केजरीवाल के प्रशासन पर सवाल खड़े करती है। यह अत्यधिक भयानक त्रासदी तथा सिविल अधिकारियों का अक्षम्य अपराध है कि दिल्ली में हुए अग्निकांडों में 10 लोगों को अपने जीवन से हाथ धोने पड़े हैं। शनिवार की रात पूर्वी दिल्ली में बच्चों के अस्पताल में आग लगी जिसमें सात बच्चों की मृत्यु हुई। रविवार तड़के इसी जिले में हुई दूसरी दुर्घटना में एक आवासीय इमारत में लगी आग में तीन लोगों को जान से हाथ धोने पड़े। सात मासूम बच्चों की जान लेने वाली अस्पताल की आग हृदयविदारक है। इन त्रासदियों की शिकार राजधानी दु:ख में डूबी है। उसे अपना आत्मावलोकन करना चाहिए। दिल्ली की घटनायें गुजरात में हुए भयानक अग्निकांड के फौरन बाद हुए हैं जिनमें एक 'गेमिंग आर्केड' में 27 बच्चे जिन्दा जल गए थे। यह बात समझ में आती है कि गर्मी में दिल्ली में अग्निकांडों की आशंका बढ़ जाती है। लेकिन आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला शुरू होने और जवाबदेही तय होने से पहले दिल्ली सरकार को इसकी नैतिक जिम्मेदारी लेनी चाहिए और मानव जीवन से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। प्रथमदृष्टया भूतल में आक्सीजन सिलिंडर भंडारण में घोर लापरवाही के कारण शार्ट सर्किट से भयंकर आग फैल गई। लगता है कि 'सुरक्षा प्रोटोकाल' केवल कागजों पर रहते हैं और अधिकारी इनको क्रियान्वित करने की चिन्ता नहीं करते हैं। अक्सर अनिवार्य सुरक्षा उपायों वाले 'अग्नि-प्रोटोकालों' का धड़ल्ले से उल्लंघन होता है तथा 'फायर ड्रिल' कभी नहीं होती हैं। एक अत्यधिक भयानक मामले में पूरा परिवार बिजली शार्ट सर्किट के कारण लगी आग में मौत का शिकार हो गया। अग्निशामक दस्तों तथा वाहनों को संकरी सड़कों और कुछ क्षेत्रों में पानी की भारी कमी जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है और अपने सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद वे जनहानि व संपत्ति का नुकसान नहीं रोक पाते हैं।



इन त्रासद दुर्घटनाओं के बाद जनता बेहतर सुरक्षा मानकों तथा वर्तमान कानूनों के बेहतर क्रियान्वयन की मांग कर रही है। जनता के गम और गुस्से के बीच केजरीवाल की अनुपस्थिति पर भी ध्यान गया है। वर्तमान समय में अंतरिम जमानत पर रिहा होने के बाद वे पंजाब में चुनाव अभियान में लगे हैं। ऐसे में जेल से दिल्ली सरकार चलाने का उनका दावा हास्यास्पद लगता है। वर्तमान तकनीक को देखते हुए भले ही यह तकनीकी रूप से संभव हो, पर वे जमीनी यथार्थ से कटे हैं जो तत्काल प्रत्यक्ष प्रशासन की मांग करता है। एक अन्य राज्य में मुख्यमंत्री के चुनाव प्रचार में व्यस्तता से चिन्ता पैदा होती है कि उनकी प्राथमिकता क्या है? क्या वे भौतिक रूप से अपने घर व कार्यालय से दूर रह कर दिल्ली की तात्कालिक आवश्यकतायें पूरी कर सकते हैं? इन दु:खद घटनाओं की जिम्मेदारी बहुआयामी है। एक ओर तात्कालिक कारण व्यवस्था संबंधी मुद्दे हैं, वहीं दूसरी ओर शहर के प्रशासन और नेतृत्व की व्यापक जवाबदेही है। विडंबना है कि चाहे घाटकोपर त्रासदी हो, गेमिंग आर्केड की आग हो या दिल्ली के अग्निकांड, हम ऐसी दुर्घटनाओं से कोई सबक नहीं लेते हैं। शुरुआती शोर-शराबे के बाद चीजें फिर पहले जैसी हो जाती हैं। समय आ गया है कि हम कम से कम अस्पतालों और स्कूलों में समुचित फायर आडिट सुनिश्चित करें ताकि बच्चों का जीवन संकट में न पड़े। उम्मीद करनी चाहिए कि 'एक्टिविस्ट मुख्यमंत्री' समुचित कार्रवाई करेंगे और बहुत देर होने से पहले राजधानी में स्थितियां सुधरेंगी।

# टैगोर पर भगवान बुद्ध का प्रभाव

गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर अहिंसा तथा सभी जीवों के सम्मान की भगवान बुद्ध की शिक्षाओं से बहुत प्रभावित थे। ये शांति व सद्भावना की इच्छा रखने वाली दुनिया में बहुत महत्वपूर्ण हैं।



**राजदीप पाठक**
(लेखक, गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति से संबद्ध हैं)



नोबेल पुरस्कार से सम्मानित गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर अहिंसा तथा सभी जीवों के सम्मान की भगवान बुद्ध की शिक्षाओं से बहुत प्रभावित थे। यह प्रभाव उनकी अनेक रचनाओं में अभिव्यक्त होता है जिसमें कई नाटक भी शामिल हैं। भगवान बुद्ध की ये शिक्षायें शांति व सद्भावना की इच्छा रखने वाली दुनिया में आज भी बहुत महत्वपूर्ण हैं। हजारों सालों में हुए अनेक परिवर्तनों तथा विज्ञान एवं तकनीक की प्रगति व खासकर पश्चिमी दुनिया में भौतिकवाद के बढ़ते वर्चस्व के बीच भी समकालीन दुनिया में भगवान बुद्ध की शिक्षाओं की प्रासांगिकता बनी हुई है।

भगवान बुद्ध के अहिंसा व सहानुभूति के सिद्धान्त वर्तमान समय की ऐसी दुनिया में ज्यादा सामंजस्य का मार्ग दिखाते हैं जो अक्सर टकरावों का शिकार बनती है। भगवान बुद्ध की शिक्षाओं में सभी प्रकार के जीवों के प्रति प्रेम व सहानुभूति तथा संपूर्ण जीवजगत की परस्पर निर्भरता पर जोर दिया गया है। बुद्ध द्वारा प्रतिपादित ये सिद्धान्त वर्तमान पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने में महत्वपूर्ण हैं। उल्लेखनीय है कि सारी दुनिया के समक्ष मौजूद पर्यावरणीय संकट न केवल मानवजाति, बल्कि संपूर्ण जीवजगत और इस पृथ्वी ग्रह के अस्तित्व को ही खतरे में डाल रहे हैं। इन मूल्यों को स्वीकार करने से टिकाऊ व्यवहारों तथा प्रकृति के साथ गहरे संबंधों को बढ़ावा मिलता है। भगवान बुद्ध के 'अष्टांग मार्ग' में रेखांकित नैतिक जीवनशैली का महत्व वैयक्तिक, पेशेवर व सामाजिक संदर्भ में प्रासांगिक है जो सहयोग तथा निष्ठा को बढ़ावा देता है।

इस दर्शन का अनुसरण करने वालों में वियतनामी जेन मास्टर थिच न्हाट हान एलियास शामिल हैं। उन्होंने अहिंसा, सहानुभूति तथा विचार का महत्व विश्व शांति के लिए रेखांकित किया है। उनके 'समाहित बौद्धवाद' में दिन प्रतिदिन के जीवन तथा सोशल एक्टिविज्म में सम्यक विचार को समाहित करने की शिक्षा है। इसमें टकरावों के समाधान तथा पर्यावरण की देखभाल को समुचित महत्व दिया गया है। उनकी शिक्षाओं में गहन रूप से सुनने तथा प्रिय भाषण शामिल हैं जो विभाजनों को पाटने तथा समुदायों को शांति प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसी प्रकार तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा ने अंतरधार्मिक संवाद, सहानुभूति एवं नैतिक दायित्व पर जोर दिया है जिससे मानवाधिकारों तथा टिकाऊ विकास के लिए वैश्विक आंदोलनों को प्रेरणा मिली है। नोबेल पुरस्कार से सम्मानित गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर ने बौद्ध धर्म से प्रेरणा प्राप्त की थी जो उनकी रचनाओं में स्पष्ट दिखती है। विश्व मानववाद का उनका दृष्टिकोण बुद्ध की सहानुभूति तथा प्रेम व दया की शिक्षाओं से जुड़ा है। टैगोर की रचनाओं का संबंध आमतौर से आंतरिक शांति व आत्म-स्वीकृति से है जो बौद्ध धर्म की अवधारणाओं पर आधारित है। शिक्षा के प्रति उनके समग्र दृष्टिकोण में भी व्यक्तित्व के संपूर्ण विकास पर जोर दिया गया है जो बौद्ध धर्म में 'विवेक के विकास' पर केन्द्रित है। बुद्ध की शिक्षाओं में समावेशन, सहानुभूति तथा प्रत्येक को जागरूक करने की अंतर्निहित क्षमताओं पर जोर दिया गया है, भले ही किसी का सामाजिक स्तर चाहे जो हो। उन्होंने जाति व्यवस्था को अस्वीकार करते हुए जन्मजात अधिकार पर नैतिक व्यवहार को वरीयता दी थी। ब्रिटिश इतिहासकार और लेखक करेन आर्मस्ट्रांग के अनुसार, बुद्ध ने जाति व्यवस्था को स्वीकृति न देकर अपने समय के धार्मिक व सामाजिक मानकों को चुनौती दी। बौद्ध भिक्षुओं के समुदाय में भी 'संघ' में सभी पृष्ठभूमियों के लोगों का स्वागत कर आध्यात्मिक समानता तथा समावेशन को महत्व दिया गया है। अपने एक नाटक 'चंडालिका' में टैगोर ने प्रकृति के चरित्र से खुलेपन की अवधारणा व्याख्यायित की है। इसमें प्रकृति अशपृश्य जाति की एक महिला तथा आनन्द प्रख्यात बौद्ध भिक्षु हैं। बौद्ध अभिलेखों से प्रेरणा प्राप्त कर टैगोर ने उस विमर्श की कल्पना की है जिसमें सामाजिक विभाजनों के खिलाफ निरंतर संघर्ष को बढ़ावा दिया गया है। इसका संबंध खासकर प्राचीन भारत में अश्पृश्यों के ऐतिहासिक उत्पीड़न से है। आनन्द द्वारा विनम्रता से प्रकृति से जल स्वीकार कर जातीय पूर्वाग्रहों को अस्वीकार करते हुए उसकी आंतरिक गरिमा को स्वीकार किया गया है।

प्रकृति द्वारा आनन्द में प्रेम की भावना को अस्वीकार करने के बावजूद बुद्ध की शिक्षाओं में दृढ़ विश्वास आनन्द की पवित्रता को रेखांकित करता है। अंततः ईश्वरीय हस्तक्षेप आनन्द को इस आकर्षण से मुक्ति दिलाता है। इस प्रकार यह भौतिक इच्छाओं पर आध्यात्मिक निष्ठा की विजय का प्रतीक है। यह बौद्ध धर्म में 'ध्यान' का एक चरित्र है। टैगोर के काव्यात्मक गद्य से यह कहानी विमर्श की सीमाओं को तोड़ते हुए प्रेम की स्थाई शक्ति को गहन ध्यान में बदलती है। इस प्रकार यह जागरण व आत्माभिव्यक्ति के माध्यम से सभी आत्माओं से जुड़ती है। भगवान बुद्ध की यह विरासत उनके अनुयाइयों को सामाजिक बाधाओं से मुक्त होने, एक 'संघ' बनाने तथा शांति के संदेशवाहक बनने की प्रेरणा देती है।

रवीन्द्रनाथ टैगोर ने 'प्रकृति' के चरित्र का विकास कर उसे सामाजिक मानकों पर सवाल उठाने को प्रेरित करते हैं। इन सामाजिक मानकों से महिलाओं की स्वतंत्रता सीमित होती है तथा इस प्रकार वह अपनी पहचान पुन: बहाल करती है। इस प्रयास में आनन्द का सहानुभूति वाला दृष्टिकोण वैसे तो बौद्ध दर्शन का विशिष्ट चरित्र है, पर यह प्रकृति में आत्माभिव्यक्ति की भावना प्रज्वलित कर इस तथ्य पर जोर देता है कि सभी मनुष्य मूलभूत रूप से समान हैं। प्रकृति द्वारा आनन्द की अंजलि में पीने के लिए डाला गया पानी उसकी पवित्रता और प्रेम का प्रतीक है। इसके साथ ही वह असीम उदारता और मानवता का भी प्रतीक है। इस प्रकार रवीन्द्रनाथ टैगोर प्रतीकात्मक एकता या उत्थान के माध्यम से आध्यात्मिकता एवं अश्पृश्यता की भावना प्रकृति व आनन्द के माध्यम से व्यक्त करते हैं।

यह एकता पुरुष एवं महिला के बीच, पवित्रता एवं अशुद्धता के बीच तथा आध्यात्मिकता एवं सहानुभूति के बीच समन्वय का प्रतिनिधित्व करती है। रवीन्द्रनाथ टैगोर इस समन्वय या सम्मिलन का प्रयोग एक संतुलित एवं सभ्य समाज को प्रदर्शित करने के लिए करते हैं। इसी प्रकार भगवान बुद्ध ने सहानुभूति या करुणा तथा सभी जीवधारियों के प्रति प्रेम एवं दया या 'मित्त' का प्रयोग समुदाय में संवेदना व सहायता की पैरवी के लिए किया है। उनकी यह भावना खासकर उन समुदायों के लिए महत्वपूर्ण हैं जो किसी प्रकार के टकरावों का शिकार हैं अथवा किसी कारण से हाशियाकृत हो गए हैं।

भगवान बुद्ध के पहले 'परम सत्य' में 'दु:ख' को संबोधित किया गया है। इसमें पीड़ा के वैश्विक मानवीय अनुभव को रेखांकित करते हुए प्रत्येक को इससे मुक्ति दिलाने की प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया है। इस पर वियतनामी विचारक थिच न्हाट हान ने अपनी रचना 'द हार्ट आफ बुद्धाज़ टीचिंग्स' में कहा है कि 'पीड़ा को समझने से सहानुभूति में वृद्धि होती है, सद्भावना पैदा होती है तथा समझदारी बढ़ती है।' सम्यक आजीविका व नैतिक व्यवहार पर भगवान बुद्ध की शिक्षाओं ने सामाजिक न्याय तथा न्यायोचित व्यवहार को प्रोत्साहन दिया। इससे सारी दुनिया के स्तर पर ज्यादा समावेशी तथा सद्भावनापूर्ण समाज बनाने में सहायता मिली। बौद्ध दर्शन में 'मध्यम मार्ग' अतिवाद से बचने तथा संतुलन खोजने की सलाह देता है।

यह सिद्धान्त रवीन्द्रनाथ टैगोर की रचनाओं में दिखाई देता है। उदाहरणार्थ अपने नाटक 'द किंग इन डार्क चैंबर' या बांग्ला भाषा में 'राजा' में टैगोर ने जीवन में प्रकाश एवं अंधकार तथा अज्ञान एवं ज्ञान के बीच निरंतर जारी टकराव की भावना को अभिव्यक्त किया है। इस प्रकार यह नाटक भगवान बुद्ध द्वारा सामंजस्य या 'सम्यक जीवन' की खोज की प्रस्तुति करता है। इस नाटकीय यात्रा का मुख्य चरित्र जीवन के अंधकारमय एवं प्रकाशित आयामों को अच्छी तरह समझते हुए संतुलन बनाए रखने के लिए मध्य मार्ग पर जोर देता है।

# ई-कचरा संकट पर अंकुश आवश्यक

> उपभोक्ता अक्सर अपने गैजेट को अपग्रेड करते रहते हैं जिससे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का टर्नओवर बहुत बढ़ जाता है।

**शाइनी शर्मा**
(लेखिका, शिक्षाविद हैं)



आज विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रगति के साथ, कंप्यूटर और अन्य मोबाइल डिवाइस हर किसी के काम और व्यक्तिगत जीवन का इतना अभिन्न अंग बन गए हैं कि उनके बिना जीवन की कल्पना करना मुश्किल है। इतना ही नहीं, इसके साथ ही ई-कचरे की समस्या हर साल बढ़ती जा रही है क्योंकि उपभोक्ता अक्सर अपने गैजेट को अपग्रेड करते रहते हैं जिससे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का टर्नओवर बहुत बढ़ जाता है।

ई-कचरा या इलेक्ट्रॉनिक कचरा उन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और उपकरणों को संदर्भित करता है जो अपने उपयोगी जीवन के अंत तक पहुँच चुके हैं या अब उनके मालिकों को नहीं चाहिए। यह अपनी जटिल संरचना, तेजी से उत्पादन और मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए चुनौतियों के कारण महत्वपूर्ण समस्याओं में से एक है। बैटरी और सेमीकंडक्टर में मौजूद सीसा, पारा और कैडमियम जैसे विभिन्न विषाक्त पदार्थों की उपस्थिति के कारण तंत्रिका संबंधी क्षति हो सकती है और गुर्दे और हड्डियों को भी नुकसान पहुंचा सकती है। इतना ही नहीं ऐसे कचरे से निकलने वाले जहरीले रसायन मिट्टी में मिल सकते हैं, जिससे यह बंजर और कृषि के लिए असुरक्षित हो जाती है।

न केवल मिट्टी दूषित होगी बल्कि पर्यावरण के अन्य स्रोत जैसे पानी और हवा भी बुरी तरह प्रभावित होंगे क्योंकि ई-कचरे का अनुचित निपटान जल निकायों को दूषित कर सकता है जिससे जल आपूर्ति और जलीय जीवन प्रभावित हो सकता है और मूल्यवान धातुओं को निकालने के लिए छोड़े जाने वाले जहरीले धुएं से श्वसन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसा माना जाता है कि हवा में मौजूद विषाक्त पदार्थ लंबी दूरी तक जा सकते हैं,



जिससे वायु की गुणवत्ता और मानव स्वास्थ्य प्रभावित होता है। कई विकासशील देशों में अक्सर अनौपचारिक ई-कचरा रीसाइक्लिंग गतिविधि आय का एक महत्वपूर्ण स्रोत होती है। ऐसी गतिविधियां अक्सर अनियमित होती हैं और श्रमिक पर्याप्त सुरक्षा के बिना उच्च स्तर के विषाक्त पदार्थों के संपर्क में आते हैं। इस संपर्क से श्वसन संबंधी समस्याएं, त्वचा संबंधी विकार और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। ई-कचरे का अनुचित निपटान और रीसाइक्लिंग ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में योगदान देता है जिससे पर्यावरण क्षरण और कार्बन फुटप्रिंट में वृद्धि होती है। ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर 2020 के अनुसार, दुनिया ने 2019 में 53.6 मिलियन मीट्रिक टन ई-कचरा उत्पन्न किया और यह आँकड़ा 2030 तक 74.7 मिलियन मीट्रिक टन तक बढ़ने की उम्मीद है। इस कचरे का केवल एक अंश ही ठीक से रिसाइकिल किया जाता है, और बहुत सारा कचरा लैंडफिल में चला जाता है, जिससे पर्यावरण और स्वास्थ्य को गंभीर खतरा होता है। ऐसे कचरे का उचित रिसाइकिल ही एकमात्र उपाय है जो मूल्यवान सामग्रियों को पुन: प्राप्त करने और नए संसाधन निष्कर्षण की आवश्यकता को कम करने में मदद कर सकता है और यह तभी संभव है जब सरकार ई-कचरा प्रबंधन के लिए कड़े नियम बनाए और लागू करे, जिसमें उचित संग्रह, रिसाइकिलिंग और निपटान अभ्यास जैसे कि ई-कचरा संग्रह अभियान और रिसाइकिलिंग केंद्र शामिल हैं, ताकि उचित निपटान की सुविधा मिल सके। निर्माताओं को अपने उत्पादों के पूरे जीवनचक्र के लिए भी जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए, जिसमें टेक-बैक प्रोग्राम और रिसाइकिलिंग पहल शामिल हैं।

उन्नत रिसाइकिलिंग तकनीकों में निवेश करने से ई-कचरे से मूल्यवान सामग्री निकालने की दक्षता और सुरक्षा में सुधार करने में मदद मिल सकती है। निर्माताओं को ऐसे उत्पाद डिजाइन करने के लिए प्रोत्साहित करना जिन्हें रिसाइकिल करना, मरम्मत करना और अपग्रेड करना आसान हो, ई-कचरा उत्पादन को कम कर सकता है। साथ ही उपभोक्ताओं को उचित ई-कचरे के निपटान और उपलब्ध रीसाइक्लिंग विकल्पों के महत्व के बारे में शिक्षित करने से अनुचित निपटान प्रथाओं को कम किया जा सकता है।

ई-कचरे के प्रबंधन के लिए अंतरराष्ट्रीय मानक स्थापित करने से दुनिया भर में सुरक्षित और कुशल रीसाइक्लिंग प्रथाओं को सुनिश्चित करने में मदद मिल सकती है। विकासशील देशों में ई-कचरे के अवैध निर्यात को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय नियमों को मजबूत करना, जहां इसे अक्सर असुरक्षित तरीके से संसाधित किया जाता है। याद रखें, गैजेट से लेकर हरित पहल तक, इस ग्रह पर रहने वाले हर व्यक्ति को अनिवार्य रूप से अपने ई-कचरे को रीसाइकिल करना चाहिए और एक स्वच्छ और हरित कल का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए।

## आप की बात

### अखिलेश के बयान

**चुनाव** के अंतिम चरण में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव अपने कार्यकर्ताओं से कह रहे हैं कि जहाँ दिखे भाजपाई वहां बिछाओ चारपाई और उन्हें उस पर बिठाकर नौ सवाल पूछो। क्यों पेपर लीक हुए? क्यों युवाओं की नौकरी छीनी जा रही है? क्यों जातिगत जनगणना का विरोध किया जा रहा है? क्यों आरक्षण खत्म किया जा रहा है? क्यों महिलाओं पर अत्याचार करने वालों को बचाया जा रहा है? विडंबना है कि सपा की यह आक्रामकता युनाव के इस अंतिम चरण में क्यों दिख रही है? यदि अखिलेश यादव ने चुनाव शुरू होते ही मतदाताओं को यह निर्देश दे दिया होता और उसका जमीनी स्तर पर जारी भी क्रियान्वयन हुआ होता तो शायद आज पक्ष-विपक्ष के बीच चुनाव में एजेंडा ही कुछ और होता। सपा अध्यक्ष पूरे जोर से कहते रहे हैं कि इंडिया गठबंधन प्रदेश की 79 सीटों पर जीतने जा रहा है। अब वे कहने लगे हैं कि विपक्षी गठबंधन सभी सीटों पर जीत रहा है और भाजपा को 140 से अधिक सीटें मिलने वाली नहीं हैं। उनके ये बयान भले ही कार्यकर्ताओं को जोश दिलाने या भीड़ जुटाने में कुछ काम आते हों, पर इन पर शायद ही किसी को विश्वास हो। अंतिम चरण के पहले उन्होंने बसपा को भाजपा की बी टीम बता दिया, जबकि अब तक वे बसपा के मामले पर चुप थे।

**- शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### गर्मी का प्रकोप

**साल दर साल** गर्मी अपनी प्रचंडता बढ़ती जा रही है। अमीर वर्ग तो एसी कूलर में अपना बचाव कर लेते हैं। मगर खुले में कामकाज करने वाले, हाथ ठेला लेकर सब्जी बेचने वाले, अटाला खरीदने वाले, मजदूरी करने वाले व अनेक ऐसे ही लोग इस भीषण गर्मी में भी सड़कों पर निकलने को मजबूर हैं। प्रशासन ने 12 से 3 बजे तक बाहर नहीं निकलने की सलाह तो दे दी है, मगर रोज कमा कर खाने वालों के लिए यह सलाह रोटी की व्यवस्था नहीं कर सकती है। ऐसी सलाह देने वाले अधिकारियों ने एक स्थान पर वन दरोगा की परीक्षाओं का आयोजन कर दिया जिसमें 25 किलोमीटर दौड़ लगाना भी शामिल था। इसमें एक युवा की मृत्यु हो गई और कई बीमार हो गए। ऐसी संवेदनहीन कार्रवाई करने वाले अधिकारियों को दंड दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही दिन-रात ग्राहकों की सेवा में दौड़ने वाले गिग वर्कर्स खाने-पीने का व अन्य सामान पहुंचाने में लगे रहते हैं। उनके स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना चाहिए। बढ़ती गर्मी को देखते हुए अब सरकार को बहुत खराब मौसम में कार्यदिवस का समय बदलने पर भी विचार करना चाहिए। इतनी गर्मी में मतदान कराने एवं चुनाव व्यवस्था में लगे लोगों का विशेष साधुवाद।

**- सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### अनावश्यक सवाल

**चुनाव आयोग** को बार-बार ईवीएम की सुरक्षा और पारदर्शिता पर सफाई देनी पड़ रही है। चुनाव आयोग ने पहले ही सभी प्रत्याशियों को मशीन से जुड़ी पूरी जानकारी दी है। इसमें संदेह की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय भी ईवीएम की सुरक्षा पर अपनी मुहर लगा चुके हैं। चुनाव आयोग ने सभी आवश्यक उपाय किए हैं ताकि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी बनी रहे। ईवीएम की विश्वसनीयता पर बार-बार संदेह से भारतीये लोकतंत्र की नींव कमजोर होगी। चुनाव आयोग देश भर में निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए दिन-रात मेहनत करता है। विपक्षी दलों को चाहिए कि वे ईवीएम या चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठा कर अपनी ऊर्जा बरबाद न करें। विपक्षी दल चुनाव प्रक्रिया में सुधारों के लिए रचनात्मक सुझाव देने चाहिए। ईवीएम का उपयोग अनेक चुनावों में हुआ है और इसने हमारी चुनाव प्रक्रिया को तेज व निष्पक्ष बनाया है। विपक्षी दल चुनाव जीतने पर ईवीएम व चुनाव आयोग पर कुछ नहीं बोलते हैं, पर हारने पर इन्हीं पर ठीकरा फोड़ने लगते हैं। आम जनता अब उनके इस विलाप की असलियत समझ चुकी है और उनके तर्कों से किसी प्रकार भ्रमित होने वाली नहीं है।

**- अवनीश गुप्ता,** आजमगढ़

### पर्वतारोही महिलायें

**टाइम ऑन रॉक** पुस्तक के माध्यम से महिला पर्वतारोही अन्ना फ्लेमिंग मैं बताया है कि सिर्फ आसान कामों मैं ही पुरुषों से बराबरी करने के बजाय पर्वतारोहण जैसे कठोर श्रमसाध्य व रोमांच तथा जोखिम से परिपूर्ण कार्य महिलाओं के लिए भी संभव है। ऐसी दूरूह जानलेवा चढ़ाई भयानक बर्फीले माहौल में लंबे समय तक करते रहना विश्व की अन्य महिलाओं के लिए भी एक संदेश प्रदान करता है । भारत की बछेंद्री पाल ने भी माउंट एवरेस्ट फत्तह करके विश्व में अपना नाम रोशन किया है। जीवन के रोमांच का सही मजा लेना हो तो ऐसे चुनौतीपूर्ण कार्यों के माध्यम से ही उसका आनंद लिया जा सकता है। पर्यटन स्थलों पर मौज मस्ती करने और माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई में उतना ही फर्क है जितना आर्टिफिशियल ज्वेलरी और ओरिजिनल गोल्ड ज्वेलरी में होता है। इसके लिए बहुत परिश्रम करना पड़ता है, तब कहीं जाकर सफ्लता का स्वाद मिलता है। लेकिन जिसने यह स्वाद एक बार चख लिया वह जीवन में किसी भी अन्य जोखिमपूर्ण कार्य में नहीं झिझकेगी। अधिकाधिक महिलाओं को पर्वतारोहण करना चाहिए।

**-विभूति बुपक्या,** खाचरोद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# मत्स्य विभाग के सहायक संचालक के खिलाफ रिश्वत और कमीशन खोरी की शिकायत पहुंची मुख्यमंत्री के पास

## सहायक संचालक मत्स्य विभाग सतीशचंद गुप्ता के स्थानांतरण की कर रहे मांग, उग्र आंदोलन की दी चेतावनी



### जिले के 80 समितियों के 5 हजार से अधिक मछली पालक हुए लामबंद

### तालाब पट्टा जारी करने 25 से 50 हजार रिश्वत लेने की शिकायत

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले के मछली पालन विभाग में चल रहे लंबे समय से रिश्वत की मांग और योजनाओ में कमीशन खोरी से परेशान होकर के मछुवारा मछली पालन समितियों के मछली पालको ने मत्स्य विभाग के सहायक संचालक सतीशचंद्र गुप्ता के खिलाफ रिश्वत मांगने और योजनाओ का लाभ नही देने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री से शिकायत की हैं। मछली पालको द्वारा मुख्यमंत्री से की गई शिकायत के बाद गुरुवार को उप संचालक मछली पालन दुर्ग की टीम जांच के लिए सहायक संचालक कार्यालय पहुची थी। जहां शिकायत कर्ता समितियों का लिखित में बयान लिया गया। इस दौरान उप संचालक सीमा चंद्रवंशी एवं फिश इंस्पेक्टर तानेश्वरी पाटिल मौजूद रही। जिले के मछली पालको ने शिकायत में बताया है की सहायक संचालक सतीशचंद गुप्ता द्वारा मछली पालक किसानों से ठीक बर्ताव नही करते हैं। वही तालाब का पट्टा जारी करने के लिए 25 से 50 हजार रुपये की मांग करते है। सरकार से मिलने वाली योजनाओ का लाभ भी नही देते हैं, इस वजह से मछली पालक किसान काफी परेशान है, साथ ही शिकायत में जांच के साथ साथ सहायक संचालक सतीश चंद गुप्ता के ट्रांसफर की भी मांग मछुवारा मछली पालन समितियों ने की ही है। मछली पालको का कहना है कि सतीश चंद गुप्ता को 15-20 वर्ष यहां पदस्थ हुए हो गए है, जिसकी वजह से इनका स्थानांतरण किया जाए। इसके अलावा मछली पालको ने बताया कि आज तलक सहायक संचालक द्वारा स्थानीय उपभोक्ताओं को ग्रामीण तालाबो से आखेटीत मत्स्य विक्रय दर में 2 साल से संसोधन नही किया गया है, जबकि अन्य जिलों में नई रेट लिस्ट जारी कर दी गई हैं। नई रेट लिस्ट जारी करने के लिए भी पैसे की डिमांड की जा रही है। शासन से अनुदान देने के नाम पर भी पैसे की मांग सहायक संचालक द्वारा की जा रही है। वही मछली पालको ने बताया कि गोंदली जलाशय गेट 2 माह बंद रहता है, तो उसका बेरोजगारी भत्ता भी नही दिया जाता, जो कि प्रति व्यक्ति 3 हजार 2 माह का आता है, लेकिन सहायक संचालक द्वारा किसानों के न देकर सीधा ठेकेदार को भत्ता दिया जाता है। बता दे कि जिले में कुल 80 समितियां हैं, जिनमे 5 हजार से अधिक मछली पालक किसान हैं।

### सहायक संचालक द्वारा फांसी लगाने की दी जा रही धमकी

जांच की बात पता चलते ही मछली पालक किसान सहायक संचालक में कार्यालय पहुचे और जहां जाच अधिकारी के सामने अपनी बात रखने की बात कही। मगर इस दौरान सहायक संचालक और मछली पालको के बीच जमकर बहस छिड़ गई। बात इतनी आगे बड़ गई कि सहायक संचालक सतीश चंद गुप्ता ने अपने ही कार्यालय के बाहर पेड़ से लटकर आत्महत्या करने की धमकी मछली पालको को दे डाली, जहा मछली पालक किसानों में काफी आ ोश दिखा। अब मछली पालक किसान सहायक संचालक की तत्काल स्थानांतरण की मांग कर रहे है। जहा ऐसे नही करने पर उग्र आंदोलन को चेतवानी भी दी है। वही पूरे मामले में सहायक संचालक ने अपने आप को निर्दोष बताया है।



मैं मछुवारा मछली पालन समिति ग्राम पलारी का सदस्य हूं, मैं कई बार मछली समितियों की बैठक में जाता था तो सभी लोग बोलते थे कि अधिकारी सतीशचंद गुप्ता बहुत परेशान करता है, हर काम में पैसा मांगता है, इसकी शिकायत मुख्यमंत्री को भी की गई थी, ऐसे भ्रस्ट अधिकारी को तत्काल हटाने की मांग करते है।

**नंदकुमार ढीमर, मछली पालक**



मछली समितियों से पट्टा जारी करने के लिए पैसा, अनुदान लेने के लिए पैसा, हर काम में पैसा दिए बिना सहायक संचालक काम नही करते हैं। जिले के पूरे मछली पालक किसान परेशान है और अब सहायक संचालक हमें आत्महत्या की धमकी दे रहा है।

**अर्जुन निषाद, ग्राम बघमरा**



मछली पकड़ने के लिए जलाशय की मांग करने पर दूसरो को पैसा देकर जलाशय दे देता है, पर हम मछली पालक किसान को नही देता। योजनाओ का लाभ देने के लिए भी पैसा मांगता है, काफी परेशान है, हम सब किसान। बेरोजगारी भत्ता नही मिला, भत्ता हमें न देकर ठेकेदार को दे देता हैं।

**कंसु राम निषाद, अध्यक्ष, गोंदली जलाशय मछली पालन समिति**



गलत इल्जाम लगाया जा रहा है, मुझ पर। मैं कुछ नही मांगा किसानो से। अभी कुछ ही महीने पहले सहायक संचालक के पद पर पदोन्नत हुआ हूं, सब जांच में सामने आ जायेगा।

**सतीशचंद्र गुप्ता, सहायक संचालक, मछली विभाग बालोद**

# नगर के फौव्वारा चौक, गुप्ता चौक एवं जैन भवन चौक की स्थिति काफी चिंता जनक

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर के फौव्वारा चौक, गुप्ता चौक एवं जैन भवन चौक की स्थिति काफी चिंता जनक है। चौक पर सुरक्षा के कोई इंतजाम न होने से चारों ओर से जिस रफ्तार से वाहनों का आगमन हो रहा है उससे कभी भी बड़ी अनहोनी की घटनाएं भी हो सकती है शहर के इस व्यस्ततम और प्रमुख चौक पर यातायात पुलिस की व्यवस्थित यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराने की नाकाम साबित हो रही है। गौर तलब है कि शहर के नागरिक मुसीबत में है इधर नगर में तेज रफ्तार दुपहिया वाहनों के आने-जाने की कल्पना कर लोग सहम उठते हैं। शहर में दिनभर मनचले युवक तीन से चार की संख्या में सवार होकर तेज गति से नगर के विभिन्न रोडों में फर्राटे भरते रहते हैं। इसी तरह नगर के मुख्य मार्ग में सभी प्रकार के वाहनों की गति में कोई नियंत्रण नहीं है। किसी भी चौक में ट्रैफिक सिग्नल की कोई व्यवस्था नहीं है पुलिस प्रशासन को कई बार इस संबंध में जनप्रतिनिधियों ने अवगत कराया है परंतु ट्रैफिक सिग्नल लगाने में जिला प्रशासन की ढिलाई की वजह से दुर्घटना की संभावनाएं बनी हुई है। यातायात व्यवस्था नहीं सुधरने की वजह से नगर की जनता नगर की सड़कों पर किसी तरह घिसट-घिसट कर चलने को मजबूर हो रही है, साथ ही बड़े पैमाने पर नगर के चौक चौराहों की ओर से सड़कों पर बस ट्रक के अलावा छोटे चार पहिया वाहनों की भरमार रहती है। इसके बावजूद सभी दिशाओं से भारी वाहन व चार पहिया वाहन सरपट दौड़ रहे हैं। वहीं चौकों पर यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए शासन एवं प्रशासन की ओर से व्यवस्था नहीं है चारों ओर से वाहनों का जिस प्रकार से आना-जाना चौक पर लगा रहता है उसे दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी हुई है प्रशासन को कई बार बताया जा चुका है कि न्यू मार्केट गुप्ता चौक के आसपास जो अतिक्रमण हुए हैं उसे हटाया जाए पर प्रशासन मौन धारण किए हुए है। इन अतिक्रमण के चलते हर पल खतरा बना रहता है। कई वर्ष पूर्व से स्वीकृत बायपास रोड का निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं होने की वजह से नगर के मुख्य मार्ग से भारी वाहनों का आना-जाना इतना लगा हुआ है कि अक्सर दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

# राजहरा टाउनशिप में बीएसपी प्रबंधन द्वारा लगातार किए जा रहे हैं गुणवत्ता विहीन कार्य : लखन लाल चौधरी

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

खदान मजदूर संघ भिलाई संबद्ध भारतीय मजदूर संघ के उपमहासचिव लखन लाल चौधरी ने बताया कि राजहरा टाउनशिप में बीएसपी प्रबंधन द्वारा लगातार गुणवत्ता विहीन कार्य किये जा रहें हैं और पैसों का खुलेआम दुरुपयोग हो रहा है। ऐसी शिकायतें मिली हैं कि ठेकेदार द्वारा बिना कार्य किए ही बिल का भुगतान किया जा रहा है और बीएसपी कर्मी और टाउनशिप वासी बहुत ही परेशान हैं और दूसरी तरफनगर प्रशासन विभाग द्वारा मिल रही मौन सहमति से ठेकेदारों के हौसले बुलंद हैं और वह लगातार गुणवत्ता विहीन कार्य कर रहे हैं मगर उसके बाद भी नगर प्रशासन विभाग बिना किसी टेस्ट रिपोर्ट के ठेकेदार का बिल पास करने में लगे हुए हैं। जिसका ताजा उदाहरण बीएसपी कर्मचारियों के बच्चों के लिए एक अच्छी सोच के साथ स्वीमिंग पुल बनवाया गया जिसका ठेका ठेकेदार बिजनूराम को मिला था मगर ऐसी जानकारी मिली है कि ठेकेदार द्वारा इस ठेके को बहुत ही कम रेट में लेकर काम किया गया है और पूरी तरह से लीपापोती की गई है और मजे की बात यह है कि ऐसी जानकारी मिली है कि बिना किसी गुणवत्ता के जांच ठेकेदार का बिल भुगतान कर दिया गया है जो कि नगर प्रशासन विभाग की कार्यशैली को दर्शाता है ऐसी शिकायतें मिली हैं कि इस कार्य में ठेकेदार द्वारा सही मापदंड के अनूरूप कार्य नहीं किया गया है इसलिए संघ ने नगर प्रशासन विभाग को शिकायत पत्र देकर इस ठेके की मेजेरमेंट की कापी की मांग की गई है मगर आज तक नगर प्रशासन विभाग द्वारा संघ को किसी प्रकार की जानकारी नहीं दी है जो संदेह पैदा करता है। अभी वर्तमान में भी ठेकेदार बिजनूराम द्वारा राजहरा टाउनशिप में सिविल कार्य किया जा रहा है और इसमें भी लगातार शिकायतें मिल रही है कि इस कार्य में भी ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता विहीन कार्य किया जा रहा है और नगर प्रशासन विभाग द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जा रही है जो नगर प्रशासन विभाग की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़ा करता है कि जब संघ द्वारा इसकी लिखित शिक़ायत और जानकारी मांगी जा रही है तो नगर प्रशासन विभाग द्वारा उपलब्ध क्यों नहीं करवाया जा रहा है और दूसरी तरफ ऐसी जानकारी मिल रही है कि नगर प्रशासन विभाग द्वारा बीएसपी भूमि पर भू माफ़ियाओं के साथ सांठगांठ कर प्राइम लोकेशन की जगह पर कब्जा करवाया जा रहा है और तो और इसकी लागातार शिकायत करने पर भी नगर प्रशासन विभाग किसी तरह की कार्यवाही करती नजर नहीं आती है जिससे स्पष्ट होता है कि इसमें नगर प्रशासन विभाग की भी मौन सहमति है। श्री चौधरी ने आगे कहा कि हमने नगर प्रशासन विभाग को लिखित शिकायत ठेकेदार बिजनूराम द्वारा किए जा रहे गुणवत्ता विहीन कार्य पर कार्यवाही करने को लिखा है मगर आजतक किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई है साथ ही संघ की मांग है कि ठेकेदार बिजनूराम द्वारा राजहरा टाउनशिप में किए गए कार्यो का लैब टेस्ट करवाया जाए और गुणवत्ता की जांच की जाए जिससे पता चले कि ठेकेदार बिजनूराम द्वारा ठेके के नियम शर्तों के अनूरूप कार्य किया है कि नहीं और जहां कार्य करना था वहां किया है कि नहीं कि सिर्फ़ सारा काम कागजों में ही हुआ है।और जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती है तब तक ठेकेदार बिजनूराम का किसी तरह का भुगतान न किया जाए और गड़बड़ी पायें जाने पर ठेकेदार बिजनूराम से वसूली की कार्यवाही की जाए। जिससे जनमानस पर कंपनी की अच्छी छबी बनें और जनता के पैसों पर हो रहे बंदरबांट पर अंकुश लगाया जा सके।

# नशीली गोलीयों के जखीरे के साथ दो तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे

## आरोपीयों के कब्जे से 1 लाख 44 हजार से अधिक की 10.718 किलोग्राम नशीली जब्त



पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

नशीली गोलियो को खपाने वाले नगर के 2 तस्कर बालोद पुलिस के हत्थे चढ़े है। नशीली गोलियों के रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। आरोपियों के कब्जे से 1 लाख 44 हजार से अधिक कीमत की नशीली गोलियां जब्त की गई है। बालोद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर इतनी बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया हैं। बताया गया है एक आरोपी विश्वपति गोराई पहले भी वर्ष 2019 में नशीली दवाईयों के मामले में जेल जा चुका हैं। दरअसल बालोद थाना प्रभारी निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय को क्षेत्र में युवाओं के द्वारा लगातार नशीली दवाईयों की सेवन करने की शिकायत लगातार मिलने से वरिष्ठ अधिकारीयों के द्वारा कार्यवाही करने हेतु मार्गदर्शन देकर निर्देशित किया गया था। जहाँ एसपी एसआर भगत के मार्गदर्शन में लगातार टीम बनाकर अवैध नशीली दवाई का बिक्री करने वाले तस्करो के लिये मुखबीर तैनात किया गया था।

### एनडीपीएस एक्ट के तहत किया गया अपराध पंजीबद्ध

29 मई बुधवार को बालोद पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम पड़कीभाठ बायपास रोड की ओर 2 व्यक्ति एक मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 एफ7028 में अधिक मात्रा में नशीली दवाई रखे है तथा उसे बेंचने खपाने के लिए ग्राहक का तलाश कर रहे है। जिसकी सूचना पर ग्राम पडकीभाठ बायपास रोड में तांदुला नदी पुल के ऊपर 02 व्यक्ति खडे दिखे, जिन्हे संदेह के आधार पर उनके पास जाकर उनका नाम पता पूछने पर अपना अपना नाम बूढ़ापारा निवासी विश्वपति गोराई तथा कुर्मिपारा निवासी धर्मेन्द्र यादव होना बताया तथा मोटर सायकल में रखे दो सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में भरे हुए वस्तु के संबंध में तथा खड़े होने के सबंध में पूछने पर गोल मटोल कर जवाब देने लगे, जो संदेह उत्पन्न होने पर दोनो व्यक्ति के पास रखे (खुद के) मोटर सायकल में रखे 2 सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी को बारी बारी खोलकर तलाशी लिया गया। जो एक बोरी में काला ब्राउन रंग के कार्टून में भरा हुआ अल्प्राजोलम टेबलेट 19 पैकेट एवं ट्रामाडोल कैप्सूल्स 21 पैकेट 21 पैकेट मिला तथा दूसरे सफेद रंग की बोरी को खोलने पर उसके अंदर काला भूरा नीला रंग के दो कार्टून में भरा हुआ ट्रामाडोल कैप्सूल्सन 72 पैकेट मिला। जिसे मौके पर तौल कराने पर मादक पदार्थ नशीली टेबलेट एवं कैप्सूल का वजन 10.718 किलो ग्राम होना पाया गया। जिसकी कीमत करीबन 1 लाख 44 हजार 300 रुपये थी, जिसे जप्त किया गया। वही मोटर साइकिल भी जब्त किया गया। वही आरोपी विश्वपति गोराई एवं धर्मेन्द्र यादव के विरुद्ध अपराध क्रमांक 290/2024 धारा 22 (सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त अवैध मनःप्रभावी पदार्थ की रेड कार्यवाही में थाना बालोद के निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय, सउनि धरम भुआर्य, प्र.आर. संदीप बंजारे, हरीशचंद्र सिन्हा, आरक्षक भोपसिंह साहू, मोहन कोकिला, धनेश्वर साहू, सायबर सेल से मिथलेश यादव एवं औषधि निरीक्षक दीपिका चुरेन्द्र का महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# मतगणना गणना पर्यवेक्षक गणना सहायकों, माईक्रोआर्ब्जवर ने समझी मतगणना की बारीकियां

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com





कलेक्टर एवं ज़िलानिर्वाचन अधिकारीरणबीर शर्मा नए कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में गणना पर्यवेक्षक एवं गणना सहायकों, माईक्रोआर्जवर का अंतिम प्रशिक्षण दो पालियों में संपन्न हुआ। पहली पाली का प्रशिक्षण 11 बजे पूर्वाह्न और दूसरी पाली का प्रशिक्षण दोपहर 2 बजे से हुआ। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने आयोजित मतगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मतगणना (काउंटिंग) के दौरान अत्यधिक सावधानी बरतें। मतगणना संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया का अंतिम पड़ाव है। इसलिए सभी की नजर मतगणना की प्रक्रिया पर केंद्रित होती है। ऐसे में मतगणना में आप सब की भूमिका सबसे अहम हो जाती है। उन्होंने मतगणना के प्रशिक्षण में कहा कि मतगणना के दौरान मतगणना भूमिका निभाने वाले सभी गणना पर्यवेक्षक /गणना सहायकों, माईक्रोआर्जवर मतगणना के सभी पहलुओं की बारीक जानकारी होनी चाहिए। मतगणना केंद्र पर पारदर्शी ढंग से मतगणना की प्रक्रिया पूर्ण हो, इसके लिए मतगणना निष्पक्ष और सभी प्रक्रियाओं से संबंधित जानकारी से परिपूर्ण होना चाहिए।

# शिवसेना ने मजदूरों की मुआवजा के लिए कलेक्टर एसपी को सौंपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शिवसेना जिला बेमेतरा प्रमुख दाऊ राम चौहान ने कहा कि जिला बेमेतरा में स्पेशल ब्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड बारूद कंपनी मे मजदूरों की मौत पर मुआवजा के लिए छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री के नाम से जिला बेमेतरा पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन को ज्ञापन सोपा गया आगे चौहान ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रमुख माननीय धनंजय से परिहार, कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष मधुकर पांडे, जिला प्रभारी शिवा केसरवानी के आदेश अनुसार उक्त हादसे में मृतक के परिजन को 50-50 लाख रुपए एवं घायल मजदूरों को दो-दो लाख रुपए व निशुल्क इलाज की मांग आगे चौहान ने कहा कि उक्त स्पेशल ब्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड बारूद कंपनी के मालिक संजय चौधरी का भी जांच किया जाए की बारूद फैक्ट्री संचालित करने के लिए विभागों से परमिशन लिया गया था क्या उनके द्वारा बारूद विस्फोट पदार्थ विभागों के आदेशन अनुसार नियम का पालन किया गया था यह जांच का विषय है जिस पर चौहान ने जांच की मांग की गई है और यदि नियम विरुद्ध फैक्ट्री संचालित की गई है तो उनके ऊपर भी उचित दंडात्मक कार्यवाही करने की अपील की गई है उक्त ज्ञापन देते वक्त पार्टी की जिला प्रमुख दाऊ राम चौहान, नगर प्रभारी राजकुमार बाबा नायक, नगर महासचिव संतोष चौहान, प्रेमचंद साहू, योगराज साहू, चैत्येंद्र साहू, राजकुमार साहू उपस्थित रहा।

# भीषण गर्मी को देखते हुए समर कैंप को किया गया स्थगित

**बेमेतरा।** भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों में चल रहे समर कैंप को तत्काल स्थगित करने का निदेश कलेक्टर रणवीर शर्मा द्वारा दिए जाने पर बेमेतरा जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा आदेश जारी किया गया है। बता दे इन दोनों छत्तीसगढ़ मे भीषण गर्मी पड़ रही है। जबकि जिले के विभिन्न शहरों सहित गांव में स्थित स्थित स्कूलों में बच्चों के समर कैंप संचालित हो रही थी। जिसका असर बच्चों में देखने को मिल रहा है। बढ़ती गर्मी से स्कूली बच्चे बीमार ना हो और बच्चों को गर्मी से बचाने के लिए बेमेतरा कलेक्टर ने जिले के सभी स्कूलों में आयोजित समर कैम्प को स्थगित करने का आदेश जारी किया है। मालूम हो कि बीते दिनों 15 मई से सभी कक्षाओं में समर कैम्प आयोजन करने के निर्देश दिये गये थे, जिसे भीषण गर्मी को देखते हुये तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है।

# स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड कंपनी पिरदा के खिलाफ एफआईआर दर्ज

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के पिरदा में हुए भीषण ब्लास्ट कांड में स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड कंपनी पिरदा के विरुद्ध आखिरकार एफआईआर दर्ज कर ली गई ज्ञात होगी एक दिन पहले ही बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं होने पर जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौपा था जिसमें उन्होंने कंपनी पर एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग की थी एफआईआर दर्ज न किए जाने की स्थिति में उन्होंने शासन प्रशासन को चेतावनी दी थी कि जनहित में अगर स्पेशल ब्लास्ट कंपनी लिमिटेड पिरदा के मालिक एवं जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध अगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज नहीं की जाती है तो इस स्थिति में कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी आंदोलन के लिए विवश होगी जिस पर थाना बेरला के पुलिस चौकी कंडरका में उप निरीक्षक मयंक मिश्रा के द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट क्रमांक 0 178 दर्ज कराई गई है जिसमें स्पेशल ब्लास्ट कंपनी लिमिटेड के पी एटीएन क्षेत्र पिरदा के अधिकारी अवधेश जैन एवं अन्य के विरुद्ध धारा 286 237 304 ए भादवी एवं धारा 9बी 9सी विस्फोटक पदार्थ अधिनियम का अपराध दर्ज किया गया है ज्ञात हो कि इस ब्लास्ट में क्षेत्र में कार्यरत 8 मजदूर घटना के बाद से लापता बताए जा रहे हैं तथा एक व्यक्ति सेवक राम साहू पिता डहर साहू ग्राम पिरदा की मौत हो चुकी है तथा 7 लोग इलाज के लिए रायपुर में भर्ती है बेमेतरा जिले में इस तरह की यह पहली भीषण घटना है जिसने पूरे जिले को हिला कर रख दिया है घटना के बाद से ही पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा लगातार घटनास्थल का दौरा कर हताहत लोगों को सांत्वना देने के साथ ही कंधे से कंधा मिलाकर साथ देने की बात करते आ रहे हैं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने घटना में मृतक लोगों को राज्य शासन की ओर से 50 लख रुपए नगद राशि तथा एक व्यक्ति को शासकीय सेवा में नौकरी दिए जाने की घोषणा करने की मांग रखी है जिस घटना में अपने परिजन को खोने वाले लोगों को कम से कम आर्थिक रूप से सहायता की जा सके।

# कोलेगांव के छात्र-छात्राएं मांग रहे हैं अपने गांव में हायर सेकेंडरी स्कूल

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव के हाई स्कूल मे कोलेगांव सेमरकोना अमली मलगी कुआं मलगी के छात्र छात्राओं पढ़ने आते हैं, और छात्र-छात्राओं के द्वारा लगातार अच्छे अंकों के साथ पास होते हैं लगातार हाई स्कूल कोलेगांव का नाम रोशन करते आ रहे हैं इस बार भी कोलेगांव के हाई स्कूल के छात्र ने जिले में दूसरा स्थान लाकर नाम रोशन किया हाई स्कूल का लेकिन आज दुर्भाग्य की बात है कि लगातार मांग करने के बाद भी आज ग्राम कोलेगांव के हाई स्कूल को हायर सेकेंडरी में उन्नत नहीं किया गया जिसके चलते कई लड़कियों का पढ़ाई दसवीं पास करने के बाद विराम लग जाता है पालक लोग बाहर भेजने के लिए घबराते हैं इसलिए एक बार फिर से हाई स्कूल की लड़कियों ने अपने ही हाई स्कूल को हायर सेकेंडरी उन्नयन करने की मांग की ताकि हम अपना सपना इसी गांव के हायर सेकेंडरी स्कूल में पड़कर सपना पूरा कर सके लेकिन हायर सेकेंडरी उन्नत नहीं होने के कारण कई छात्र-छात्राओं की चेहरे पर साफ मायूसी देखा जा सकता है कई छात्र-छात्राओं के पालक बाहर अपने बच्चों को पढ़ने के लिए आज के माहौल के अनुसार घबराते हैं क्योंकि बाहर 7 किलोमीटर भेजनें के लिए पालक लोग घबराते हैं क्योंकि समय का अनुसार आजकल की स्थिति रास्ते में माहौल खराब रहती हैं छात्र-छात्राओं को खासकर लड़की लोग के लिए बहुत ही परेशानी है रास्ते भी ठीक-ठाक नहीं है साइकिल की सफर में कहीं साइकिल खराब हो गया तो घंटे तक साइकिल बनवाने में ही लग जाता हैं स्कूल आते जाते समय शाम भी हो जाता है इसलिए बाहर भेजने के लिए पालक लोग घबराते हैं लेकिन लड़की लोग भी चाहते हैं कि हमारे ही गांव में हायर सेकेंडरी स्कूल उन्नत हो और हम अपने ही गांव के स्कूल में पढ़े लिखे, इसके लिए शासन प्रशासन से लगातार मांग करते आ रहे हैं एक बार फिर से 15 जून को शिक्षा सत्र प्रारंभ हो जाएगा इसके लिए प्राचार्य के द्वारा प्रस्ताव पारित कर आवेदन भी दिया गया है अतः शासन प्रशासन से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द इस लड़कियों के भविष्य को देखते हुए ही ग्राम कोलेगांव के हाई स्कूल को हायर सेकेंडरी में उन्नत करने की मांग शासन की नारा है की बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अगर हाई स्कूल हायर सेकेंडरी मे उन्नत नहीं होता है तो बेटी आगे कैसे बढ़ेगी जिससे शासन प्रशासन से लगातार मांग करते आ रहे हैं।

# नौतपा लगने के बाद आग उगल रहा सूरज, लोगों का हाल बेहाल

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नौतपा लगने के बाद आग उगल रहा सूरज गर्म हवा भी चल रही लोगों का हाल बेहाल हो गया है। सूरज की तपन ने लोगों के होश उड़ा दिए हैं। दोपहर में नगर की सड़कें सूनी हो जाती है। लगभग 43 डिग्री तक तापमान पहुंच चुका है गर्मी से राहत देने में कूलर भी फेल हो रहे हैं। गर्मी से बचने के लिए नए-नए जुगाड़ लगाए जा रहे हैं नौतपा में सूर्य की किरणें सीधी पृथ्वी पर पढ़ने के कारण लोग गर्मी से बेचैन हो रहे हैं। गर्म हवा के थपेड़ों ने लोगों की हालत खराब कर रखी है तापमान 42 डिग्री से कम होने का नाम नहीं ले रहा है तेज धूप और भीषण गर्मी से लोगों की दिनचर्या बदल गई है लोग काम होने पर भी उसे टाल रहे हैं और बेहद जरूरी होने पर ही घर से निकल रहे हैं दोपहर में तो गर्मी अपने पूरे शबाब पर रहती है और लोग घरों और ऑफिस में दुबके रहते हैं। सड़कों पर सूनापन पसरा रहता है शीतल पेय से गल तर करते और गर्मी से बचाव के लिए आंखों में काला चश्मा और मुंह में कपड़ा बांधे लोगों को देख कर गर्मी की भीषणता का अनुमान लगाया जा सकता है। सूरज की तपन के साथ लू के थपेड़ों ने लोगों को झुलसा कर रख दिया है आसमान से बरसते आग से, लोगों के साथ पशु पक्षी भी भला कौन हो गए हैं तापमान बढ़ने से कूलर पंखे पूरी तरह से फेल हो गए हैं रात को भी कूलर व पंखे गर्म हवा फेंक रहे हैं दिनभर एसी कूलर फ्रिज व पंखे चलने से बिजली की खपत भी बढ़ गई है 24 घंटे कूलर पंखे चल रहे हैं लोग पल भर भी कूलर से दूर नहीं हटाना चाहते भीषण गर्मी ने लोगों की दिनचर्या पर गहरा असर डाला है। बढ़ते तापमान के कारण लोगों ने अनावश्यक कार्यों को सुबह या सूर्यास्त के बाद के समय टाल रखा है मौसम का सीधा असर स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। गर्मी के चलते डिहाइड्रेशन के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। नौतपा की गर्मी से किसानों को इस बार अच्छी बारिश होने की उम्मीद है नौतपा 25 में से शुरू हुआ है जो 2 जून तक रहेगा नौतपा को ग्रीष्म ऋतु में तपन की अधिकता का रहता है ऐसी मान्यता है कि नौतपा में सूरज की तपन जितनी अधिक होगी कुछ साल बरसात के मौसम में बारिश भी उतनी ही अच्छी होती है अभी गर्मी से बेहाल हो रहे किसानों का कहना है कि इस बार अच्छी बारिश होगी जिससे फसल भी अच्छी होगी।

# लात घुसो व डंडे से पीट-पीटकर ग्रामीण की हत्या, दो सगे भाईयों ने वारदात को दिया अंजाम

■ घटना धरमजयगढ़ के गांव आमापाली की

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



24 मई को खेत की पगडंडी में संदिग्ध अवस्था में ग्रामीण की लाश मिलने के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो सगे भाईयों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों ने लात घुसो और डंडे से पीट-पीटकर ग्रामीण की हत्या कर शव को खेत में फेंक दिया था। मामला धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक 24 मई को ग्राम आमापाली के बाहर खेत में एक युवक का शव पड़े होने की सूचना थाना प्रभारी धरमजयगढ़ को प्राप्त होने पर तत्काल मौके पर धरमजयगढ़ पुलिस पहुंची। मृतक की पहचान गांव के घांसीराम विश्वकर्मा उम्र (35 वर्ष) के रूप में हुई। शव का बारीकी से निरीक्षण पर शव के बाएं पसली, सीना, हाथ, पैर में चोट खरोंच के निशान थे। घटना के संबंध में गांव के विनोद तिग्गा और उसके भाई अनिल तिग्गा ने मृतक घांसीराम को शराबी प्रवृत्ति का बताते हुए अत्यधिक शराब पीने से मौत होने की बताये। धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा मामले को गंभीरता पूर्वक लेकर शव का पीएम कराकर शार्ट पीएम रिपोर्ट प्राप्त किया गया। पीएमकर्ता डॉक्टर द्वारा रिपोर्ट पर मृत्यु को हत्यात्मक प्रवृत्ति का लेख किया गया जिस पर थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए उनके मार्गदर्शन पर मृतक के परिजनों, गवाहों से पूछताछ कर जांच आगे बढ़ाई इस दरम्यान मृतक घांसीराम को आखिरी बार विनोद तिग्गा और अनिल तिग्गा के साथ देखा जाने की जानकारी हुई। दोनों संदेहियों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों भाइयों ने घासीराम की हत्या करना स्वीकार किये और बताए कि 23 मई को विनोद तिग्गा अपने साथी घांसीराम विश्वकर्मा को शराब पीने के लिए घर पर बुलाया था। रात में घासीराम विश्वकर्मा, विनोद तिग्गा और विनोद का भाई अनिल तिग्गा तीनों मिलाकर शराब पीये। इसी दरमियान घांसीराम ने विनोद की पत्नी पर भद्दी अशोभनीय बातें कहीं जिसे लेकर विनोद का घांसीराम के साथ विवाद हो गया और दोनों भाई मिलकर घांसीराम को हाथ, मुक्का डंडे से मारपीट कर हत्या कर दिये और शव को पास खेत में ले जाकर फेंक आये। आरोपियों के मेमोरेंडम पर घटना में प्रयुक्त डंडा व प्लास्टिक के बेंट को बरामद कर जप्ती किया गया है। धरमजयगढ़ पुलिस ने आज दोनों आरोपी विनोद तिग्गा पिता अमोस तिग्गा उम्र 33 वर्ष, अनिल तिग्गा पिता अमोस तिग्गा उम्र 36 वर्ष दोनों निवासी पलटनपारा आमापाली थाना धरमजयगढ को गिरफ्तार कर रिमांड में पेश कर जेल दाखिल किया गया

## गुम हुई गाय के चक्कर में ग्रामीण की पीट-पीटकर हत्या

**रायगढ़।** गुम हुई गाय के संबंध में पूछताछ करने पर बिफरे दो युवकों के द्वारा मिलकर एक ग्रामीण की डंडे से पीट-पीटकर हत्या करने और महिला को गंभीर रूप से घायल करने के दो साल पुराने मामले में माननीय सत्र न्यायाधीश ने आरोपियों को दोष सिद्ध करार देते हुए आजीवन कारावास और जुर्माने से दंडित किया है। सेसो कुमार यादव ड्रायवरी का काम करता है तथा अभियुक्त विभाष प्रजा हेल्फर है। 02 अगस्त 2022 की दोपहर 1 बजे अभियुक्तगण टंकी की ओर नहाने जा रहे थे तभी मृतक बंशीधर यादव अभियुक्त सेसो कुमार से अपनी गाय के बारे में पूछा। इस दौरान सेसो कुमार यादव ने बताया कि वह उसकी गाय को चोरी नही किया है, एक्सीडेंट में मर गया है। इसके बाद सेसो कुमार यादव और बंशीधर यादव के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई और फिर सेसो कुमार यादव और विभाष प्रजा ने मिलकर डंडे से बंशीधर यादव के सिर में हमला कर दिया। इस दौरान बीच बचाव करने आई इंदुमती को उन्होंने जान से मारने की धमकी देते हुए उसके साथ भी मारपीट की।

# नौतपा के छठवें दिन भी भीषण गर्मी का प्रकोप जारी

## तापमान में हुई वृद्धि, हीटवेव का यलो अलर्ट जारी, 16 जून तक राहत के आसार

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ सहित रायगढ़ जिले में लगातार भीषण गर्मी का प्रकोप देखने को मिल रहा है। वहीं आगामी कुछ दिनों तक ये सिलसिला जारी रहेगा। ऐसे में गर्मी से राहत मिलने का कोई खास आसार नजर नहीं आ रहे हैं। बीते दिन भी प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। इस बीच रायगढ़ में तापमान 46 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज की गई है। जानकारी के मुताबिक बीते 24 घंटे में प्रदेश में भीषण गर्मी का आसार रहा है। जिसके चलते राजधानी रायपुर सहित समेत कई शहरों का पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। इस दौरान कुछ जिलों में लू भी चल रही थी। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में मौसम ने भी कोई खास बदलाव नहीं हुआ। लोगों को आज भी भीषण गर्मी के दौर का सामना करना पड़ रहा है।

## तीरंदाजी अकादमी रायपुर में प्रवेश हेतु चयन ट्रायल 03 व 04 जून को

**मुंगेली।** रायपुर में एन.एम.डी.सी. लिमिटेड के वित्तीय सहयोग से संचालित विभागीय आवासीय तीरंदाजी खेल अकादमी में प्रशिक्षणरत खिलाड़ियों का नवीनीकरण एवं नवीन प्रवेश हेतु चयन ट्रायल का आयोजन 03 एवं 04 जून को प्रातः 07 बजे से किया जाएगा। खेल अधिकारी संजय पाल ने बताया कि चयन ट्रायल के लिए बालक-बालिकाओं की उम्र 13 से 17 वर्ष होना चाहिए। चयनित खिलाड़ियों को तीरंदाजी में प्रशिक्षण के साथ किट, खेल सामाग्री, राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर आदि की सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ी उक्त तिथि एवं स्थान पर उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

# हत्या की नीयत से हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार एवं अवैध महुआ शराब रखने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com







हत्या करने की नियत से सिर पर डंडा से वार करने वाले एक आरोपी एवं अवैध रूप से शराब कब्जे में रखने वाले एक आरोपी को 25 लीटर कच्ची महुआ के साथ थाना बाराद्वार पुलिस ने किया गिरफ्तार, नाम पता आरोपी - 1- हेतराम पिता घुरवा यादव उर्फ भुरवा उम्र 45 साल निवासी सरहर थाना बाराद्वार जिला सक्ती (छ.ग.) धारा 294, 506, 323, 307 भादवि.नाम आरोपी राजकमार दिवाकर पिता बहरता दिवाकर उम्र 25 वर्ष सा. डुमरपारा थाना बाराद्वार जिला सक्ती (छ.ग.) धारा 34 (2) आब. एक्ट, बाराद्वार 1- प्रार्थी जनुलाल साहू पिता स्व विशेषर साहू साकिन सरहर द्वारा थाना आकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 20.05.24 के रात्रि 08:30 बजे उसके पुत्र वरूण साहू ग्राम अरूण साहू के दुकान के पास खड़ा था उसी समय हेत राम यादव अरूण साहू के दुकान में आकर वरूण साहू एवं अरूण साहू, सुरेश साहू को गादर चोद लोग दुकान खोलकर मटरगस्ती करते हो कहकर मां बहन की गंदीगंदी गाली दिये तब मना कर हेत राम यादव को घर जाने को बोले उसके बाद हेत राम अपने डंडा लेकर आये और वरूण साहू के सिर को मारे जिससे वरूण साहू जमीन पर गिर गया उसके बाद सुरेश के सिर को मारे लेकिन जबडा को पड़ा उसके बाद हेत राम वहां से भाग गया जिस पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है घटना के संबंध मे पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा (भापुसे) के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रमा पटेल, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस महोदय मनीष कंवर के मार्गदर्शन पर फरार आरोपी की पतासाजी मे लिया गया प्रकरण के आरोपी घटना कारित कर फरार थे जिसकी पतासाजी किया जा रहा था पतासाजी के दौरान आरोपी अपने घर में आये थे सूचना मिलने पर आरोपी हेत राम यादव पिता पुरवा यादव उर्फ भुरवा उम्र 45 साल निवासी सरहर थाना बाराद्वार जिला-सक्ती (छग) को गिरफतार कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर सक्ती जेल दाखिल किया गया है।

# अवैध महुआ शराब के प्रकरणों में पुलिस कार्रवाई को लेकर सक्रिय, एसडीओ पुलिस ने की कारवाई

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com



एसडीओपी शक्ति मनीष कुंवर के द्वारा पुलिस टीम सहित ग्राम चारपारा, थाना मालखरौदा में अवैध महुआ शराब की सूचना पर दिया गया दबिश,तालाब में महुआ शराब बनाने हेतु डुबाए गए भारी मात्रा में महुआ पाश (लहान) को किया गया नष्ट किया गया,थाना मालखरौदा अंतर्गत स्थित ग्राम चारपारा में अवैध रूप से शराब बनाने की सूचना पुलिस अधीक्षक सक्ती को लगातार मिल रही थी, पुलिस के द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध लगातार कार्यवाही उपरांत भी अवैध शराबियों के द्वारा शराब बनाना एवं बेचना बंद नहीं किया गया है, चोरी छुपे अवैध रूप से शराब बना एवं बेच रहे है, उक्त सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक शक्ति अंकिता शर्मा के द्वारा एसडीओपी सक्ती मनीष कुंवर को ग्राम चारपारा, पुलिस टीम लेकर अवैध रूप से शराब बनाने एवम बिक्री वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया था, इसी तारतम्य में 28.05.24 को एसडीओपी सक्ती मनीष कुंवर के द्वारा थाना प्रभारी डभरा प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक चंद्रहास सिन्हा, चौकी प्रभारी अड़भार कमल मेरिशा तथा थाना मालखरौदा के पुलिस टीम तैयार कर ग्राम चारपारा में रेड की कार्यवाही किया गया, हालांकि इस दौरान संदिग्धों के घर में शराब तो नहीं मिला लेकिन महुआ शराब बनाने के लिए गांव के तालाब में डुबाए गए महुआ (लहान) भारी मात्रा में करीब चार क्विंटल, तालाब से निकाल कर नष्ट किया गया। इस दौरान आरक्षक सहदेव यादव और नन्ही यादव के द्वारा तालाब के पानी में उतरकर तालाब के अंदर से महुआ पाश (लहान) को निकाला गया तथा पुलिस टीम के द्वारा उसे नष्ट किया गया। उक्त कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक राधे श्याम राठौर, प्रधान आरक्षक दामोदर जायसवाल, अयूब खान, पुष्पेंद्र कंवर, आरक्षक सहदेव यादव, नन्ही यादव, शरद सिदार, अजय खैरवार, पवन शुक्ला, सूरज सिदार, धनेश्वर दिवाकर महिला आरक्षक दुलेश्वरी कंवर, सरिता भारद्वाज का सराहनीय योगदान रहा।

# जगह-जगह व्यापारी संगठन सौंप रहे ज्ञापन खरसिया में भी चैंबर ने दिया वित्त मंत्री को ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आते ही सरकार ने व्यापारियों पर शिकंजा कसना चालू कर दिया है, तथा एक तरफ तो छत्तीसगढ़ की सरकार खैरात में लोगों को बांट-बांट कर सत्ता में आसीन हुई है, तथा अब लोगों को खैरात बांटने की वसूली कहीं ना कहीं व्यापारियों से ही सरकार करना चाहती है, तथा छत्तीसगढ़ की सरकार ने 24 मई 2024 को एक अधिसूचना जारी कर प्रदेश में व्यापारियों के लिए पूर्व में वर्षों से चली आ रही ई वे बिल की व्यवस्था को नए प्रावधानों में बांध दिया तथा इन प्रावधानों से जहां व्यापारी परेशान हो जाएंगे तो वहीं छत्तीसगढ़ प्रदेश में भय मुक्त होकर खुली हवा में व्यापार करना भी कठिन हो जाएगा, खरसिया चेंबर ने छत्तीसगढ़ शासन के वित्त एवं वाणिज्यिक कर मंत्री ओ.पी.चौधरी से पत्र के माध्यम से ईज डूइंग बिजनेस के तहत ई-वे बिल से संबंधित पूर्व अधिसूचना क्रमांक 10-31/ 2018/ वाक/ पांच (46) को यथावत रखने तथा जीएसटी विभाग द्वारा व्यापारियों को जारी किए गए नोटिस पर रोक लगाने की मांग की है, छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल के निर्देशानुसार आज चेंबर अध्यक्ष रामनारायण सोनी(सन्टी) के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने अनुविभागीय अधिकारी(रा)के माध्यम से वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी से ईज डूइंग बिजनेस के तहत ई-वे बिल से संबंधित पूर्व अधिसूचना को यथावत रखने।

# बैगा ग्राम बिरारपानी में क्षय व कुष्ठ उन्मूलन जनजागरण शिविर आयोजित



पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर के निर्देशानुसार लोरमी विकासखण्ड के बैगा ग्राम बिरारपानी में 28 मई को क्षय एवं कुष्ठ उन्मूलन जगजागरण शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में 31 मरीजों की जांच की गई। जिला क्षय/कुष्ठ उन्मूलन अधिकारी डॉ. सुदेश रात्रे ने बताया कि शिविर में टीबी के संदेहास्पद 02 मरीज, बीपी के 04 मरीज, कमजोरी के 06 मरीज, खुजली के 04, एएनसी 01, स्केबीज के 02, दाद के 05 मरीज, सर्दी-खांसी के 02 मरीज, आंख की समस्या के 02 मरीज और हाथ-पैर दर्द के 03 मरीज पाए गए। सभी मरीजों की जांच व उपचार कर दवाई एवं परामर्श दिया गया। साथ ही टीबी के संदेहास्पद मरीजों का बलगम जांच के लिए सैंपल लिया गया और टीबी/कुष्ठ रोग से बचाव एवं नियंत्रण हेतु जागरूकता लाने पाम्पलेट वितरण किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के जिला कार्यक्रम समन्वयक, आरएचओ, मितानीन सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# साइबर सेल डीएसपी ने बताए साइबर फ्रॉड से बचाव के उपाय

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



बढ़ते साइबर फ्रॉड को लेकर साइबर सेल डीएसपी अभिनव उपाध्याय ने बताए कि साइबर ठगों के झांसे में कम पढ़े लिखे लोगों के साथ काफी पढ़े लिखे लोग भी शिकार हो रहे हैं इसलिए साइबर अपराधियों से बचने के लिए लोगों का इन अपराधों के प्रति जागरुक होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जिले में एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर साइबर सेल व थानों की टीम द्वारा समय-समय पर विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। ज्यादातर मामलों में लोग लालच में इन ठगों के झांसे में आ जाते हैं। डीएसपी अभिनव ने बताया कि ऐसे ठग नये-नये तरीके इजाद कर लोगों को ठगने का प्रयास किया जाता है जिनमें सोशल मीडिया फ्रॉड, बैंकिंग फ्रॉड, ऑनलाइन उत्पीड़न, ई-कॉमर्स, ईमेल हैकिंग, फिशिंग, रैनसमवेयर और मैलवेयर शामिल हैं। उन्होंने वर्तमान में साइबर फ्रॉड के संबंध में थाना और साइबर सेल को प्राप्त हो रहे आवेदनों की जानकारी देते हुए , ऐसे साइबर फ्रॉड से बचने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया। उन्होंने ज्यादातर फाइनेंशियल फ्रॉडकी शिकायत प्राप्त होना बताये और बताये कि कई मामलों में साइबर सेल की टीम ने फ्रॉड ट्रांजैक्शन को होल्ड कराया गया और पीड़ित के रुपए न्यायालय के माध्यम से वापस कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि जब कभी ऑनलाइन फाइनेंशियल फ्रॉड की घटना होती है तो तत्काल नजदीकी थाना, संबंधित बैंक जाकर जानकारी दें। यदि थाने में संपर्क नहीं कर पा रहे हैं तो साइबर क्राइम पोर्टल के हेल्पलाइन नंबर-9479281934 में जानकारी देकर चाहे गये, दस्तावेज उपलब्ध करावें जिससे जिस भी अकाउंट पर रूपए गये हैं, उसे रोकने की प्रक्रिया प्रारंभ हो जावेगी। उसके बाद थाने जाकर जानकारी देंवे।

# सहारा संगठन के पदाधिकारीगण ने मुख्यमंत्री निवास जाकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य भेंट मुलाकात की

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ अभिकर्ता उपभोक्ता सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष गगन कुंभकार महासचिव नंद कुमार निषाद, सचिव ईश्वर पटेल के साथ सहारा संगठन के पदाधिकारीगण ने मुख्यमंत्री निवास जाकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य भेंट मुलाकात कर राज्य के निवेशक परिवार जिनकी पैसा विभन्न सौ से अधिक कंपनियों में फसे हुए है, जिस पैसे की वापसी की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा गया। राज्य की बीजेपी सरकार ने किसानों को एवं महतारी वंदन योजना गारेंटी के तहत महिलाओं को पैसा देने का कार्य की है उसी तर्ज में कंपनियों में फसे निवेशकों को भी पैसा वापसी की गारंटी के तहत पैसा वापसी करने की मांग छ. ग. अभिकर्ता उपभोक्ता सेवा संघ ने की है। प्रदेश भर में एक लाख पांच हजार अभिकर्ता वा बीस लाख निवेशक परिवार जो इस संगठन से जुड़ कर 2015 से निवेशकों की पैसा वापसी की मांग पूर्वर्ती बीजेपी रमन सिंह जी की सरकार फिर कांग्रेस के भूपेश बघेल जी की सरकार अब पुनः छ. ग. राज्य के बीजेपी सरकार माननीय विष्णुदेव साय की सरकार से मांग की है, मुख्यमंत्री ने ज्ञापन को पढ़ने के बाद निवेशक अभिकर्ता को राहत मिलने की आश्वासन दिए है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गगन कुंभकार, महासचिव नंद कुमार निषाद ने संगठन को और मजबूत करने के लिए महादेव घाट रायपुर में मीटिंग बैठक कर के संगठन के सभी पदाधिकारियों को कहा जिला संगठन प्रदेश संगठन का कार्यकाल पांच साल पूर्ण हो चुके है सभी जिला में संगठन को मजबूत करने के लिए पुराने एवं नए पदाधिकारी सभी को साथ लेकर नियमावली के तहत पुनः जिला संगठन का चुनाव किया जावे, सभी जिला चुनाव के बाद प्रदेश संगठन पदाधिकारी का भी चुनाव संपन्न किया जाएगा, ताकि आने वाले समय में सरकार के पास संगठन मजबूती के साथ अपनी मांगे रख सके। इस दौरान रायपुर मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने प्रदेश पदाधिकारी सहित सहारा पीड़ित जमाकर्ता एवम कार्यकर्ता कल्याण संगठन छत्तीसगढ़ के प्रदेश पदाधिकारी विनय राजपूत, विमल जैन बिलासपुर से सतीश शर्मा, जयदीप घोष, कोटा फ्रेंचाइजी प्रशांत गुप्ता, विकास अग्रवाल, मुंगेली अजय देवांगन, पवन जायसवाल, बृजेन्द्र नामदेव, देवेंद्र साहू, सुरेश जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारी, सनसाइन कार्पोरेशन लिमिटेड, साइप्रसाद फरुट्स कंपनी, एचबीएन डेरीएलाइड लिमिटेड जैसे अन्य कंपनी के निवेशक अभिकर्ता साथी उपस्थित रहे ।

**17 एमएलडी प्लांट में चल रहा मरम्मत कार्य**

# दो दिनों में 12 जगह किए गए बोर मोटर स्थापित

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



शहर में जल आपूर्ति निर्बाध हो सके इसके लिए लगातार बोर मोटर स्थापित किया जा रहे हैं। दो दिनों में शहर के अलग-अलग 12 स्थान के बोर में मोटर स्थापित किए गए। इससे उन क्षेत्रों में पानी की सप्लाई बेहतर हो रही है। गर्मी के दिनों में जल आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में शहरवासियों को मिले और जल आपूर्ति संबंधित किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए निगम प्रशासन द्वारा लगातार कार्य किया जा रहे हैं। प्रतिदिन 2 से 3 मोटर जलने की या खराब होने की बातें सामने आ रही है जिस पर इन मोटरों को जल्द से जल्द बनाकर बोर में फिटिंग किया जा रहे हैं। मंगलवार को बेलादुला मुकुट नगर, अतरमुड़ा, जूटमिल कुली लाइन, बड़े रामपुर, दीनदयाल पुरम एवं सोनिया नगर आईएचएसडीपी में क्षेत्र के बोर में मोटर फिटिंग कराया गया और क्षेत्र के लोगों को इससे पानी की सप्लाई की गई इसी तरह 29 में बुधवार को सहदेवपाली तुर्कूमुड़ा, छातामुड़ा डबरी पारा, अमली भावना इंदिरा नगर, रामलीला मैदान, सोनिया नगर कोष्टापारा, रामभाटा संजय मैदान क्षेत्र के बोर में मोटर स्थापित किए गए। इस तरह दो दिनों में शहर के 12 स्थान में हुए बोर में मोटर फिटिंग कार्य किया गया। इन क्षेत्रों पर भी मोटर स्थापित करने के बाद इससे पानी की सप्लाई की गई। क्षेत्र के लोगों ने पर्याप्त मात्रा में पानी मिलने की बात कही और निगम प्रशासन के कार्यों की सराहना की।

## बारिश पूर्व की तैयारी 17 एमएलडी में चल रहा मरम्मत कार्य

17 एमएलडी प्लांट में लो प्रेशर की समस्या रहती थी। इसी तरह पाइपलाइन के अधिक मुड़ाव के कारण भी वाटर फिल्टर में परेशानी आती थी। शासन से इसके मरम्मत के लिए फरवरी में स्वीकृति मिली, जिसके तहत मरम्मत कार्य शुरू हो गया है। इसमें पाइपलाइन के अधिक मुड़ाव को एक लाइन में सेट किया जाएगा, ताकि प्रेशर लॉस की समस्या ना हो और बेहतर प्रेशर से पानी आपूर्ति हो। मरम्मत के बाद प्लांट में पानी का फिल्ट्रेशन कार्य और अधिक सुरक्षित होगा। आने वाले तीन-चार दिनों में मरम्मत कार्य पूर्ण हो जाएगा। इससे बारिश के दौरान मटमैला या गंदा पानी आने की समस्या खत्म हो जाएगी और पर्याप्त प्रेशर से साफ पानी लोगों के घरों तक पहुंचेगा।

## निस्तारी के लिए जोड़ा गया था पाइपलाइन

वार्ड क्रमांक 39 एवं 40 में गंदा पानी आने की बात सामने आई है। यहां 70-80 साल पहले के सीमेंट के पाइप से पानी की सप्लाई हो रही थी। पाइप लाइन के ऊपर कई लेयर सड़क का निर्माण हो गया है, जिससे पाइप लाइन नालियों में बहुत नीचे चला गया है। गंदा पानी की सप्लाई न हो इसके लिए उक्त पाइप लाइन को बंद कर अमृत मिशन के पाइप लाइन से नल कनेक्शन किया गया था। इसमें समय पर ही पानी चालू और बंद होता है। इस पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं लोगों ने पूर्व के पाइप लाइन से भी पानी सप्लाई जोड़ने के लिए निगम प्रशासन से आग्रह किया था। इस दौरान इस पाइपलाइन से गंदा पानी आने के बाद भी कही गई थी, इस पर क्षेत्र के रहवासियों एवं जनप्रतिनिधियों ने निस्तार के लिए उक्त पानी का उपयोग करने की बात कही थी। उक्त क्षेत्र में अमृत मिशन योजना के तहत भी स्वच्छ पानी की सप्लाई हो रही है।

# कोटवार ने पूर्व महिला सरपंच के ऊपर ट्रेक्टर चढ़ा दिया, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कोटवार समेत 5 के खिलाफ अपराध दर्ज

**बिलासपुर।** तखतपुर थाना इलाके में ग्राम बीजा के कोटवार ने जमीन कब्जे को लेकर हुए विवाद में पूर्व महिला सरपंच के उपर ट्रैक्टर चढ़ा कर जान लेने की कोशिश की साथ ही साथ जमकर मारपीट भी की। महिला बालका कोल गांव की सरपंच रह चुकी है।घायल महिला को गंभीर हालत में बिलासपुर रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि कोटवार वीरेंद्र रजक गांव की आबादी जमीन पर कब्जा करने पहुंचा था। मारपीट के बाद पुलिस ने कोटवार समेत 5 लोगों पर केस दर्ज कर लिया है।घटना का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें ट्रैक्टर से कोटवार द्वारा महिला को कुचलने का प्रयास करते हुए साफ देखा जा सकता है, आक्रोशित लोगों ने घटना को लेकर तखतपुर थाने का घेराव भी कर दिया। प्रदर्शन के बाद पुलिस ने कोटवार वीरेंद्र रजक के खिलाफ हत्या की कोशिश का केस दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी हरीश तांडेकर ने ग्रामीणो को समझाईश दी और तत्काल एफ आई आर कराई।

# एकल निविदा के बाद, सांठगांठ कर निविदा के दस्तावेजों में हेरफेर, शासन के साथ की गई धोखाधड़ी

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अधिकारी किस तरह सफलीभूत कर रहे हैं और उसमें आमजनों के हितों को नजरअंदाज करते हुए किस तरह अपनी स्वार्थपूर्ति में लीन है इसका प्रत्यक्ष प्रमाण पिछले दिनों उस वक्त सामने आया जब कुछ ठेकेदारों ने विभाग में हो रही भर्राशाही को लेकर एवं उनका बिल भुगतान नहीं होने को लेकर एक शिकायत मुख्य अभियंता कार्यालय को प्रेषित की थी। उक्त शिकायत की कापी पॉयनियर को भी प्राप्त हुई थी और इसके बाद पॉयनियर ने उक्त कार्यालय में हुए नियम विरूद्ध कार्य एवं भ्रष्टाचार को लेकर छानबीन प्रारंभ की और जैसे जैसे तहकीकात बढती रही वैसे वैसे नये नये तथ्य सामने आते गये जिसमें एकल निविदा के बाद कुछ ठेकेदारों से सांठगांठ कर निकाली गई निविदा के दस्तावेजों में भारी हेरफेर कर शासन के साथ धोखाधड़ी करने का सनसनीखेज मामला सामने आ रहा है। गौरतलब रहे कि आरईएस के कार्यपालन अभियंता हरमोहन लाल चतुर्वेदी ने 23 कार्यों की एकल निविदा को स्वीकृत कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया और यहां पदस्थ कुछ कर्मचारियों के रिश्तेदारों, अपने चहेतों को यह कार्य नियम विरूद्ध दे दिया जिसके संबंध में मुख्य अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता ने स्पष्टीकरण पत्र जारी कर 7 दिन के भीतर जवाब मांगा था। लेकिन उक्त अधिकारी के अड़ियल रवैये के चलते यह जवाब प्रेषित नहीं किया गया है। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग में पनपने वाले भ्रष्टाचार को लेकर पॉयनियर में पिछले दिनों समाचार प्रकाशित हुआ था जिसका असर यह रहा कि मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता ने एकल निविदा की जांच में आरोप सहीं पाते हुए क्रमशः 15 एवं 7 दिन के भीतर कार्यपालन अभियंता को जवाब देने हेतु पत्र प्रेषित किया था। उच्च कार्यालय को जवाब उक्त अधिकारी ने भेजा या नहीं, इसकी जानकारी तो नहीं लग पाई है परंतु विश्वसनीय सूत्रानुसार पता चला है कि उक्त अधिकारी एवं उसके सिंडीकेट जो ऑफिस में फैले हुए हैं उनके द्वारा जतन योजनांतर्गत निकाली गई निविदा के दस्तावेजों को बदलने का षड़यंत्र किये जाने की खबर है। सूत्रों का तो यह भी दावा है कि कार्यपालन अभियंता चतुर्वेदी के पूरे कार्यकाल की यदि जांच की जाये तो करोड़ों का भ्रष्टाचार सामने आ सकता है। जतन योजना के अंतर्गत निकाली गई समस्त निविदा में भाग लेने वाले समस्त ठैकेदारों के दस्तावेजों की जांच की जाये तो उक्त अधिकारी द्वारा कुछ ठेकेदारों से सांठगांठ कर दस्तावेजों के साथ भी छेड़छाड़ कर उन्हें अप्रत्यक्ष रूप से लाभ पहुंचाने का कृत्य किया गया है एवं शासन के साथ धोखाधड़ी की गई है। बताया जाता है कि उक्त दस्तावेजों को बदलने से उच्च कार्यालय के अधिकारियों को दिग्भ्रमित तो किया जा सकता है परंतु सत्यता को नहीं दबाया जा सकता। इस मामले को लेकर लगातार सघन जांच पड़ताल की जा रही है जिसके संबंध में वास्तविकता अतिशीघ्र शासन एवं प्रशासन के बीच पहुंचने की संभावना है।



मामला-ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कार्यालय का

शासकीय कार्यालयों में चलने वाली फाईल का उल्लेख विभिन्न दस्तावेजों में भी देखा जा सकता है। जैसा कि जतन योजना के अंतर्गत एकल निविदा में घोर लापरवाही करते हुए कार्य आबंटित किया गया है और उसके दस्तावेज बदले जाने की कोशिश की जा रही है। लेकिन इसकी सत्यता इसमें संलग्न कार्य का भुगतान लेने वाले ठेकेदारों के बैंक एकाउंट या दस्तावेज से प्राप्त किया जा सकता है। यह एकल निविदा का मामला ही एकलौता नहीं है। इस विभाग में लोकार्पण, शिलान्यास पत्थर, एचआर मद, टेस्ट रिपोर्ट अन्य व्हाउचर्स में भी जो काम हुए हैं, उनमें भी भारी धांधली की गई है और कुछ में कार्य हुआ ही नहीं है, इसमें ठेकेदारों से सांठगांठ कर इसका भारी भरकम भुगतान आहरित कर शासन को लाखों रूपये की क्षति उक्त अधिकारी एवं उनके सहयोगियों द्वारा पहुंचाई गई है। इस एकल निविदा में शासकीय कर्मचारियों ने अपनी पत्नियों के नाम पर ठेका प्राप्त कर खुद इसमें ठेकेदारी की है जो सिविल सेवा अधिनियम के अंतर्गत शासन की नजर में गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। पता चला है कि उक्त कार्यपालन अभियंता अतिशीघ्र सेवानिवृत्त होने वाले हैं, इसीलिये उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान उक्त कृत्य किया है। जब वे सेवानिवृत्त हो जायेंगे तब जांच सामने आयेगी और उन्हें इसके लिये दोषी भी ठहराया जा सकता है। लेकिन उसके बाद शासन की राशियों को आहरित करने के उद्देश्य से उपरोक्त किस्म के अपराध को लेकर क्या किया जा सकता है?

छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती सरकार के समय जो बंदरबांट हुआ है और लोगों की शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया गया है, इसी वजह से प्रदेश की जनता ने पूर्ववर्ती सरकार को पसंद नहीं किया और भाजपा की सरकार पर भरोसा करते हुए पुनः राजगद्दी सौंपी है। ऐसे लोगों को यह उम्मीद थी कि सत्ता परिवर्तन के बाद भ्रष्ट अधिकारियों को नहीं छोड़ा जायेगा। उन पर सख्त से सख्त कार्यवाही होगी। लेकिन चार माह गुजर गये, प्रदेश के धमतरी जिले में जिस प्रकार ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग में भ्रष्टाचार का बोलबाला हुआ है, उसकी जांच तक प्रारंभ नहीं हुई है जिसे लेकर शिकायतकर्ताओं, जागरूक नागरिकों में भारी निराशा देखी जा रही है। इनका कहना है कि सरकार बदलते ही भ्रष्टाचार में लिप्त एवं कार्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों पर नकेल कसी जायेगी, लेकिन अब तक धमतरी जिले में ऐसा नहीं किया गया है। इसी के चलते कुछ अन्य विभागों में भी भ्रष्टाचार का खुला खेल खेला जा रहा है। इसमें चाहे रेत माफिया हो, चाहे भूमाफिया हो, या गैर कानूनी कार्यों में लिप्त हों, उनको इसका भारी लाभ प्राप्त हो रहा है और वे खुलकर शासन के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए यह सब अवैधानिक कार्यों में लिप्त हैं। जैसे ही पड़ताल में आरईएस विभाग के दस्तावेजों में फेरबदल की प्रमाणित जानकारी प्राप्त होगी, उसका भी उल्लेख किया जायेगा। अब देखना है कि शासन विभाग के ऐसे अधिकारी पर क्या कार्यवाही करेगा?

# लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतगणना 4 जून को

## गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक व माइक्रो आब्जर्वर को दिया गया प्रशिक्षण





पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आगामी 4 जून को लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा धमतरी एवं कुरूद तथा लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा के लिए डाले गए मतों की गणना की जाएगी। इसके मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के निर्देश पर मतगणना के लिए नियुक्त गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक तथा माइक्रो ऑब्जर्वर को आज स्थानीय डॉ शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी के कक्ष क्रमांक 5, 6 और प्रथम तल के हॉल क्रमांक 1 में सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर्स दुर्गेश प्रसाद, आरडी प्रजापति, अमर सिंह, व्हीके पाठक, शेषनारायण चन्द्राकर और आरडी साहू ने मतगणना कर्मियों को मतगणना कार्य की विस्तार से जानकारी दी तथा निष्पक्ष एवं पारदर्शितापूर्ण मतगणना के लिए उपयोगी सुझाव एवं निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी ने मतदान संबंधी महत्वपूर्ण कार्य पूरी जिम्मेदारी के साथ संपन्न किया है। इसी तरह मतगणना का कार्य भी महत्वपूर्ण है, इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होना चाहिए। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स ने मतगणना के पूर्व की तैयारी, मानव संसाधन एवं अन्य जरूरी संसाधनों की व्यवस्था, ईव्हीएम से मतगणना की प्रक्रिया, मतगणना व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि मतगणना में कंट्रोल यूनिट में दर्ज वोटों की गिनती के साथ डाकमत पत्र, ईटीपीबीएस के अलावा रेंडम आधार पर चयनित किसी एक वीवीपैट की स्लिपों की भी गणना की जाएगी। इस दौरान डाक मत पत्रों की मतगणना के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि पहले डाक मतपत्रों की गणना होगी।

# श्रमिकों के लिए महंगाई भत्ता में हुई वृद्धि, श्रम विभाग ने जारी किया आदेश

## अकुशल श्रमिकों के लिए 10,380 रूपए, अर्द्धकुशल 11,030 रूपए, कुशल 11810 रूपए और उच्च कुशल के लिए 12590 रूपए वेतन होगी प्रतिमाह

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

श्रम विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विभिन्न अनुसूचित नियोजनों में कार्यरत श्रमिक तथा विभिन्न शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों और कर्मचारियों के लिए 01 अप्रैल 2024 से परिवर्तनशील महंगाई भत्ता निर्धारित की गई है। लेबर ब्यूरों शिमला से प्राप्त औद्योगिक सूचकांक में जुलाई 2023 से दिसम्बर 2023 के मध्य 14 बिन्दु की औसत वृद्धि हुई। जिसके अनुसार प्रति बिन्दु 20 रूपए के मान से 45 अनुसूचित नियोजनों में कार्यरत श्रमिकों के परिवर्तनशील महंगाई भत्ता में प्रतिमाह 294 रूपए की वृद्धि की गई। जिला श्रम अधिकारी आजाद सिंह पात्रे ने बताया कि कृषि नियोजन में कार्यरत श्रमिकों हेतु लेबर ब्यूरों शिमला से प्राप्त सूचकांक में 56 बिन्दु की औसत वृद्धि होने से 5 रूपए प्रति बिन्दु के मान से 294 रूपए प्रतिमाह परिवर्तनशील महंगाई भत्ते में वृद्धि की गई। इसी प्रकार अगरबत्ती उद्योग में नियोजित श्रमिकों हेतु उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में औसत वृद्धि के आधार पर परिवर्तनशील महंगाई भत्ते 7.08 रूपए प्रति हजार अगरबत्ती निर्माण में निर्धारित की गई। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग द्वारा न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के अंतर्गत 45 अनुसूचित नियोजनों, कृषि नियोजन एवं अगरबत्ती नियोजन में कार्यरत श्रमिकों के लिए महंगाई भत्ते का निर्धारण लेबर ब्यूरो शिमला द्वारा जारी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर वर्ष में दो बार 01 अप्रैल एवं 01 अक्टूबर को किया जाता है। जारी आदेशानुसार श्रमिकों के लिए 01 अप्रैल 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक न्यूनतम वेतन की दरें निर्धारित की गई है। जिसमें अकुशल 'अ' श्रमिक वर्ग के लिए प्रतिमाह 10,900 रूपए, 'ब' वर्ग के लिए 10,640 रूपए तथा 'स' वर्ग के लिए 10,380 रूपए निर्धारित की गई है। अर्द्धकुशल 'अ' वर्ग के लिए 11,550 रूपए, 'ब' वर्ग के लिए 11,290 रूपए तथा 'स' वर्ग के लिए 11,030 रूपए निर्धारित की गई है। कुशल 'अ' वर्ग के लिए 12,330 रूपए, 'ब' के लिए 12,070 रूपए तथा 'स' के लिए 11,810 रूपए निर्धारित की गई है। इसी प्रकार उच्च कुशल 'अ' वर्ग के लिए 13,110 रूपए, 'ब' के लिए 12,850 रूपए तथा 'स' वर्ग के लिए 12,590 रूपए किया गया है। उक्त प्रभावशील न्यूनतम वेतन की दरें छत्तीसगढ़ शासन, श्रम विभाग की वेबसाईट www.cglabour.nic.in पर भी उपलब्ध है। जिला बलौदाबाजार भाटापारा 'स' वर्ग अंतर्गत तथा ऐसे कारखाने जहा कारखाना अधिनियम 1948 अंतर्गत 300 या अधिक श्रमिक कार्यरत है अ' वर्ग मे आते है।

# पुलिस अधीक्षक ने समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारियों की ली बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

सभी थाना क्षेत्रों में जुआ, सट्टा एवं अवैध शराब, गांजा अवैध कारोबारियों एवं अवैध शराब, नशीले पदार्थों, अवैध हथियारों पर कार्यवाही करने एवं प्रतिबंधक कार्यवाही किये जाने के भी दिये सख्त निर्देश। थाना प्रभारियों को अपने थाना क्षेत्रों में चलित थाना के माध्यम से सायबर फ्राड, वाट्सएप फ्राड कॉल के नये-नये तरीके से किए जा रहे है जिसके बारे में आम जनता को जागरूकता अभियान चलाकर जागरूक करने के निर्देश दिये गए। साथ ही गावों में भी जन सहयोग के माध्यम से सीसीटीवी कैमरा लगवायें एवं गांव में वाट्सएप ग्रुप बनाए और गावों के गणमान्य नागरिकों एवं लोगों को जोडे ताकि वहां के छोटी बडी घटनाओं की सूचना हमें मिल सके। लघु एवं प्रतिबंधात्मक मामलों की कार्यवाही के संबंध में एवं लंबित मर्गएलंबित शिकायत लंबित अपराधों, लंबित विभागीय जांच एवं प्राथमिक जांच को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गए। समंस एवं स्थायी वारंट एवं गिरफ्तारी वारंटों कि अधिक से अधिक तामिल करने के निर्देश दिये गए। रात्रि में हो रहे चोरियों को देखते हुए, सघन पेट्रोलिंग किये जाने एवं तंग गलियों में बाईक के माध्यम से गश्त पेट्रोलिंग किए जाने एवं रात्रि में घुमंतू एवं जमवाडा लगाने वालों असमाजिक तत्वों को भगाने के निर्देश दिये गए। अपराधिक तत्वों के विरुद्ध अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। थानों एवं कार्यालयों में आने वाले फरियादियों से वार्तालाप शालीन एवं शिष्टाचार से देने एवं उनके समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश दिए। आने वाले लोक सभा चुनाव के नतीजे को भी मद्देनजर रखते हुए पर्याप्त सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए। उक्त गुगल मीट मिटिंग में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी रक्षित निरीक्षक धमतरी, सभी थाना, चौकी प्रभारी जुडे हुए थे।



# बॉलीवुड फिल्म छोटा भीम एंड द कर्स ऑफ दमयान रायपुर के नीरज विक्रम ने लिखी

## रायपुर सहित पूरे देश में आज हो रही रिलीज

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



भीम एंड द कर्स ऑफ दमयान फिल्म 31 मई 2024 को, रायपुर और संपूर्ण छत्तीसगढ़ के सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है, ये फिल्म हमारे रायपुर के रहने वाले लेखक कैप्टन नीरज विक्रम ने लिखी है। कैप्टन नीरज विक्रम एक पूर्व आर्मी ऑफिसर हैं और उन्होने मोटू पतलू, शिवा, रुद्रा, ओह माय लल्लन, चाचा भतीजा, ईना मीना डिका, छोटा भीम जैसी कई सुपर हिट एनिमेटेड सीरियल लिखे हैं, इसके अलावा सोनपरी, शरारत, शकालाका बूम बूम, ऑल द बेस्ट, करिश्मा का करिश्मा, जैसे तमाम दादू जी, टिंग टाँग, ओह माय लल्लन और दी पांडवास जैसे एनिमेटेड सीरियल प्रोडूस भी किये हैं। नीरज विक्रम से इस फिल्म के बारे में बताया कि छोटा भीम एंड द कर्स ऑफ दमयान फिल्म भारत में पहली ऐसी फिल्म है जो एनीमेशन सीरियल से लाइव एक्शन फिल्म में बन रही है, छोटा भीम पिछले 16 सालों से एक सुपर हिट एनीमेशन सीरियल है, राजीव चिलाका फिल्म के निर्माता के साथ लाइव एक्शन मूवी डायरेक्ट करने का ये उनका पहला अनुभव था। फिल्म में तकरीबन हर सीन में वीएफएक्स का काम है। वीएफएक्स निर्देशक जुनैद ने बहुत अच्छा काम किया है। इस फिल्म में भीम का मुख्य किरदार में यज्ञा भसीन ने किया है, उसके दोस्तों का किरदार आश्रिया मिश्रा, कबीर साजिद शेख, दिव्यम, दैविक, आद्विक और स्वर्णा पांडेय ने किया है। इनके साथ इनके साथ अहम भूमिका में अनुपम खेर, मकरंद देशपांडे, नवनीत कौर ढिल्लों, सुरभि तिवारी, संजय बिश्नोई और शाजी चौधरी है।

# वाकॉम ने अपना पहला ओएलईडी पेन डिस्प्ले वाकॉम मोविंक लॉन्च किया

## 420 ग्राम वजन और सबसे पतले बिंदु पर मात्र 4 मिमी माप वाला, मूविंक अब तक का सबसे पतला और हल्का वाकॉम पेन डिस्प्ले है



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

डिजिटल कलम और स्याही समाधानों के अग्रणी प्रर्वतक वाकॉम ने अपने पहले ओएलईडी कलम डिस्प्ले वाकॉम मूविंक को लॉन्च करने की घोषणा किया, जिसे रचनात्मक पेशेवरों, डिजिटल कलाकारों और डिजाइन छात्रों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन और विकसित किया गया है। वाकॉम मूविंक एक बिल्कुल नई उत्पाद श्रेणी है, जो वाकॉम प्रो पेन 3 के पेशेवर कलम अनुभव को शानदार 13.3 इंच पूर्ण एचडी ओएलईडी डिस्प्ले के साथ जोड़ती है और प्रतिस्पर्धी मूल्य पर एक बेहद पतला, बेहद हल्का, अत्यधिक बहुमुखी, पोर्टेबल कलम है। चूँकि यह अधिकांश ऑपरेटिंग सिस्टम के साथ काम करता है, इसलिए उपयोगकर्ताओं को उच्च प्रर्दशन, परिशुद्धता और अपने पसंदीदा ऑपरेटिंग सिस्टम से समझौता किए बिना अपने संपूर्ण सॉफ्टवेयर सूट तक पूर्ण पहुँच प्राप्त होती है। रचनात्मक उपयोगकर्ताओं वास्ते नई संभावनाएँ खोलने के लिए डिजाइन किया गया। वाकॉम मूविंक अपनी तरह का पहला ओएलईडी कलम डिस्प्ले है। यह कई मौजूदा सेटअप के लिए एक शानदार, प्रतिस्पर्धी मूल्य वाला अपग्रेड है। वाकॉम के ब्रांडेड बिजनेस इकाई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कोजी यानो कहते हैं। बाजार के डेटा से पता चलता है कि 3 में से 1 डिजिटल रचनाकार एक से अधिक रचनात्मक कलम का उपयोग करते हैं। वे तेजी से ऐसे पोर्टेबल समाधानों की तलाश कर रहे हैं जो उनको स्टूडियो या डेस्कटॉप समाधानों जैसा ही अनुभव प्रदान करें। उन्हें उच्च प्रदर्शन, परिशुद्धता या अनुभव से समझौता किए बिना आवश्यकतानुसार कहीं भी ले जाने के लिए वाकॉम मूविंक के माध्यम से हम उन्हें एकदम सही समाधान प्रदान करते हैं।

# जिले में पानी का सदुपयोग कर उसे बचाने कलेक्टर की अगुवाई में मनाया जा रहा जल जगार उत्सव

## आने वाले दिनों में पानी खरीदना ना पड़े, इसके लिए सभी सजग रहें : कलेक्टर नम्रता गांधी





पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

जिले में पानी का सदुपयोग कर उसे आने वाले समय के लिए संरक्षित करने के उद्देश्य से कलेक्टर नम्रता गांधी की अगुवाई में जल जगार उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में वनांचल नगरी के ग्राम मोहलाई और छुही में जल जगार उत्सव के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम मोहलाई में आयोजित जल जगार उत्सव में शिरकत करते हुए कलेक्टर गांधी ने कहा कि पानी को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने ग्रामीणों का आह्वान करते हुए कहा कि आप सभी पानी का सदुपयोग करें। साथ ही अपने आसपास हो रहे पानी के दुरूपयोग रोकने लोगों को समझाईश दें। कलेक्टर ने कहा कि आने वाले दिनों में पानी खरीदना ना पडे, इसके लिए अभी से सजग रहें और पहले की तरह जिले के जलाशयों में जलस्तर बढ़ाने के लिए अपना पूरा-पूरा योगदान दें। जल प्रहरी नीरज वानखेड़े ने कहा कि पानी की उपयोगिता को सभी समझें, नही तो आने वाले दिनों में पछताना पड़ेगा। उन्होंने इस मौके पर रूफटॉप स्ट्रक्चर, वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और वेस्ट वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने की विधि बताई। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा जल संरक्षण के संबंध में नृत्य और नाटक प्रस्तुत किया गया। वहीं गांव में जल संरक्षण संबंधी 50 नारा लेखन, गांव के 5 तालाबों की सफाई, वृक्षारोपण के लिए 80 गड्ढों को खोदने और 5 संरचना निर्माण की जानकारी दी गई। इसके साथ ही ग्रामीणों द्वारा जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें लगभग ढाई सौ से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। मोहलाई में आयोजित कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पवन कुमार प्रेमी, डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी जल जगार प्रीति दुर्गम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नगरी विमल कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस अवसर पर गांव में जल संरक्षण की दिशा में कार्य कर रहे जल प्रहरी सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वालों को टोपी, मग और टीशर्ट प्रदाय कर सम्मानित किया गया। ग्राम छुही में आयोजित जल जगार उत्सव में भी जल संरक्षण से संबंधित नारा लेखन, तालाब की सफाई, वृक्षारोपण के लिए की गई तैयारियों के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही प्राथमिक शाला में रूफटाप स्ट्रक्चर, बाजार चौक स्थित आंगनबाड़ी में सोख्ता गड्ढा, स्कूल भवन के पास स्थित हैण्डपम्प के पास सोख्ता गड्ढा, पंचायत भवन में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तथा पंचायत भवन के पास स्थित शौचालय के पास सोख्ता गड्ढा बनाने की जानकारी ग्रामीणों ने दी।

# शहर पुलिस ने मांगलिक भवन, रिजॉर्ट, डीजे एवं धूमाल संचालकों की ली बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले में नियम विरूद्ध एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों की अवहेलना कर तीव्र गति में डीजे धुमाल आदि बजाकर, ध्वनि प्रदूषण को बढ़ाने वाले डीजे, धुमाल संचालकों पर कार्यवाही हेतु निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही शादी एवं अन्य आयोजनों के दौरान मांगलिक भवन, रिजॉर्ट आदि में भी ध्वनि प्रदूषण को रोकने हेतु शासन द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करने हेतु भवन, रिजॉर्ट संचालकों को भी आवश्यक समझाइस देने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर, एसडीओपी भाटापारा आशीष अरोरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भाटापारा शहर निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे, निरीक्षक अमित पाटले थाना प्रभारी भाटापारा ग्रामीण, एडिशनल तहसीलदार प्रेम मिंज, नायब तहसीलदार अभिषेक अग्रवाल, नगर पालिका सीएमओ अजय सिंह के नेतृत्व में 29.05.2024 की सायं 07:00 बजे थाना भाटापारा शहर में मांगलिक भवन, रिजॉर्ट, डीजे एवं धुमाल संचालकों की बैठक ली गई। बैठक में समिति के सदस्य लक्ष्मी नारायण सोनी, पत्रकार भूपेश दीवान, श्याम पुरोहित, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार, विभिन्न भवनों के मालिक/ मैनेजर, रिसोर्ट मलिक, सुरेश सबलानी, केसरवानी भवन, नगर भवन, शिशु मंदिर, महेश्वरी भवन, अग्रसेन भवन आदि के संचालक उपस्थित हुए। बैठक के दौरान मांगलिक भवनों, रिजॉर्ट संचालकों को शासन द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करने एवं इन नियमों को भली भांति भवन में आने वाले परिवार एवं उनके सदस्यों को अवगत कराने हेतु कहा गया है। इसके अतिरिक्त बैठक में उपस्थित डीजे एवं धूमाल संचालकों को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों के साथ-साथ जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा जारी निम्नलिखित नियमों का पालन करने हेतु आवश्यक हिदायत दिया गया। रात 10 बजे से सुबह 06 बजे तक लाउडस्पीकर और डीजे बजाने पर पाबंदी रहेगी। सार्वजनिक स्थान या निजी स्थान पर 60 डेसिबल से अधिक का ध्वनि नहीं होगा। सक्षम अधिकारी से अनुमति लेकर ही डीजे या धुमाल का संचालन करें। मालवाहक वाहनों में डीजे धुमाल को वाहन के बॉडी से बाहर बिल्कुल भी ना निकाले। डीजे धुमाल लगे वाहनों में चमकीली लाइटें, जिससे आंखें प्रभावित हो, या देखने में किसी प्रकार से परेशानी हो, ऐसा लाइट ना लगाएं। इन समस्त नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर 20,000/- तक का जुर्माना का प्रावधान है।

साइलेंट जोन में डीजे धुमाल बजाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। जैसे कि स्कूल, अस्पताल, कोर्ट परिसर, वृद्ध आश्रम वाले हिस्सों को साइलेंट जोन में रखा गया है। ऐसे गाने कदापि न बजाएं जिससे, धार्मिक माहौल खराब हो। डीजे बजाने वाले अथवा उसे संचालित करने वाले लड़के, अनिवार्य रूप से आई-कार्ड धारण करें। किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित होने पर तुरंत नजदीकी पुलिस थाना अथवा पुलिस कंट्रोल रूम बलौदाबाजार (मोबा. 94791 90629) पर सूचना देवें एवं माहौल बिगाड़ने वाले शरारती तत्वों एवं असामाजिक तत्वों का फोटो, वीडियो लेकर पुलिस के पास अवश्य भेजें।



## शपथ पत्र

मैं आशुतोष नीरज पिता-स्व. मंगल राम नीरज, उम्र-42 वर्ष, जाति-उरांव, निवासी ग्राम-रानीकोम्बो, तह.-कुनकुरी, जिला-जशपुर (छ.ग.) का निवासी हूँ एवं शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ किः-

1. यह कि मैं उपरोक्त दर्शित पते का निवासी हूँ।
2. यह कि मेरा पुत्र आर्या भगत का वित्त, योजना, आर्थिक एंव सांख्यिकी विभाग आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय, प्रमाण पत्र जारी करने वाले स्थानीय निका (जन्म प्रमाण पत्र) जारी हुआ है तथा भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा जारी आधार कार्ड में आर्या नीरज अंकित है।
3. यह कि मेरा पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र एवं अंकसूची में आर्या भगत दर्ज हो गया है तथा आधार कार्ड में आर्या नीरज हो गया है।
4. यह कि मेरा पुत्र आर्या नीरज के स्थान पर सही नाम आर्या भगत संशोधन कर अंकित कराना चाहता हूँ, इस हेतु यह शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूँ।

शपथकर्ता

### सत्यापन

मैं आशुतोष नीरज पिता-स्व. मंगल राम नीरज, उम्र-42 वर्ष, जाति-उरांव, निवासी ग्राम-रानीकोम्बो, तह.-कुनकुरी, जिला-जशपुर (छ.ग.) का यह सत्यापित करता हूँ कि उपरोक्त शपथ पत्र की कंडिका-01 से 04 तक के समस्त कथन मेरे स्वयं की जानकारी एवं विश्वास से सही एवं सत्य है। जिसे गवाहों के समक्ष हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

स्थान : जशपुर — सत्यापनकर्ता
दिनांक : 30.05.2024

# मोंगरा में लगे केज कल्चर के अनुदान में भी घोटाला : विभागीय अधिकारियों ने किया 5 करोड़ की सब्सिडी का हेरफेर, विभागीय जांच में खुली परतें, अब तक कोई कार्रवाई नहीं

- मतस्य विभाग की तत्कालीन सहायक संचालक गीतांजलि गजभिए के कार्यकाल में अनुदान घोटाला
- नियमों और कड़े निर्देशों के बावजूद सप्लायर फर्म को रकम सीधे भेज दी

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




पायनियर
सरकारी धन की लूट : ननद, भृत्य की बेटी और ड्राईवर की मां के नाम पर कराया केज आबंटन
आदिवासी के नाम पर भी फर्जीवाड़ा, जिसके नाम से केज आबंटित उसे 3 साल बाद मिली जानकारी
करोड़ों के भ्रष्टाचार का कैसे हुआ खुलासा

**पायनियर लगातार**

अविभाजित राजनांदगांव में मतस्य विभाग के केज खरीदी की सब्सिडी में हेरफेर का मामला सिर्फ4 यूनिट केज का नहीं बल्कि 8 यूनिट का है। अविभाजित राजनांदगांव के नवागांव स्थित सिंचाई जलाशय के अलावा मोंगरा बैराज में लगाए गए 4 केज कल्चर की सब्सिडी में भी इस तरह की गड़बड़ी को विभागीय अधिकारियों ने अंजाम दिया है। दोनों मामलों को मिलाकर 5 करोड़ 04 लाख की चपत लगाई गई है। जलाशयों में पिंजरे में मछली पालन के लिए केज कल्चर की खरीदी और उसमें सब्सिडी में करोड़ों के भ्रष्टाचार का जाल राजनांदगांव के अलावा भी दूसरे जिलों में फैला हुआ है। अविभाजित राजनांदगांव में वर्ष 2020-21 में फर्जीवाड़ा कर रिश्तेदारों, दफ्तर के कर्मियों के परिजनों और दूसरे जिले के लोगों के नाम पर केज आबंटन और सब्सिडी ट्रांसफर किए जाने के मामले की जांच चल रही है। इस मामले में तत्कालीन सहायक संचालक गीतांजलि गजभिए की भूमिका संदिग्ध है। दूसरी ओर उनकी ही बहन और धमतरी की तत्कालीन सहायक संचालक बीना गढ़पायले के कार्यकाल में लगभग पौन 4 करोड़ की सब्सिडी बगैर केज स्थापना के ही हजम किए जाने का मामला भी विभाग में लंबित बताया जाता है। इस प्रकरण में जांच प्रभावित किए जाने की भी जानकारी है। अविभाजित राजनांदगांव और धमतरी के मामलों में कनेक्शन यह भी है कि गीताजंलि गजभिए और बीना गढ़पायले दोनों बहनें हैं। वर्ष 2023 में इन दोनों का स्थानांतरण एक-दूसरे के स्थान पर कर दिया गया। गीतांजलि धमतरी सहायक संचालक नियुक्त हुई और अभी वहीं पदस्थ हैं। बीना गढ़पायले को राजनांदगांव का प्रभारी सहायक संचालक बनाया गया था। शिकायत है कि, बीना गढ़पायले ने भी गीतांजलि गजभिए के कार्यकाल में हुई गड़बड़ियों को दबाए रखा और शिकायतों को सामने नहीं आने दिया। हालांकि वे यहां चंद महिने ही रहीं और इसके बाद फरवरी में एसके साहू सहायक संचालक बतौर पर राजनांदगांव आ गए। विभाग के संचालक एनएस नाग ने बताया कि सब्सिडी की राशि के हेरफेर की जांच चल रही है। फर्जीवाड़ा कर रिश्तेदारों, विभागीय कर्मियों के परिजनों और दूसरे जिले के लोगों के नाम पर केज आबंटन की भी शिकायतें सामने आईं हैं। इन मामलों में भी जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि, प्रतिवेदन के आधार पर जिम्मेदारों पर कार्रवाई करेंगे।

### अनुदान का गलत इस्तेमाल

जलाशय में मछली पालन हेतु केज कल्चर के लिए शत प्रतिशत सब्सिडी दी गई। केंद्र की प्रधानमंत्री मतस्य संपदा योजना के तहत 60 प्रतिशत और इसके बाद नक्सल प्रभावित क्षेत्र में उत्थान के लिए एलडब्लूई मद से भी 40 प्रतिशत सब्सिडी मुहैया कराई गई। मतस्य विभाग में केज कल्चर के नाम पर इस सब्सिडी में ही खेल किया गया है। मामले की गड़बड़ी पर संचालनालय से जांच जारी है।

### धमतरी में भी करोड़ों की गड़बड़ी

केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना वर्ष 2021-22 में तत्कालीन सहायक संचालक मछली पालन के कार्यकाल में कुल 162 एवं 70 केज यूनिट लगाने के नाम से आबंटन प्राप्त हुआ था। इसके तहत केवल चार हितग्राहियों को 72 केज राशि 86.40 लाख एवं नौ हितग्राहियों को 162 केज अनुदान राशि 291.60 लाख बगैर केज स्थापना के ही बांट दी गई। आरटीआई कार्यकर्ता धरम साहू की शिकायत पर केंद्रीय जांच समिति ने मामले की जांच में शिकायत को सही पाया था। लेकिन इसके बाद से इस मामले में आगे कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। समिति ने तब तत्कालीन सहायक संचालक से सब्सिडी कर राशि वसूली की अनुशंसा की थी, ऐसी जानकारी है।

### मोंगरा में लगे केज की सब्सिडी में भी स्कैम

अविभाजित राजनांदगांव में मतस्य विभाग के अधिकारियों ने मिलीभगत कर केज के लिए सब्सिडी आबंटन में फर्जीवाड़ा किया। वास्तविक हितग्राहियों के आवेदनों को खारिज कर रिश्तेदारों, विभाग में कार्यरत कर्मियों के परिजनों और धमतरी जिले के लोगों के नाम केज खरीदी की सब्सिडी जारी की गई। यह प्रकरण वर्ष 2021 के हैं। लाभार्थियों में विभाग में कार्यरत ड्राईवर की मां, भृत्य की नाबालिग, सहायक संचालक की ननद के अलावा आदिवासी व्यक्ति के नाम से भी आवेदन स्वीकृत किया गया। इनके नाम से खरीदे गए केज नवागांव जलाशय में लगाए गए हैं। जिनकी कुल संख्या 72 है। मोंगरा जलाशय में मछली पालन (केज कल्चर) के लिए धमतरी निवासी मुस्तफा दाउदी, पाकिजा बेगम के अलावा एक रिटायर्ड ड्राइवर के बेटे राहुल ओझवा और अनिल कुमार के नाम से भी 72-72 लाख रुपए का अनुदान स्वीकृत किया गया है। इस तरह नक्सल क्षेत्र के लिए उपलब्ध मद का भरपूर दोहन किया गया।

### सीधे फर्म को दिए पैसे, हितग्राहियों को पता ही नहीं चला

विभाग में अनुदान के लिए चलाई जा रही योजनाओं में प्रावधान है कि राशि लाभार्थी के खाते में हस्तांतरित की जाए। संचालनालय ने 29 जनवरी 2021 को इस संबंध में आदेश जारी किया था। इस आदेश को दरकिनार करते हुए अधिकारियों ने मनमानी की और सीधे केज सप्लायर फर्म के खाते में अनुदान की राशि अंतरित कर दी। इस तरह कुल तीन फर्मों को भुगतान किया गया जिनमें नवागांव जलाशय के लिए बिलासपुर की स्टार सप्लायर्स फर्म को एक करोड़ 8 लाख का, एसएस एक्वाफीड्स फर्म झांकी रायपुर को एक करोड़ 2 लाख रुपए और एसएस एक्वाकल्चर पथारी फिंगेश्वर को 6 लाख का भुगतान किया गया।

## 4 को मतगणना, इससे पहले तैयारियों के लिए 2 जून को मॉकड्रिल होगी

- अनुशासन, समय और गोपनीयता बनाए रखने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल की उपस्थिति में मतगणना सहायकों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण जिला पंचायत के सभाकक्ष में दिया गया। कलेक्टर अग्रवाल ने बताया कि मतगणना 4 जून 2024 को छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउस कार्पोरेशन गंज मंडी बसंतपुर राजनांदगांव में की जाएगी। मतगणना सहायकों को सुबह 7 बजे तक मतगणना स्थल के मतगणना टेबल में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना है। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि मतगणना कार्य गंभीर एवं महत्वपूर्ण कार्य है। इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मतगणना कार्य को शुरू से ही सही तरीके से करने के लिए कहा। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप मतगणना कार्य सावधानी, सजगतापूर्वक एवं शांतिपूर्ण तरीके से करने के लिए कहा। उन्होंने मतगणना सहायकों को अनुशासन, समय और गोपनीयता बनाए रखने के लिए कहा। उन्होंने मतगणना सहायकों को अपने-अपने टेबल में अनुशासन बनाए रखने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने गणना सहायकों को मतगणना कार्य शुरू होने के पहले अपने टेबल में सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। इसके बाद ही ईव्हीएम से मतगणना शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रत्येक टेबल के लिए अलग-अलग मतगणना अभिकर्ता नियुक्त होते हैं, जो जाली के बाहर बैठे रहेंगे। संबंधित टेबल के लिए नियुक्त मतगणना अभिकर्ता उसी टेबल में बैठे, यह सुनिश्चित करने के लिए गणना सहायक को निर्देश दिए। कलेक्टर ने मतगणना सहायकों को मतगणना के दौरान संबंधित टेबल में अन्य अभिकर्ता आने पर उन्हें नियत स्थान में जाने के लिए निर्देश देने कहा। कलेक्टर अग्रवाल ने मतगणना सहायकों को मतगणना कार्य की विभिन्न प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा ने कहा कि मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को मतगणना तिथि को निर्धारित समय पर उपस्थित होना अनिवार्य है।

## बस कंडक्टर ढालचंद ने बिछड़े बच्चे को संभाला, जल्द मिल पाएगा परिजनों से

### भटक रहे बालक रेसक्यू, पैरालीगल वालंटियर गोलू ने पहुंचाया चाइल्ड हेल्पलाइन

पायनियर संवाददाता < खैरागढ़
www.dailypioneer.com



हैदराबाद में अकेले भटक रहे एक बालक को बस कंडक्टर ढालचंद सोनवानी की मानवीयता और सूझबुझ से घर तक पहुंचने का रास्ता मिल गया। 12 वर्षीय बालक को अकेला देखकर कंडक्टर ढालचंद ने उससे जानकारी ली और उसे सकुशल छत्तीसगढ़ वापस लेकर आया। दरअसल, हैदराबाद में कमाने-खाने गए एक परिवार से उनका बच्चा छूट गया। वह बस स्टैंड पर इधर-उधर भटकता रहा। बच्चे को देखकर बस कंडक्टर ढालचंद ने उसकी पूछ-परख की। बच्चे ने अपना पता छुरिया के हाट बंजारी का पता बताया तो कंडक्टर ने उसे छत्तीसगढ़ आने वाली बस में बिठा लिया। अपने साथ उसे यहां लाने के दौरान ढालचंद ने वाट्सएप्प में इसकी जानकारी साझा की। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव को इसकी जानकारी मिली और उन्होंने पैरालीगल वॉलिंटियर गोलूदास के माध्यम से बच्चे को चाईल्ड लाईन तक सुरक्षित पहुंचाया। पैरालीगल वॉलिंटियर साहू ने नया बस स्टेशन खैरागढ़ में नया बस स्टेशन गाड़ी से बच्चे को साथ लिया। बच्चे ने धीरे-धीरे अपने पिता और गांव की पूरी जानकारी दी और फोन नंबर भी बताया। बच्चे के परिजनों ने बताया कि वह हैदराबाद खाने कमाने गए हुए हैं तो जाने के दौरान बच्चा छूट गया था। बच्चे को संभाल कर रखना रखने का उन्होंने निवेदन किया और अगले दिन की गाड़ी से आकर उसे साथ लेने की बात कही। बच्चे को चाइल्ड लाइन लाया गया। अगले दिन सीडब्ल्यूसी की बैठक होगी और उक्त कमेटी के माध्यम से उनके पिताजी जब राजनांदगांव पहुंच जाए हैदराबाद से राजनांदगांव पहुंच जाएंगे तो उनका बच्चा उनके सुपुर्द कर दिया जाएगा।

## चुनाव की सामग्रियों को सीलिंग करने दिया गया प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता < मोहला
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत मतो की गणना 4 जून को किया जाना नियत किया गया है। मतगणना और परिणाम की घोषणा के पश्चात निर्वाचन प्रक्रिया में उपयोग में आने वाले सभी प्रकार के सामग्रियों, सभी आवश्यक दस्तावेजों और लिफाफों को सहेज कर रखा जाना अति आवश्यक है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इन सामग्रियों का उचित रखरखाव के निर्देश दिए गए हैं। कंट्रोल यूनिट और बैलेट यूनिट के साथ ही सभी सामग्रियों को सीलिंग किया जाकर एक निश्चित समय के लिए सहेज कर रखा जाएगा। एक निश्चित प्रक्रिया और विधि के साथ सभी सामग्रियों और दस्तावेजों को सीलिंग कर रखा जाना निश्चित किया गया है। निर्वाचन परिणाम की घोषणा होने के पश्चात सभी कंट्रोल यूनिट से पावर बैंक को निकाल कर, कंट्रोल यूनिट को संबंधित केयरिंग बॉक्स में रखा जाएगा। केयरिंग बॉक्स को पुनः सीलिंग किया जाएगा। सीलिंग के पश्चात इसमें रिटर्निंग अधिकारी का हस्ताक्षर होगा। सभी प्रकार की सीलिंग की प्रक्रिया सीसीटीवी कैमरा और वीडियो रिकॉर्डिंग के जरिए किया जाएगा। सीलिंग कार्य के प्रशिक्षण के संबंध में सहायक रिटर्निंग अधिकारी हेमेंद्र भुआर्य ने कहा की भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाईडलाइन के अनुसार सभी आवश्यक दस्तावेजों को संभाल कर रखा जाएगा। इस कार्य के लिए नियुक्त अधिकारी कर्मचारियों को विधिवत प्रक्रिया के साथ जिम्मेदारी का निर्वहन करने निर्देशित किया गया है। जिला मास्टर ट्रेनर धर्मेंद्र सारस्वत, शाहिद कुरैशी, अजय तिवारी ने सीलिंग के संबंध में अधिकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया।

## कलेक्टर से सम्मानित हुईं बीपीएस की वीणा व स्नेहा टॉप 10 के विद्यार्थी हुए कलेक्टर द्वारा सम्मानित

पायनियर संवाददाता < डोंगरगाँव नगर
www.dailypioneer.com



मानव समाज कल्याण एवं शिक्षण समिति द्वारा संचालित भारतीय पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा 10वीं की छात्राएँ वीणा साहू एवं स्नेहा राजपूत को कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा को सम्मानित किया गया। जिला मुख्यालय में आयोजित एक गरिमामय समारोह में कलेक्टर ने उत्कृष्ट विद्यार्थियों को सम्मानित किया। प्राचार्य सुनील कुमार पाण्डेय् ने बताया कि बोर्ड कक्षा 10वीं की परीक्षा में वीणा साहू पिता पूषण साहू 95.83 प्रतिशत नगर व कक्षा में प्रथम एवं जिला में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया है। स्नेहा राजपूत पिता परस राम राजपूत 95 प्रतिशत ने नगर व संस्था में द्वितीय एवं जिला में सातवां स्थान प्राप्त किया है। इन दोनों ही छात्राओं को जिला प्रशासन द्वारा 29 मई को बल्देव प्रसाद मिश्र हायर सेकेंडरी विद्यालय राजनांदगाँव के सभागार में आयोजित गरिमामयी सम्मान समारोह में जिले के टॉप 10 में अपना स्थान बनाने पर जिला कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

### 4 जून को बंद रहेंगी शराब दुकान

**खैरागढ़।** खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी चन्द्रकांत वर्मा ने लोकसभा निर्वाचन-2024 के मतगणना के दिन 04 जून 2024 को पिपरिया स्थित मतगणना स्थल क्षेत्र के समीप स्थित दुकानों को छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24(1) के तहत प्रदत्त शक्ति यों का प्रयोग करते हुए देशी मदिरा दुकान सी.एस.2 (घघ) खैरागढ़, देशी मदिरा दुकान अहाता सी.एस.2 (ग-अहाता) खैरागढ़, विदेशी मदिरा दुकान एफएल.1 (घघ) खैरागढ़ और विदेशी मदिरा दुकान एफ.एल.1 (ख-अहाता) खैरागढ़ को पूर्णतः बंद रखने हेतु 'शुष्क अवधि' घोषित की गई है।

## धीरी एनिकट जैसे पेयजल योजना की दुर्गति भाजपा की देन : कांग्रेस

- भ्रष्टाचारियों को हमराह और जनता को गुमराह ना करे डा रमन - रूपेश दुबे

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने डॉ रमन सिंह के धीरी सहित 24 गांव के पेयजल को राइस मिल द्वारा प्रदूषित किए जाने पर राशन राइस मिल को बंद करने के निर्देश पर इस योजना में भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर सवाल दागे हैं। उन्होंने कहा कि, डॉ रमन सिंह के मुख्यमंत्रीत्व व विधायक कार्यकाल में क्षेत्र के 24 गांव के लिए पेयजल उपलब्ध कराने वाली धीरी एनीकट की जो दुर्गति हुई और जिस तरह भ्रष्टाचार की सभी सीमाएं लांघ कर इस योजना को भ्रष्ट अधिकारियों ने तकनीकी रूप से पूरी तरह से फेल किया उन पर कार्यवाही करने की नैतिक जिम्मेदारी उन्हें लेनी चाहिए। दुबे ने मांग की कि, विधानसभा अध्यक्ष जांच को सार्वजनिक कर भीषण गर्मी में अपने राजधर्म का पालन करें। दुबे ने कहा कि किस प्रकार से धीरी के नाम पर ईरा में पूरी योजना भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा को पार करते हुए भौगोलिक स्थिति और खरखरा और तांदुला से पानी के बहाव को भी नजर अंदाज कर 28 करोड़ 77 लाख की योजना को मेंटनेंस के नाम पर 42 करोड़ से अधिक राशि खर्च कर पीएचई ने तत्कालीन मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र के 24 गांव की जनता के साथ जो धोखा किया वह छत्तीसगढ़ सहित भारत की राजनीति में योजना के नाम पर एक बदनुमा दाग है। उन्होंने कहा कि, योजना में मापदंड के विपरीत पाइपलाइन डालकर दिखावे का काम किया गया है। जिसकी प्रमाणिकता आज भी धरातल में साफ नजर आती है। आधी अधूरी योजना को हैंडओवर कर निर्माण एजेंसी को उपकृत करने का काम भी किया गया। तब डा साहब मौन क्यों रहे। अब एक राइस मिल पर कार्यवाही करने का निर्देश देकर जिम्मेदारी से वे बचने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा, डॉ रमन सिंह जी से निवेदन है कि वे अपने विधानसभा के बहुचर्चित धीरी एनिकट की भ्रष्टाचार, तकनीकी खामियों की रिपोर्ट जो जांच से प्रमाणित भी है उस पर कार्यवाही करावे। क्योंकि उनके मुख्यमंत्रीत्व काल में प्रारंभ हुई अमृत मिशन योजना आज भी अपनी बेबसी पर आंसू बहा रही है। साथ ही साथ खरखरा तक बिना जल संसाधन से अनुमति प्राप्त किए करोड़ की पाइपलाइन बिछाने का जो खुला खेल खेला गया वह भी सीधे तौर पर पेयजल के नाम पर भाजपा की भ्रष्टाचार की गौरवपूर्ण कहानी है। ऐसी स्थिति में डॉ रमन सिंह राइस मिल संचालक पर धीरी जलाशय में प्रदुषित पानी बहाने के लिए अपराध दर्ज की भी कार्यवाही कराकर धीरी एनिकट भ्रष्टाचार पर कार्यवाही कराएं।

## कलेक्टर ने ली जिला विकास संघर्ष समिति, दस्तावेज लेखकों, स्टाम्प वेंडरों की बैठक

### जमीनों की खरीदी-बिक्री की वैधता के संबंध में की चर्चा

पायनियर संवाददाता < मोहला
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला विकास संघर्ष समिति, दस्तावेज लेखकों एवं स्टाम्प वेंडरों की बैठक ली। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी का गठन होने के उपरांत शासकीय दर पर जमीनों की खरीदी-बिक्री की दर में बढ़ोतरी होने की संभावना है। उन्होंने स्पष्ट करते हुए यह भी बताया कि विधिवत रूप से जमीनों की खरीदी-बिक्री के लिए पंजीयक कार्यालय में निर्धारित स्टांप पेपर के साथ शासन द्वारा निर्धारित दर पर पंजीयन होना आवश्यक है। कलेक्टर ने दस्तावेज लेखकों से कहा कि उच्चतम मूल्य के जमीनों की खरीदी-बिक्री के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए की नोटरी के आधार पर उसे वैध नहीं माना जाएगा। बैठक में यह भी बताया गया कि लैंड सीलिंग एवं पट्टे पर दी गई जमीन की असली मालिकाना हक जिसे दिया गया है, वही उसका असली मालिक होगा। इस प्रकार की जमीनों को जीवकोपार्जन के उद्देश्य से कृषि प्रयोजन के लिए दिया गया है। इस तरह की जमीनो का क्रय-विक्रय नहीं किया जा सकता। यह नियम विरूद्ध है। इस तरह की जमीनों की नोटरी करने के दौरान इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने स्पष्ट करते हुए बताया कि जमीनों की बिक्री के उद्देश्य से नोटरी एवं रजिस्ट्री दोनों में अंतर है। पंजीयक कार्यालय में जमीनों की रजिस्ट्री के बिना जमीनों की बिक्री को वैधानिक नहीं माना जाएगा। बैठक में निर्देशित किया गया कि सभी दस्तावेज लेखक लिखाई की दरे बैठक स्थल पर चस्पा करके रखने को कहा गया हैं। एंव स्टाम्प वेंडरो को प्रतिदिन स्टॉक स्टाम्प तालिका आम जनो को शुल्क के दरो के संबंध में किसी प्रकार का संशय ना हो इसलिए अपनी बैठक स्थल पर प्रदर्शित करे। यह भी बताया गया कि रजिस्ट्री के माध्यम से बिक्री की गई जमीन को निरस्त करने का अधिकार कलेक्टर को भी नहीं है, इसे केवल सिविल कोर्ट ही निरस्त कर सकता है।

### अब तक वीडियो प्रसारित करने वाला पकड़ से बाहर, नौकरी से निकालने की धमकी दे कर कर्मचारियों को कर रहे मैनेज

## रिश्वतखोर अधिकारी अब कर्मचारियों पर बना रहे दबाव, दोषियों को ही जांच का जिम्मा

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com


रिश्वतखोरी के आरोप में जेल जा चुके अधिकारी राठौर के हाथ में आबकारी की कमान
अवैध कारोबार में हिस्सेदारी बढ़ने का दबाव बनाते हुए उपनिरीक्षक का आडियो वायरल

**पायनियर लगातार**

शराब कोचियों से आबकारी उप निरीक्षक तुलेश्वरी देवांगन द्वारा कमीशन के लिए दबाव बनाने वाले कथित वाले मामले की जांच शुरू कर दी गई है। विभाग उस प्लेसमेंट कर्मचारी की तलाश कर रहा जिसने इंटरनेट मीडिया पर यह वीडियो प्रसारित की है। इसके लिए शहर की सभी पांच शराब दुकानों के कर्मचारियों को टटोला जा रहा है। लेकिन सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि वीडियो बनाने वाला कर्मचारी क्या अधिकारियों के समक्ष साक्ष्य रखकर अपनी अस्थायी नौकरी को दांव में लगाएगा? उधर आरोपों से घिरी उप निरीक्षक तुलेश्वरी देवांगन के मोबाइल की अभी तक कोई जांच नहीं की गई है। इस मामले में बड़ी बात यह है कि जांच का जिम्मा भी उसी विभाग को दिया गया है जिस विभाग की कर्मचारी दोषी है। ऐसे में अब जांच की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं । कोचियों को थोक में शराब उपलब्ध कराने की लगातार शिकायत के बीच उनसे कमीशन को लेकर जारी वीडियो ने आबकारी विभाग में सनसनी फैला रखी है। सभी दुकानों में बार कोड स्कैनिंग की व्यवस्था है। सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। इसके बाद भी कोचियों को आसानी से पेटी-पेटी शराब मिल जा रही है। इसमें अधिकारियों की भूमिका पहले से ही प्रश्नों के घेरे में हैं। इससे राज्य सरकार की छवि भी धूमिल हो रही है। यही कारण है कि कमीशन को लेकर जारी ताजा वीडियो की जांच गंभीरता से होने की आवश्यकता बताई जा रही है।

- **कमीशन कांड की पड़ताल में निष्पक्षता पर लगा प्रश्न** -कोचियों से कमीशन के लिए दबाव बनाने के आरोपों से घिरा आबकारी विभाग मामले की जांच तो करा रहा है, लेकिन उसकी निष्पक्षता पर अभी से प्रश्न खड़े हो रहे हैं। इंटरनेट मीडिया में जो वीडियो प्रसारित हुआ है, वह विभाग की उप निरीक्षक तुलेश्वरी देवांगन का होने का दावा किया गया है। विभाग यह पता लगाने में जुटा है कि वीडियो किसने प्रसारित की, लेकिन आरोपों के घेरे में आई महिला अधिकारी के मोबाइल की जांच ही नहीं की जा रही। जानकारों का कहना है कि वाट्सअप कालिंग के रिकार्ड से भी जांच में महत्वपूर्ण तथ्य मिल सकते हैं। लेकिन मामला सामने आने के चार दिन बाद भी ऐसा नहीं किया जाना जांच की निष्पक्षता पर प्रश्न चिन्ह लगा रहा है।
- **कर्मचारियों पर बनाया जा रहा दबाव , नौकरी से निकालने की धमकी भी** -कोचियों से कमीशन के आरोपों से घिरी तुलेश्वरी देवांगन के प्रभार क्षेत्र में कुल पांच शराब दुकानें हैं। इनमें मोहारा बायपास की दो, रेवाडीह बायपास की दो व रेवाडीह चौक की एक दुकान शामिल है। इन सभी दुकानों में सुपरवाइजर, सेल्समैन व अन्य को मिलाकर प्लेसमेंट एजेंसी के 60 से अधिक कर्मचारी हैं। इन्हीं में से किसी ने वाट्सअप कालिंग पर हो रही बातचीत को दूसरे मोबाइल पर रिकार्ड किया है। जांच को भटकाने के लिए उन्हीं कर्मचारियों पर यह किसने किया बताने के लिए दबाव बनाया जा रहा। पता चला है कि उन्हें नौकरी से हटवाने का भी भय दिखाया जा रहा है। जांच कहां तक पहुंची और क्या प्रि या की जा रही है, जांच अधिकारी अतिरिक्त जिला आबकारी अधिकारी कुसुमलता जोल्हे ने इस बारे में कुछ भी बताने से इंकार कर दिया।
- **अधिकारी खुद को ईमानदार साबित कर के कर रहे विभाग में खेल** -आबकारी विभाग में इस तरह के मामले कोई नए नहीं हैं। मौजूदा जिला आबकारी अधिकारी यदुनंदन राठौर खुद को ईमानदार साबित करते हुए विभाग में अपने मातहतों के जरिये पूरा खेल कर रहे हैं। गौरतलब है कि पायनियर ने अपने पिछले अंकों में प्रमुखता से प्रकाशित किया था कि खुद को ईमानदार बताने वाले यदुनंदन कई वर्ष पहले रिश्वतखोरी के आरोप में जेल भी जा चुके हैं ।

## पारा 46 डिग्री तक पहुंचा, इंसान पस्त, जानवर बेहाल



**राजनांदगांव।** नवतपा की भीषण गर्मी में तापमान 46 डिग्री पहुंच गया है। गुरुवार को यह तापमान दर्ज किया गया। जबकि रात को भी 31 डिग्री के साथ उमस और गर्मी का एहसास बना हुआ है। मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी कर रखा है। लोगों को हिदायत दी गई है कि दोपहर 12 बजे से 4 बजे के बीच वे घर-दफ्तर से बाहर न ही निकलें। तपते नवतपा ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। एसी-कुलर की हवा बेअसर हो चुकी है। धूप में टंकियों में रखा पानी उबल रहा है। बेजुबान जानवर-मवेशियों को सहारा मिलना मुश्किल हो गया है। पानी तलाशते जानवर बेहाल हो रहे हैं।

### दिनदहाड़े सूने घर में चोरों ने लगाई सेंध, लाखों का सामान पार

**राजनांदगांव।** शहर में एक बार फिर सूने मकान में चोरों ने सेंधमारी की है। सांई दर्शन कॉलोनी में हुई इस वारदात में चोरों ने बुधवार को दिनदहाड़े लाखों रुपए के सामान पार कर दिया। परिवार बैजनाथ धाम में दर्शन करने के लिए शहर से बाहर है। सूचना के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। शहर के रिहायशी सांई दर्शन कॉलोनी में निवासरत गुप्ता परिवार के सूने मकान में अज्ञात चोरों ने बुधवार को दिनदहाड़े घुसकर चोरी करने का मामला सामने आया है। हालांकि जेवरात और नगदी की चोरी के संबंध में स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। चोरी की खबर के बाद परिवार के लोग वापस लौट रहे हैं।

# सीईओ जिला पंचायत ने ली गंगरेल पर्यटन स्थल के संबंध में बैठक, वाहनों के आने जाने और दुकानदारों की व्यवस्था सुनिश्चित करने दिए निर्देश



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर गंगरेल पर्यटन स्थल में आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के संबंध में सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव ने जिला पंचायत सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक ली। दोपहर 1 बजे से आहूत इस बैठक में सीईओ ने गंगरेल पार्किंग स्थल, मानव वन, मचान हाट, बोटिंग क्षेत्र एवं मंदिर परिसर को सुव्यवस्थित पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने कार्ययोजना बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि इसके विकास से प्रतिदिन आने वाले पर्यटकों को लाभ मिलेगा एवं स्थानीय लोगों रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। इसके साथ ही रोजगार के अंतर्गत पार्किंग स्थल से ई.रिक्शा एवं टूरिस्ट गार्ड भी रखे जाने की योजना बनायी जा रही हैए जिसमें ग्रामीण युवा सहित स्थानीय लोगों की आय में वृद्धि होने के संबंध में सुझाव दिया गया। इसके साथ ही पार्किंग व्यवस्था सुदृढ करने एवं दुकानों को सुव्यस्थित करने के साथ ही प्लास्टिक के स्थान पर पेपर बैग का उपयोग करने हेतु वन प्रबंधन समिति को सहयोग करने आपसी समन्वय एवं बैठक लेकर दुकानों की समान व्यवस्था बनाने ग्रामीणों को समझाईश दी गई, जिससे पर्यटन स्थल को हाजरा फाल की तर्ज पर विकसित कर बेहतर प्रबंधन किया जा सके। बैठक में बताया गया कि विक्रेताओं द्वारा दुकानों के पास वाहन खडी होने से सामग्रियों का विक्रय हो पाता था, किंतु गाडियों के दुकानों के आसपास खडे नहीं होने से सामग्रियों के विक्रय नहीं होने की वजह से आमदनी नहीं हो पा रही है, इस संबंध में अपना पक्ष रखा गयाए जिस पर अनुविभागीय अधिकारी (रा) द्वारा अन्य तीर्थ स्थलों की तरह प्रसाद एवं अन्य खाद्य सामग्रियों को बेहतर पैकेजिंग एवं पूर्व से आर्डर इत्यादि लिये जाने हेतु संपर्क नंबर एवं ऑनलाईन पेमेंट हेतु बार कोड आदि रखने कहा गयाए जिससे असुविधा न हो सुझाव दिया गया। विक्रेताओं द्वारा पर्यटकों के आने एवं जाने हेतु पृथक. पृथक व्यवस्था बनाये जाने के संबंध में भी बैठक में समीक्षा की गई। बताया गया कि प्रारंभ में मंदिर स्थल की ओर जाते समय पूजा सामग्रियों एवं वापस आने के समय अन्य सामग्रियों का विक्रय हो सके, इसे व्यवस्थित किया जा सके। सभी अधिकारियों द्वारा आपसी समन्वयक कर दुकान को सुव्यस्थित करने हेतु आश्वस्त किया गया। अनु विभागीय अधिकारी राजस्व डा विभोर अग्रवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमतरी दीपक ठाकुर एवं गंगरेल पर्यटन समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ राज्य सरकार का एक निर्णय छोटे व्यापारियों के लिए बना मुसिबत : सुनील सिंह

पायनियर संवाददाता ◄ बलरामपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के वाणिज्यिक कर (जीएसटी) विभाग द्वारा कर अपवंचन पर निगरानी तंत्र को मजबूत बनाने की दिशा मे महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए राज्य में ई वे बिल के प्रावधानों में दी गई छूट को समाप्त कर दी गई। इसके लिए सरकार ने 24 मई को ही अधिसूचना जारी कर दी थी। राज्य में व्यवसायियों के लिए अब 50 हज़ार रुपये मूल्य से अधिक के गूड्स का परिवहन करने पर ई वे बिल जेनरेट करना आवश्यक होगा। अभी तक राज्य मे एक जिले के भीतर माल के परिवहन करने पर ई वे बिल जारी करना आवश्यक नहीं था साथ ही 15 वस्तुओं को छोड़ कर राज्य के भीतर किसी भी वस्तु के परिवहन पर ई वे बिल कि आवश्यकता नहीं थी। छत्तीसगढ़ राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार के इस निर्णय को छोटे व्यापारियों के लिए मुसीबत बताते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सुनील सिंह ने कहा कि जब राज्य में कांग्रेस की सरकार थी तब कांग्रेस सरकार के द्वारा इस नियम को लागू नहीं किया गया था जबकि भारतीय जनता पार्टी अपने आप को व्यावसायिक वर्ग का हितैसी बताती है और इसके लिए बाकायदा भाजपा व्यापारिक प्रकोष्ठ का गठन भी किया गया है क्या उक्त गठन चुनाव के समय अपना वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करने के लिए किया गया है यह बात समझ से परे हैं, प्रवक्ता सिंह ने कहा कि रामानुजगंज विधानसभा के रामानुजगंज स्थित मंडल के भाजपा कार्यालय में गत दोनों बहुत बड़े भाजपा व्यापारिक प्रकोष्ठ का कार्यक्रम आयोजन किया गया था जहां छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री एवं विधायक में जमकर हुंकार भरते हुए कहा था कि व्यवसायिक प्रकोष्ठ का गठन व्यापारियों के हितों के लिए किया गया है यह कैसा हित हैं छोटे-छोटे व्यापारियों को छत्तीसगढ़ शासन के इस निर्णय से हाट बाजार करने में बहुत सारे दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। क्योंकि वाणिज्यिक कर (जीएसटी) विभाग का सरकारी तंत्र में शामिल इंस्पेक्टर्स जांच के नाम पर तंग करेंगे और उनसे अवैध वसूली भी करेंगे और चालान भी काटेंगे कुल मिलाकर यह कहा जाए कि छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद व्यावसायिक विरोधी निर्णय लिया गया है जो व्यापारियों की हितों के लिए अच्छे संदेश नहीं हैं? छत्तीसगढ़ के व्यवसायिक प्रकोष्ठ में शामिल सभी व्यापारियों को अपने हितों का ध्यान रखते हुए सामूहिक रूप से पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण को इस्तीफा दे देना चाहिए क्योंकि जो सरकार व्यापारियों का नहीं हुआ वह किसी का क्या होगा। उक्त मामले को व्यापारिक हितों को गंभीरता से लेते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सिंह ने छत्तीसगढ़ सरकार के वाणिज्य और जीएसटी विभाग से यह अनुरोध किया गया है कि इतने छोटे राज्य में यह प्रधान लागू करना अनुपयुक्त होगा इसे तत्काल वापस लिया जाए। प्रवक्ता सिंह ने कहा कि चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा कई लोक लुभावने वादे किए गए। लेकिन चुनाव संपन्न होते ही अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया जिसके परिणाम स्वरूप भारतीय जनता पार्टी की छत्तीसगढ़ की सरकार ने आम जनता के हितों के विपरीत जाकर कई कठोर निर्णय लिए हैं जिससे आम जनता और समाज का मध्यम वर्गीय परिवार बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है।

# ट्रैफिक पुलिस ने समर सेशन में शामिल हुए बच्चों को दिखाया रोड़ सेफ्टी वीडियो और बताए ट्रैफिक नियम

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



यातायात नियमों के प्रति जागरूकता को लेकर एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं ट्रैफिक डीएसपी रमेश कुमार चन्द्रा के मार्गदर्शन पर ट्रैफिक थाने की टीम द्वारा समर सेशन में शामिल हुए स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरोड़ीमल नगर तथा स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चक्रधरनगर के छात्र-छात्राओं और अध्यापकों को यातायात नियमों की जानकारी देकर बच्चों को यातायात नियमों से संबंधित रोचक लघु फिल्में दिखाया गया। एएसआई राजेन्द्र पटेल एवं हेड कांस्टेबल मुकेश चौहान ने स्कूली बच्चों को जेब्रा क्रासिंग, स्टॉप लाइन, लाल बत्ती जैसे संकेतों के बारे में जानकारी देते हुए जेब्रा क्रासिंग सब-वे या फुट ओवरब्रिज से ही सड़क पार करने बताया गया। बच्चों को उनके पैरेंट्स को दोपहिया चलाते समय हेलमेट और कार चलते समय सीट बेल्ट लगाने की अनिवार्यता बताई गई और तेज गति व वाहन चलाते समय मोबाइल के उपयोग से होने वाली दुर्घटनाओं को बताया गया। बच्चों को उनके स्वजनों से यातायात नियमों का पालन कराने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में एएसआई राजेन्द्र पटेल और हेड कांस्टेबल मुकेश चौहान के साथ कांस्टेबल विजय सिदार और झशपाल शर्मा भी मौजूद थे।

# तलीबंद तालाब गहरीकरण कार्य का जिला पंचायत सीईओ ने किया निरीक्षण

## ग्रामीणों के बीच मास्टर रोल का किया वाचन

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एस. आलोक ने ग्राम पंचायत सिंघोड़ा में स्वीकृत तलीबंद तालाब गहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा की। चर्चा के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि तालाब में गाद निकालने के लिए किसानों एवं ग्रामीणों के द्वारा स्वयं के खर्च से अपने खेतों में उपयोग के लिए मशीन से खुदाई करवाया गया है। जिसमें ग्रामीणों को किसी प्रकार की आपत्ति नहीं है। सीईओ एस. आलोक द्वारा पूर्व में हुए साफसफाई का कार्य एवं पानी निकासी कार्य के मास्टर रोल का वाचन किया गया एवं ग्रामीणों एवं मजदूरों से जवाब तलब करने ग्रामीणों द्वारा कार्य सही तरीके से करना बतलाया गया। वर्तमान में जेसीबी मशीन से गाद निकालने का कार्य ग्रामीणों के आम सहमति से स्वयं के व्यय से करवाया गया है। इसमें मनरेगा योजना की राशि का उपयोग नहीं किया गया है तथा इस कार्य के लिए गांव में किसी भी ग्रामीणों, मजदूरों एवं किसानों को किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं है।

# लखानी परिवार हज के लिए रवाना, सुन्नी मुस्लिम जमात व रहनुमा कमेटी ने किया इस्तकबाल



पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

शहर के मुस्लिम समाज के सदस्य अब्दुल नईम लखानी एवं उनकी पत्नी फातिमा लखानी हज के लिए रवाना हुए। सुन्नी मुस्लिम जमात सरायपाली के अध्यक्ष शाहीद हुसैन व सदस्यों के साथ-साथ रहनुमा कमेटी के अध्यक्ष आबिदा खानम व उनकी टीम के द्वारा मदरसा निजामिया में हज में जा रहे लखानी दम्पत्ति का इस्तकबाल किया गया। साथ ही मदरसा निजामिया से जुलूस की शक्ल में नाद पढ़ते हुए बाजे-गाजे के साथ उन्हें विदा करने के लिए मुस्लिम कब्रिस्तान तक पहुँचे, जहाँ मरहूमों के कब्र पर मौलाना अब्दुलसत्तार अशरफी के द्वारा फातिहा पढ़ी गई और वहाँ से दम्पत्ति को हज के लिए रवाना किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के सदस्य, बड़े-बुजुर्ग व महिलाएँ शामिल हुईं। गौरतलब है कि लखानी दम्पत्ति इससे पहले भी दो बार उमराह से होकर आ चुके हैं और इस बार वे हज के रवाना हुए हैं। 35 दिन की इस यात्रा पर नागपुर से जद्दा सऊदी अरब के लिए रवाना होंगे एवं उसके बाद वहाँ से मक्का मदीना पहुँचेंगे, जहाँ वे देश, प्रदेश व सरायपाली क्षेत्र सहित सभी के लिए अमन-चैन की दुआ मांगेंगे।

# पुलिस ने नाबालिक से छेड़खानी करने वाले युवक को गिरफ्तार कर पॉक्सो एक्ट में भेजा जेल



पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

स्थानीय बालिका अपने परिजनों के साथ थाना कोतवाली आकर युवक तरंग उर्फ तरन सेंदरिया (20 साल) कोतरारोड़ पर छेड़खानी करने के संबंध में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया। बालिका ने बताया कि पिछले दो-तीन माह से तरंग उर्फ तरन सेंदरिया नाम का लड़का उसे उल्टे सीधे कमेंट कर आते जाते छेड़ता है। 26 मई को माता-पिता और सहेली के साथ मेहमानी में गांव गई थी, जहां से रात करीब 12:30 बजे सहेली के साथ स्कुटी पर घर लौटी और घर के बाहर खड़े होकर माता-पिता के आने का इंतजार कर रही थी। उसी समय तरंग आया और कहां चली गई थी कह कर उल्टी-सीधी बातें करने लगा जिसे जवाब ना देने पर तरंग गाली गलौज कर हाथ बांह पकड़कर धक्का-मुक्की करते हुए गंदी नियत से छेड़खानी किया। सहेली आकर बीच बचाव करने और माता-पिता को कॉल करने पर तरंग भाग गया। बालिका के आवेदन पर आरोपी पर धारा 294, 323, 354 आईपीसी 8 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध कायम कर कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी तरंग सेंदरिया की गिरफ्तारी के लिए तत्काल दबिश दिया गया, आरोपी फरार था जिसे मुखबीर सूचना पर गिरफ्तार कर रिमांड में पेश जेल भेजा गया है।

# मतगणना हेतु प्रशिक्षण आयोजित, गणना शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोड़काचौरा जशपुर में एवं डाकमतपत्रों की गणना होगी रायगढ़ में

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



निर्वाचन आयोग और जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतगणना का प्रशिक्षण जिला पंचायत सभाकक्ष आयोजित हुआ। लोकसभा क्षेत्र-02 रायगढ़ का चुनाव 07 मई 2024 को सम्पन्न हुआ। जिसका मतगणना 04 जून 2024 को होगा। जशपुर जिले अंतर्गत् विधानसभा क्षेत्र 12-जशपुर, 13-कुनकुरी एवं 14-पत्थलगांव का गणना शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोड़काचौरा जशपुर में 04 जून 2024 को प्रातः 8.00 बजे से प्रारंभ होगी। डाकमतपत्रों की गणनाा रायगढ़ में होगी। जिले में तीनों विधानसभा में सम्पन्न लोकसभा निर्वाचन के लिए गणना तीन हॉल में होगी। प्रत्येक विधानसभा के लिए 14-14 गणना टेबल निर्धारित है। प्रत्येक टेबल में एक गणना प्रेक्षक, एक गणना सहायक के साथ एक माइक्रो आर्ब्जवर होगें। मतगणना में मतगणना प्रेक्षक, गणना सहायक एवं माइक्रो आर्ब्जवर की क्या-क्या दायित्व है के संबंध में जिला मास्टर ट्रेनर प्रो.डी.आर. राठिया, प्रो.टी.आर. पाटले, डॉ. शशि मारकण्डे एवं प्रो. विनायक साय के द्वारा विस्तार पूर्वक जानकारी एवं हैंड ऑन प्रेक्टी भी कराया गया। गणना हॉल में केवल प्राधिकृत अधिकारी एवं कर्मचारी ही प्रवेश कर सकेंगे। मतगणना हॉल में धूम्रपान, मोबाईल एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पूर्ण रूप से वर्जित होगा। तीन स्तरीय पुलिस जांच के बाद ही प्रवेश कर सकेंगे। कंट्रोल यूनिट में प्रदर्शित मतों का मतपत्र से मिलान कर रिजल्ट बटन से अभ्यर्थी वार मतों का लेखा 17 सी भाग दो में दर्ज किया जाएगा। प्रत्येक टेबल का गणना पत्रक भी गणनाा अभिकर्ताओं को दिया जाएगा। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर आई.एल.ठाकुर, प्रदीप कुमार साहू, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं एसडीएम जशपुर प्रशांत कुशवाहा एवं एन.के. पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# नशे में धुत्त मत्स्य विभाग के निरीक्षक ने किया सड़क हादसा, थाने मे आरोपी को अज्ञात बताया, प्रार्थी के दबाव के 3 घंटे बाद हुआ नामजद एफआईआर

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



एक वाहन चालक द्वारा तेजी एवं लापरवाही पूर्वक कार चलाते हुए भाटापारा शहर के बस स्टैंड में रोड किनारे खड़े हेक्टर कार क्र. CG29 8359 एवं मारुति ईको क्र. CG22 AB 5762 को ठोकर मार दिया गया है, जिससे एक आदमी को गंभीर रूप से चोट आई है, कि सूचना पर निरीक्षक रितेश मिश्रा प्रभारी यातायात भाटापारा एवं थाना भाटापारा शहर पेट्रोलिंग टीम द्वारा घंटो बाद अस्पताल पहुंचाया गया एवं आरोपी को उसके वेन्यू कार क्र. CG 09 JL 6888 सहित पकड़कर थाना भाटापारा शहर लाया गया। प्रकरण में प्रार्थी चंदू वर्मा की रिपोर्ट पर थाना भाटापारा शहर में अपराध क्र. 270/2024 धारा 279,337 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**शहर थाना कर रहा था प्रकरण में लीपा पोती-** हाई प्रोफाइल इस सड़क हादसे में संबंधित आरोपी जो की सरकारी कर्मचारी है अपनी पहुंच का हवाला दिखाते हुए लगातार थाने में फोन कॉल करवा रहा था। उक्त आरोपी से पूरा शहर थाना प्रभावित दिखाई दे रहा था, आश्चर्य की बात यह है कि सैकड़ो लोगों के समक्ष इतने बड़े भीषण सड़क हादसे के बाद भी घंटो तक FIR दर्ज नहीं की जा रही थी,जो संदेह को उत्पन्न करता है।

**आरोपी स्वयं को बता रहा था उपमुख्यमंत्री का करीबी-** स्थानीय बस स्टैंड में सड़क हादसे के बाद लोगों ने उक्त आरोपी का वीडियो बनाया। घटना के बाद प्रार्थी चंदू वर्मा ने बताया कि आरोपी संजय चंद्रवंशी अपने आप को उपमुख्यमंत्री का करीबी बता रहा था। यातायात थाना प्रभारी को बस्तर ट्रांसफर की धमकी दे रहा था,घटना के बाद खुलेआम कह रहा था कि कोई मेरा कुछ भी नहीं बिगाड़ सकता।

**आरोपी है मत्स्य विभाग सिमगा मे पदस्थ-**आरोपी कार चालक से पूछताछ किया गया, जिसमें उसने अपना नाम संजय चंद्रवंशी वर्तमान निवासी जीएडी कॉलोनी सिमगा बताया। तत्पश्चात आरोपी का शराब सेवन कर कार चलाने के अंदेशा से मेडिकल मुलाहिजा कराया गया, जिसमें आरोपी कार चालक द्वारा शराब सेवन कर लापरवाही एवं खतरनाक ढंग से कार चलते हुए सड़क किनारे खड़ी आशीष जायसवाल एवं रंजीत नामदेव की कार एवं अन्य वाहनों को ठोकर मारकर एक आदमी को गंभीर चोंट पहुंचाना पाया गया। प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध पृथक से धारा 185 MV Act भी जोडकर कार्रवाई करते हुए कार जप्त किया गया है। पूछताछ पर यह भी पता चला कि आरोपी शासकीय कर्मचारी है तथा मत्स्य विभाग सिमगा में निरीक्षक के पद पर पदस्थ है।

## मतगणना के लिए सभी अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें

# कलेक्टर ने मतगणना के तैयारी के संबंध में ली बैठक, मतगणना के लिए सभी बेहतर तैयारी रखें

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ रवि मित्तल रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एव मतगणना कार्य से जुड़े नोडल अधिकारियों की मतगणना तैयारी के संबंध में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक ली। उन्होंने कहा कि मतगणना के लिए सभी अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। मतगणना के लिए सभी अच्छी तैयारी रखें। सावधानी सजगता के साथ स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप मतगणना का कार्य निष्पक्ष तरीके से होना चाहिए। टीम भावना से अच्छा कार्य करें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ रवि मित्तल ने सभी अधिकारियों को मतगणना की तैयारी के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप मतगणना का कार्य सजगता एवं सर्तकता से करना है। मतगणना के दौरान मतगणना कक्ष में मोबाईल प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने अधिकारियों को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा एजेंट के आने जाने तथा आवश्यक जानकारी से अवगत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मतगणना की तैयारी के लिए सभी अधिकारियों को अच्छी तरह प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मौसम की मिजाज को देखते हुए टेंट पंडाल में वॉटरफ्रुंफ की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश पीडब्ल्यूडी विभाग को दिए। उन्होंने बिजली विभाग को मतगणना के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित न हो इसके लिए जनरेटर सहित अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने की निर्देश दिए। कलेक्टर ने गर्मी मौसम को देखते हुए मतगणना हॉल में एसी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएचई विभाग को पानी की समुचित व्यवस्था करने कहा। खाद्य विभाग को चाय नाश्ता एवं भोजन की व्यवस्था करने कहा। उन्होंने मतगणना स्थल पर कार्य करने के लिए अधिकारी कर्मचारियों को ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप कुमार साहू, सर्व रिटर्निंग ऑफिसर एवं संबंधित विभाग के नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

# किराना दुकान में चोरी का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे, 45 हजार का सामान हुआ बरामद

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



लगभग एक माह पूर्व सिंघोड़ा थाना अंतर्गत ग्राम खम्हारपाली में हुए चोरी के मामले में पुलिस के द्वारा एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। थाना से मिली जानकारी अनुसार पुलिस अधीक्षक महासमुंद निर्देशानुसार थाना सिंघोडा के अंतर्गत ग्राम खम्हारपाली में विगत 27 अप्रैल को हुए चोरी के अज्ञात आरोपी की पतासाजी की जा रही थी। उक्त मामले में खम्हारपाली का एक संदेही अजय भोई घटना दिनांक से फरार था, जिसकी पतासाजी हेतु मुखबिर को लगाया गया था। मुखबिर से सूचना मिली कि उक्त संदेही गांव से बस में चढ़ने के लिए रोड की ओर जा रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी महेश साहू के मार्गदर्शन में तत्काल पुलिस टीम के द्वारा संदेही अजय भोई को एनएच 53 पर ग्राम पैकिन के पास से पकड़ कर थाना लाया गया। पूछताछ करने पर उसने बताया कि अपराध में चोरी हुए सामान को एक स्थान में गड़ाकर छुपा कर रखा है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने उक्त स्थान से 20 टीन तेल, 26-26 किलोग्राम की 03 बोरी चाहत कम्पनी का चावल, 01 पैकेट लक्स कम्पनी का साबुन कुल कीमत 45 हजार रुपए को बरामद किया।

# संजीवनी CBCC कैंसर हॉस्पिटल

## द्वारा 31 मई विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जनहित में जारी

## कैंसर के शुरुवाती लक्षण

- मुंह के ना भरने वाले छाले, मसूड़ों से खून आना
- गले, शरीर या स्तन में कोई गांठ
- आवाज में बदलाव, खाना निगलने में कठिनाई
- लंबी खांसी, खांसी में खून, सांस लेने में कठिनाई
- अकारण वजन कम होना, भूख ना लगना
- मल, मूत्र या बच्चेदानी के रास्ते से खून आना

उपरोक्त लक्षण दिखाई देने पर तुरंत कैंसर स्क्रीनिंग टेस्ट करवाएं




## हमारे कैंसर विशेषज्ञ

### डिपार्टमेंट ऑफ सर्जिकल ऑन्कोलॉजी



**डॉ. यूसुफ़ मेमन** — MBBS, MS, FSOG, FIAGES, FMAS, डायरेक्टर एवं सीनियर कैंसर सर्जन

**डॉ अर्पण चतुर्मोहता** — MS, MCh, FIAGES, सीनियर कैंसर सर्जन

**डॉ दिवाकर पांडेय** — MS, MCh, DNB, FACS, सीनियर कैंसर सर्जन

**डॉ. विवेक पटेल** — MBBS, MS, MCh, सीनियर कैंसर सर्जन

**डॉ कल्याण पांडेय** — MBBS, MS, MCh, सीनियर कैंसर सर्जन

**डॉ रुद्र प्रताप सिंह** — MS, DNB (ORTHOPEDICS), ऑर्थोपेडिक कैंसर सर्जन

### डिपार्टमेंट ऑफ मेडिकल ऑन्कोलॉजी



**डॉ विकास गोयल** — MD, DM (HAEMATOLOGY), रक्त रोग एवं ब्लड कैंसर विशेषज्ञ

**डॉ अनिकेत ठोके** — MD, DNB, ESMO, कीमोथेरेपी विषेशज्ञ

**डॉ राकेश मिश्रा** — MBBS, MD, DM, मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट

### रेडिएशन ऑन्कोलॉजी



**डॉ रमेश कोठारी** — MBBS, MD, DMRT, रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट

**डॉ सतीष देवांगन** — MBBS, MD, रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट

### डिपार्टमेंट ऑफ न्यूक्लियर मेडिसीन एंड रेडियोलॉजी



**डॉ सरीन कृष्णा** — MBBS, MD (NUCLEAR MEDICINE), कंसल्टेंट, न्यूक्लियर मेडिसिन

**डॉ विलास मेश्राम** — MBBS, MD (NUCLEAR MEDICINE), कंसल्टेंट, न्यूक्लियर मेडिसिन

**डॉ शुभम असरानी** — MBBS, MD (Radiology), रेडियोलॉजिस्ट

- पेट स्कैन, सीटी स्कैन
- SPECT (गामा कैमेरा)
- आयोडीन थैरेपी
- स्ट्रेस थैलियम, HIDA
- बोन, रेनल, थायराइड स्कैन
- डिजिटल मैमोग्राफी
- DTPA, DMSA, EC स्कैन

### पेन, पैलिएटिव एंड सपोर्टिव मेडिसीन



**डॉ. अविनाश तिवारी** — MD (Palliative Medicine), पेन व पैलिएटिव मेडिसिन विशेषज्ञ

**डॉ. नलनेश शर्मा** — BPT, MS (CLINICAL REHABILITATION), फिजियोथैरेपिस्ट

### कैंसर के इलाज के लिए संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल ही क्यों ?

- 50 डॉक्टर, 20 कैंसर और संबद्ध विशेषज्ञ, एवं 350 स्टॉफ की अनुभवी टीम
- मरीजों के सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण इलाज के लिए NABH से पूर्ण मान्यता प्राप्त
- NABH, छत्तीसगढ़ शासन, FCI, NMDC, SECL, CSEB, NTPC, Railway, SAIL, BSP, ESIC, BSKY (बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना, ओडिशा), आयुष्मान भारत, खूबचंद बघेल एवं सभी इंश्योरेन्स संस्थाओं से मान्यता प्राप्त ।

### डिपार्टमेंट ऑफ क्रिटिकल केयर एंड एनेस्थीसिया



**डॉ. हितेन मिस्त्री** — MBBS, MD (ANAESTHESIA)

**डॉ. राहुल गोयल** — MBBS, MD(ANAESTHESIA) FNB

**डॉ. फिरोज मेमन** — MD (MEDICINE), डायबेटोलॉजिस्ट एवं नॉन इनवेसिव कार्डियोलॉजिस्ट

**डॉ योशिता मूलचंदानी** — MBBS, MD (ANAESTHESIOLOGY)

### डिपार्टमेंट ऑफ पैथोलॉजी



**डॉ पार्वती जोशी** — MD (Path), PGI Chandigarh

**डॉ आमिर हुसैन** — MD (PATHOLOGY)

दावड़ा कॉलोनी, पचपेड़ी नाका, रायपुर (छ.ग.), +917389905010, +917389904010, +917714081010, 4061010


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403